www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

03 फरवरी, 2025
माघ, शुक्ल पक्ष, पंचमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 10, अंक 106







# आज महाकुंभ का तीसरा अमृत स्नान

## तीन करोड़ श्रद्धालु लगायेंगे डुबकी



- संगम घाट पर 28 नये स्थानों की पहचान
- प्रयागराज में वाहनों का प्रवेश रोका गया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**प्रयागराज।** महाकुंभ का तीसरा अमृत स्नान सोमवार को है। इसके लिए व्यवस्था चाक-चौबंद की गयी है। इधर दो दिनों की राहत के बाद रविवार को फिर आस्था का रेला उमड़ा। एक दिन में एक करोड़ लोगों ने संगम में डुबकी लगायी। इधर वसंत पंचमी अमृत स्नान के दिन चार करोड़ से अधिक लोगों के स्नान करने की उम्मीद की जा रही है। शनिवार शाम से ही संगम आने वाले मार्गों पर स्नानार्थियों का रेला उमड़ने लगा है। इससे पहले दूसरे अमृत स्नान, यानी मौनी अमावस्या के दिन करीब आठ करोड़ लोगों ने संगम में स्नान किया था। इसके अगले दिन भी मेला क्षेत्र तथा आसपास के मार्गों पर स्नानार्थियों का रेला आता रहा। रविवार को ही पंचमी लग जाने के कारण श्रद्धालुओं का रेला काली मार्ग, बांध समेत मेला क्षेत्र के प्रमुख मार्गों तथा संगम की तरफ आने वाली सड़कों पर दोपहर से ही उमड़ने लगा।

**मेला क्षेत्र में विशेष व्यवस्था :** वसंत पंचमी के अमृत स्नान पर्व पर श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्नान कराने के लिए नये सिरे से रणनीति बनायी गयी है। उसके तहत संगम घाट पर 28 स्ट्रैटेजिक प्वाइंट बनाये गये हैं। इन प्वाइंटों पर पुलिस के साथ ही रैफ और अर्द्धसैनिक बलों के जवानों की संयुक्त टीम तैनात की गयी है। मौनी अमावस्या पर हुए हादसे को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। मौनी अमावस्या और मकर संक्रांति स्नान पर्वों पर भीड़ के प्रवाह के आधार पर इन स्थलों को चिह्नित किया गया है। इसके अलावा मौनी अमावस्या पर हुए हादसे से सबक लेते हुए कुछ अन्य व्यवस्थाएं भी की गयी हैं। संगम घाट पर सुरक्षा ड्यूटी में तैनात सभी जवानों को निर्देशित किया गया है कि किसी भी हाल में वसंत पंचमी के दिन संगम घाट पर भीड़ इकट्ठी न होने पाये। स्नान के बाद तुरंत श्रद्धालुओं को घाट छोड़ने को कहा जाये। इस बात का विशेष ख्याल रखा जाये कि अखाड़ा मार्ग पर किसी भी श्रद्धालु का आवागमन न हो। श्रद्धालु अपनी निर्धारित लेन से ही स्नान करने जायें और फिर पूर्व निर्धारित योजना के अनुसार ही वापसी करें।

### मेला में पांच और एसडीएम तैनात

**मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर हुए हादसे के बाद सरकार ने सतर्कता बढ़ा दी है। इसी क्रम में शासन की ओर से मेला क्षेत्र में कुंभ 2019 में प्रयागराज के मंडलायुक्त रहे आशीष गोयल तथा पीडीए के उपाध्यक्ष तथा डीएम रहे भानु चंद्र गोस्वामी के साथ पांच विशेष सचिवों की नियुक्ति पहले ही की जा चुकी है। इसके अलावा पीसीएस स्तर के पांच और अफसरों की मेले में तैनाती की गयी है। ये अफसर महाकुंभ आयोजन को बेहतर बनाने में सहयोग करेंगे।**

### मुख्यमंत्री ने दुमका में झामुमो के स्थापना दिवस समारोह में दोहराया संकल्प

# हर हाल में करेंगे आदिवासियत की रक्षा: हेमंत सोरेन

**पार्टी की रैली में तीर-धनुष लेकर शामिल हुए हजारों हजार लोग**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**दुमका।** मुख्यमंत्री सह झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने रविवार को यहां गांधी मैदान में पार्टी का झंडा फहरा कर पार्टी के 46वें स्थापना दिवस समारोह का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि झामुमो मात्र राजनीतिक संगठन नहीं, आदिवासियत की पहचान है। उन्होंने कहा कि वह हर कीमत पर आदिवासियत की रक्षा करेंगे। पार्टी का यह स्थापना दिवस 'झारखंड दिवस' के रूप में आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कार्यक्रम में भाग लेने के लिए शाम को दुमका पहुंचे। उनके साथ उनकी पत्नी सह गांडेय विधायक कल्पना सोरेन भी थीं। हवाई अड्डे पर उनका भव्य स्वागत किया गया और गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। हवाई अड्डा से मुख्यमंत्री सीधे खिजुरिया गांव स्थित अपने आवास पर पहुंचे। वहां से वह गांधी मैदान पहुंचे और पार्टी का झंडा फहराया। इस मौके पर राजमहल सांसद विजय हांसदा और दुमका विधायक बसंत सोरेन के नेतृत्व में एक रैली निकाली गयी, जिसमें हजारों की संख्या में महिला और पुरुष शामिल हुए। यह रैली संथाल परगना महाविद्यालय मैदान से निकल कर गांधी मैदान पहुंची। रास्ते में सांसद और विधायक ने शहीद सिदो-कान्हू और वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर संथाल परगना से झामुमो के सभी विधायक और सांसद मौजूद थे।

**चाइबासा के टोंटो में 1837 विद्रोह के महानायकों को श्रद्धांजलि दी :** इससे पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चाइबासा के टोंटो प्रखंड स्थित सेरेंगसिया में 1837 विद्रोह के महानायकों के सम्मान में आयोजित शहादत दिवस समारोह में शामिल हुए। उन्होंने अमर वीर शहीदों को नमन किया और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने समारोह में लगभग चार अरब 12 करोड़ 24 लाख 96 हजार रुपये की लागत से 246 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने इस अवसर पर विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के 54 हजार 946 लाभार्थियों के बीच तीन अरब 62 करोड़ 80 लाख 99 हजार रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया और 135 लोगों को नियुक्ति पत्र सौंपा।

मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्वजों की तपस्या, त्याग और बलिदान की बदौलत आदिवासियों को आज एक अलग पहचान और ताकत मिली है। उन्होंने आदिवासियों को आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक रूप से मजबूत होने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमें आदिवासी होने पर फख्र है। हमें अपने शहीदों और आंदोलनकारियों पर गर्व है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब देश की आजादी की लड़ाई शुरू भी नहीं हुई थी, उस दौरान हर लिहाज से ताकतवर अंग्रेजी फौज के खिलाफ आदिवासियों ने संघर्ष करते हुए अपना लोहा मनवाया था। देश के स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासियों के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। लेकिन आज भी सामंती ताकतों के खिलाफ आदिवासियों का संघर्ष जारी है। हम अपने आदिवासियों से आग्रह करते हैं कि वे अपने बच्चों को अच्छे से पढ़ा-लिखा कर उनका भविष्य बनायें।

मुख्यमंत्री ने कहा, झारखंड वीरों और शहीदों की धरती रही है। इस राज्य ने इतने बलिदान दिये हैं कि यहां सालों भर शहादत दिवस मनाने की परंपरा है। नये वर्ष की पहली तारीख को खरसावां गोलीकांड के शहीदों को नमन करने के साथ इसकी शुरुआत हो जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार शहीदों और उनके आश्रितों को सम्मान के साथ हक-अधिकार दे रही है।

**पैसे कहां खर्च करने हैं, सरकार रास्ता दिखायेगी :** मुख्यमंत्री ने महिलाओं को आगाह किया कि वे उन लोगों से सावधान रहें, जो लोभ, लालच और झांसा देकर सरकार से आपको मिल रहे पैसे पर अपनी नजर गड़ाये हुए हैं। उन्होंने महिलाओं को भरोसा दिलाया कि वे अपने पैसे कहां और कैसे खर्च करेंगी, अब सरकार राह दिखायेगी। उन्होंने जिला प्रशासन से कहा कि महिलाओं को आर्थिक गतिविधियों से जोड़ने के लिए कार्य योजना बनायें तथा गांव और पंचायत स्तर पर कार्यशाला आयोजित कर उन्हें स्वावलंबी बनाने की दिशा में कार्य करें।

**गरीबों को पैरों पर खड़ा करने की जरूरत है :** मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि गरीबों को सिर्फ मदद की ही नहीं जरूरत है, बल्कि उन्हें उनके पैरों पर खड़ा करना है। इसके लिए उन्हें आर्थिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से मजबूती देना जरूरी है।

ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर मंत्री दीपक बिरुआ, मंत्री रामदास सोरेन, सांसद जोबा मांझी, विधायक कल्पना सोरेन, निरल पूर्ति, सोनाराम सिंकू, जगत मांझी, जिला परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सुरीन, प्रमंडलीय आयुक्त हरि प्रसाद केशरी, उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक प्रमुख रूप से मौजूद थे।



### अलग राज्य के लिए लंबा संघर्ष करना पड़ा, कई ने शहादत दी

**मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड अलग राज्य के लिए हमें लंबा संघर्ष करना पड़ा। दिशोम गुरु शिबू सोरेन के नेतृत्व में आदिवासियों ने लगभग 40-50 वर्षों तक संघर्ष और लड़ाई लड़ी। तब जाकर झारखंड के रूप में अलग राज्य मिला। लेकिन लगभग 18-20 वर्षों तक जिन्होंने यहां शासन किया, उन्हें राज्य के विकास तथा आदिवासियों की चिंता नहीं रही। लेकिन जिस तरह हमने लड़ कर झारखंड लिया, उसी तरह लड़कर हक और अधिकार भी लेंगे।**

### झारखंड के खनिज संसाधनों से पूरा देश हो रहा रोशन

**मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के खनिज संसाधनों से देश का खजाना भर रहा है। यहां के खनिज से पूरा देश रोशन हो रहा है। लेकिन आज भी यह राज्य देश के सबसे पिछड़े राज्यों में गिना जाता है। इसकी वजह अलग राज्य बनने के बाद भी विकास पर ध्यान नहीं दिया गया। लेकिन जब से हमारी सरकार है, इस राज्य को आगे ले जाने का प्रयास निरंतर जारी है।**

### आधी आबादी को सम्मान देने के साथ बना रहे सशक्त

**मुख्यमंत्री ने कहा कि 2019 में आपके समर्थन से हमारी सरकार बनी। लेकिन सरकार को पूरे कार्यकाल के दौरान कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा। 2024 में आपके आशीर्वाद से एक बार फिर हमें मजबूत सरकार बनाने का मौका मिला। मैं आपको बताना चाहूंगा कि जहां केंद्र सरकार का महिलाओं के विकास के लिए लगभग 25-26 हजार करोड़ रुपये का बजट है, वहीं हमारी सरकार ने आधी आबादी को सशक्त और मजबूत बनाने के लिए हर महीने 15 अरब रुपये का प्रावधान किया है। झारखंड देश का पहला राज्य है, जो बहन -बेटियों को हर महीने 25-25 सौ रुपये सम्मान राशि के रूप में दे रहा है।**






# टंडवा में एनआइए गवाह की गला रेत कर हत्या

**घर से उठा कर जंगल ले गये नक्सली**

**मां को घर के पास पेड़ से बांध कर रखा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**टंडवा।** हथियारबंद नक्सलियों ने रविवार को लेंबुआ गांव निवासी भुनेश्वर साहू उर्फ बिसुन साव की हत्या कर दी। वह एक मामले में एनआइए के गवाह थे और इलाके में उनकी पहचान समाजसेवी के रूप में थी। एसपी विकास पांडेय ने घटना की पुष्टि की है और दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी का दावा किया।



जानकारी के अनुसार बिसुन साव हर दिन पदमपुर के पाही स्थित अपने घर पर मवेशियों की देखभाल के लिए जाते थे। उस घर में उनके माता-पिता रहते थे। रविवार की सुबह बिसुन साव वहां पहुंचे, तो हथियारबंद नक्सलियों ने उनके घर को घेर लिया। उनकी मां शीतली देवी को पास के पेड़ में बांध दिया और बिसुन साव को साथ लेकर चले गये। इसकी जानकारी पुलिस को मिली, तो उसने इलाके में तलाशी अभियान चलाया। करीब तीन किलोमीटर दूर धमधमिया जंगल की पहाड़ी पर सिर कटा शव पुलिस ने बरामद किया। पास में ही सिर भी बरामद किया गया। पुलिस ने घटनास्थल से एक तलवार, गमछा और बाल्टी भी बरामद किया है।

घटना की सूचना मिलते ही एसपी, एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार और अन्य वहां पहुंचे। डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम ने वहां से साक्ष्य और नमूने एकत्र किये। एसपी ने कहा कि इस घटना में किसी आपराधिक गिरोह का हाथ है, क्योंकि बिसुन साव के घर पर धावा बोलनेवाले नकाबपोश थे। नक्सली ऐसा नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए इलाके में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार करेगी।

# 'लिट्टी विथ मांझी' में जुटे बिहार एनडीए के नेता

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के आवास पर आयोजित 'लिट्टी विथ मांझी' कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम ने एनडीए नेताओं को एक मंच पर लाकर एकजुटता और सहयोग का मजबूत संदेश दिया। इस खास अवसर पर राज्यपाल ने लिट्टी-चोखा का आनंद लिया। भाजपा के कई वरिष्ठ नेता भी इस पार्टी का हिस्सा बने। यह कार्यक्रम राज्य की राजनीतिक गर्मी के बीच एक सामूहिक माहौल बनाने के लिए आयोजित किया गया था। यह केवल सामाजिक और राजनीतिक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि इसका उद्देश्य एनडीए नेताओं को एक मंच पर लाकर एकजुट करना था।











# अंडर 19 क्रिकेट में भारत की बेटियां बनी विश्व चैंपियन

**फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराया, पूरी प्रतियोगिता में अपराजेय रही टीम**

**एजेंसी**

**क्वालालंपुर।** अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप के फाइनल मुकाबले में टीम इंडिया ने दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से हरा कर लगातार दूसरी बार खिताब जीत लिया है। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीकी टीम सिर्फ 82 रनों पर आउट हो गयी। जवाब में भारतीय टीम ने सिर्फ एक विकेट गंवा कर इस लक्ष्य को हासिल कर लिया। इस प्रतियोगिता में भारतीय टीम की यह लगातार छठी जीत थी। इससे पहले भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में इंग्लैंड को आसानी से नौ विकेट से हरा कर फाइनल का टिकट कटाया था। भारतीय टीम ने साल 2023 में भी शेफाली वर्मा की कप्तानी में इस ट्रॉफी पर कब्जा जमाया था। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल मुकाबले में गेंदबाजों के कमाल के बाद भारतीय बल्लेबाजों ने भी कमाल का प्रदर्शन किया। 82 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम इंडिया ने सिर्फ एक विकेट गंवाया।



### गेंदबाजों के दम पर जीती टीम

**भारतीय गेंदबाजों ने महिला अंडर 19 टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में कमाल का प्रदर्शन किया। फाइनल में भारत की ओर से जी त्रिशा ने सबसे ज्यादा तीन विकेट हासिल किये, वहीं वैष्णवी, आयुषी और परुनिका सिसौदिया ने दो-दो विकेट अपने नाम किये। शबनम शकील को एक विकेट मिला।**

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 77,500 रु./10 ग्राम
चांदी 98,000 रु./प्रति किलो



# झारखंड मुक्ति मोर्चा... और कारवां बनता गया

## ■ तमाम अवरोधों के बावजूद लगातार आगे बढ़ती रही पार्टी

## ■ शोषणमुक्त झारखंड के लिए अनवरत संघर्ष करते रहे शिबू सोरेन

## ■ हेमंत सोरेन ने पार्टी को नया कलेवर दिया, नयी ऊंचाइयां दीं, सम्मान दिलाया

आजाद सिपाही विशेष

*हम अकेले ही चले थे जानिब-ए-मंजिल मगर,*
*लोग साथ आते गये और कारवां बनता गया।*

हिंदी और उर्दू के प्रख्यात शायर मजरूह सुल्तानपुरी की ये चर्चित पंक्तियां 15 नवंबर, 2000 को आजाद भारत के राजनीतिक नक्शे पर 28वें राज्य के रूप में उभरे झारखंड की सबसे बड़ी पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा और इसके निर्विवाद नेता शिबू सोरेन पर एकदम सटीक बैठती हैं। 1972 में सूदखोरों और महाजनों के खिलाफ जनांदोलन के नायक रहे शिबू सोरेन ने विनोद बिहारी महतो और एके राय के साथ मिल कर झारखंड मुक्ति मोर्चा की नींव रखी थी, तब उनका एक ही सपना था, अलग झारखंड राज्य। अपने इस सपने को साकार करने के लिए शिबू सोरेन ने जहां अपना सब कुछ होम कर दिया, वहीं उनकी पार्टी झामुमो आज न केवल झारखंड की, बल्कि पूर्वी भारत की सबसे ताकतवर क्षेत्रीय पार्टी बन चुकी है। इतना ही नहीं, झामुमो देश की इकलौती ऐसी क्षेत्रीय पार्टी है, जिसने राष्ट्रीय पार्टियों का दबाव झेला, विभाजनों का इतना दंश झेला, लेकिन अपने लक्ष्य से कभी नहीं भटकी। पार्टी के इस सफर में शिबू सोरेन को कई बार कठिन अग्नि परीक्षाओं के दौर से गुजरना पड़ा, कई झंझावात झेलने पड़े, लेकिन हर बार वह और निखर कर सामने आये। साथ ही झारखंड मुक्ति मोर्चा को नया मुकाम दिया। दूसरे शब्दों में कहा जाये, तो झामुमो शिबू सोरेन की वह विरासत है, जिसकी पहचान उनके बिना पूरी नहीं हो सकती। अब शिबू सोरेन के खून-पसीने से सींची गयी इस पार्टी को आगे ले जाने की जिम्मेवारी हेमंत सोरेन के युवा कंधों पर है। हेमंत सोरेन ने पार्टी को नयी ऊंचाइयां दी हैं, नया मुकाम दिया है। उन्होंने भी इसकी कम कीमत नहीं चुकायी है। राजनीतिक आरोप झेला, जेल भेजे गये, अपने पुराने सहयोगियों को अलग होते देखा। हेमंत सोरेन ने इतना कुछ झेलने के बावजूद कभी पार्टी को रास्ते से भटकने नहीं दिया। आज जब झामुमो अपना स्थापना दिवस मना रहा है, इस पार्टी के इतिहास और झारखंड में इसके महत्व को जानना जरूरी भी है और बेहद रोमांचक भी। क्या है झामुमो और क्या है इस पार्टी की जड़, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

झारखंड के लोगों के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा का नाम अब हर किसी की जुबान पर है। लेकिन बहुत कम लोगों को यह पता होगा कि इसका नाम 1971 में बांग्लादेश की आजादी के लिए लड़नेवाली मुक्ति वाहिनी की तर्ज पर रखा गया था। वह दौर संथाल परगना में चल रहे उस जनांदोलन का था, जो सूदखोरों और महाजनों के खिलाफ था और जिसके नायक शिबू सोरेन थे। तब अलग झारखंड राज्य की मांग झारखंड पार्टी कर रही थी। शिबू सोरेन ने 1967 में बिहार प्रोग्रेसिव हूल झारखंड पार्टी बनायी, लेकिन अलग झारखंड राज्य के लिए उनका संघर्ष 2 फरवरी, 1972 को उस समय शुरू हुआ, जब विनोद बिहारी महतो और एके राय के साथ मिल कर उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा की नींव रखी। साथ में थे निर्मल महतो और टेकलाल महतो।

झामुमो के स्थापना के मौके पर अपने संबोधन में गुरुजी ने कहा था, मुझे झारखंड मुक्ति मोर्चा का महासचिव बनाया गया है। पता नहीं मैं इस योग्य हूं भी या नहीं। लेकिन मैं अपने मृत पिता की सौगंध खाकर कहता हूं कि शोषणमुक्त झारखंड के लिए अनवरत संघर्ष करता रहूंगा। हम लोग दुनिया के सताये हुए लोग हैं। अपने अस्तित्व के लिए हमें लगातार संघर्ष करते रहना पड़ा है। हमें बार-बार अपने घरों से, जंगल से और जमीन से उजाड़ा जाता है। हमारे साथ जानवरों जैसा बर्ताव किया जाता है। हमारी बहू-बेटियों की इज्जत से खिलवाड़ किया जाता है। दिकुओं के शोषण, उत्पीड़न से परेशान होकर हमारे लोगों को घर-बार छोड़ कर परदेस में मजदूरी करने जाना पड़ता है। हरियाणा-पंजाब के ईंट भट्ठों में, असम के चाय बागानों में, पश्चिम बंगाल के खलिहानों में मांझी, संथाली औरतें, मरद मजूरी करने जाते हैं। वहां भी उनके साथ बंधुआ मजदूरों जैसा व्यवहार किया जाता है। यह बात नहीं कि हमारे घर, गांव में जीवन यापन करने के साधन नहीं, लेकिन उन पर बाहर वालों का कब्जा है। झारखंड की धरती का, यहां की खदानों का दोहन कर, उनकी लूट-खसोट कर नये शहर बन रहे हैं। जगमग आवासीय कॉलोनियां बन रही हैं और हम सब गरीबी-भुखमरी के अंधकार में धंसे हुए हैं। लेकिन अब यह सब नहीं चलेगा। हम इस अंधेरगर्दी के खिलाफ संघर्ष करेंगे।




शिबू सोरेन का यह ऐतिहासिक भाषण झामुमो के उस लक्ष्य को साफ-साफ परिभाषित करता है, जिसमें सिर्फ और सिर्फ झारखंड और यहां के आदिवासियों की मुक्ति की बात है। झामुमो की स्थापना से पहले शिबू सोरेन टुंडी में रह कर जनांदोलन का नेतृत्व कर रहे थे। इस क्रम में उन्होंने इलाके को नशामुक्त और शिक्षित बनाने के लिए एक सामाजिक अभियान भी चलाया। राजनीतिक पारी की शुरुआत में उन्होंने खदान मजदूरों के लिए संघर्ष किया। इनमें से ज्यादातर गैर-आदिवासी थे, लेकिन शिबू सोरेन को इससे कोई अंतर नहीं पड़ा। वह आज भी कहते हैं कि शोषितों-पीड़ितों का एक ही वर्ग होता है और वह हमेशा इस वर्ग के साथ हैं।

झामुमो जब अस्तित्व में आया, तब इसे संथालों की पार्टी कहा जाता था। संथाल जनजाति झारखंड की आदिवासी जनसंख्या का सबसे बड़ा हिस्सा है और संथाल परगना को झारखंड की राजनीति का केंद्रबिंदु भी कहा जाता है, लेकिन समय के साथ इसने खुद को सभी आदिवासी जनजातियों का प्रतिनिधि बना लिया।

झामुमो और खास कर शिबू सोरेन हमेशा झारखंड के निर्विवाद नेता रहे। इसलिए वह राष्ट्रीय पार्टियों की आंख की किरकिरी बने रहे। कांग्रेस और भाजपा ने हमेशा झामुमो को अपने हितों को साधने के लिए इस्तेमाल किया। निश्छल और निष्कपट स्वभाव के शिबू सोरेन ने वह सब कुछ किया, जो झारखंड और यहां के लोगों के हितों के लिए उपयुक्त था। राजनीतिक दांव-पेंच और राष्ट्रीय दलों की खुंटचाल के कारण अलग राज्य का उनका सपना पूरा नहीं हो रहा था। तब शिबू सोरेन ने अलग राज्य के आंदोलन को धार दी और अंततः 15 नवंबर, 2000 को उनका सपना पूरा हुआ।

अपने इस सपने को पूरा करने के लिए शिबू सोरेन ने जो कुछ झेला, वह इतिहास के पन्नों में दर्ज है। सामूहिक हत्या से लेकर रिश्वतखोरी तक के आरोप उन्हें झेलने पड़े। चिरूडीह नरसंहार कांड, शशिनाथ झा हत्याकांड, सांसद रिश्वत कांड और कोयला घोटाले तक में उन्हें घसीटा गया, लेकिन हर बार वह बेदाग साबित हुए। इस दौरान झामुमो को तोड़ने की कई बार कोशिश की गयी। कभी कृष्णा मार्डी तो कभी सूरज मंडल, तो कभी शैलेंद्र महतो को शिबू सोरेन से अलग किया गया, लेकिन गुरुजी न कभी डिगे और न ही कभी रुके।

दिशोम गुरु शिबू सोरेन का संघर्ष हमेशा प्रेरित करता है। उनकी सादगी विरल है। उनकी आंखें अब भी उतनी ही सपनीली हैं, जितनी पहले हुआ करती थीं। बदलाव के तमाम झंझावातों और दबावों में वह आज भी कई मायनों में पहले जैसे ही हैं। एक व्यक्ति और एक राजनेता के रूप में उनके जीवन में इतने उतार-चढ़ाव आये हैं कि कभी-कभी आश्चर्य होता है कि इतना सब कुछ एक ही व्यक्ति के साथ घटित कैसे हो पाया।

आज शिबू सोरेन की पार्टी लोकप्रियता के उस मुकाम पर है, जहां पहुंचने के लिए एक जीवन कम पड़ता है। इस सपने को आगे ले जाने की चुनौती शिबू सोरेन के पुत्र हेमंत सोरेन के युवा कंधों पर है और वह इस चुनौती का सफलतापूर्वक निर्वहन भी कर रहे हैं। हेमंत सोरेन ने पार्टी को नयी ऊंचाइयां दी हैं, नया मुकाम दिया है। लेकिन ऐसा नहीं है कि हेमंत सोरेन को यह सब कुछ आसानी से हासिल हो गया। हेमंत सोरेन ने भी वह सब कुछ झेला, जो उनके पिता और राजनीतिक गुरु शिबू सोरेन भी झेल चुके थे। बड़ी राष्ट्रीय पार्टियों का दबाव, झूठे आरोप, पार्टी तोड़ने की साजिश और गिरफ्तारी जैसी चुनौतियों को हेमंत सोरेन ने भी झेला और उन्हें पराजित किया। हेमंत सोरेन न असफलताओं से घबराये और न सफलताओं से बौराये। आज झारखंड के सवा तीन करोड़ लोगों के सपनों को पंख लगाने का भार भी उन पर ही है। स्थापना दिवस पर झारखंड मुक्ति मोर्चा और राज्य की जनता यही उम्मीद करती है कि शिबू सोरेन की शानदार विरासत को हेमंत सोरेन नयी ऊंचाइयां देंगे।

# बजट विकास को नयी ऊर्जा प्रदान करेगा : अन्नपूर्णा देवी

## पीएम मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में विकसित भारत की संकल्प सिद्धि में यात्रा को गति देगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बजट घोषणा पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी द्वारा संसद में पेश किया गया 2025-26 का बजट, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की सिद्धि की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करने वाला है। उन्होंने कहा कि यह सर्वसमावेशी बजट न सिर्फ भारत के वर्तमान को संवारेगा बल्कि आने वाले वर्षों में देश की प्रगति की राह को भी रोशन करेगा। जीवाइएएन यानी, गरीब, युवा, अन्नदाता किसान एवं नारीशक्ति के हितों को केंद्र में रखकर निर्मित यह सर्वस्पर्शीय बजट प्रत्येक वर्ग के लिए अत्यंत ही लाभदायक सिद्ध होगा। साथ ही यह बजट विकास के नये आयाम स्थापित करेगा। इस भविष्योन्मुखी एवं लोक कल्याणकारी केंद्रीय बजट की सौगात के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री एवं वित्तमंत्री का आभार व्यक्त किया। बजट अभिभाषण में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की है कि पोषण सहायता के लागत मानदंडों को



उपयुक्त रूप से बढ़ाया जायेगा। वित्त मंत्री ने यह भी बताया कि सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 कार्यक्रम के तहत पूरे देश में 8 करोड़ से अधिक बच्चों, 1 करोड़ गर्भवती महिलाओं और धातृ माताओं तथा आकांक्षी जिलों और पूर्वोत्तर क्षेत्र में लगभग 20 लाख किशोरियों को पोषण सहायता प्रदान की जाती है।

अन्नपूर्णा देवी ने यह भी उल्लेख किया कि पूरक पोषण कार्यक्रम, मिशन पोषण 2.0 का एक अभिन्न घटक है, जिसके तहत 6 महीने से 6 वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धातृ माताओं तथा 14 से 18 वर्ष की किशोरियों को पोषण पूरकता प्रदान की जाती है। इसका उद्देश्य पोषक तत्वों की कमी को पूरा करना और कुपोषण से निपटना है।

मंत्री ने बताया कि इस बजट में महिलाओं और बच्चों में कुपोषण की चुनौती का समाधान करने के लिए संशोधित पोषण मानदंडों में पूरक पोषण की मात्रा और गुणवत्ता दोनों पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिसमें आहार विविधता के सिद्धांतों को अपनाया गया है। उन्होंने कहा कि यह संशोधन कुपोषण उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और यह सुनिश्चित करेगा कि समाज के कमजोर वर्गों को उचित पोषण मिले। उन्होंने कहा कि भारत सरकार आंगनवाड़ी प्रणाली को सशक्त बनाने और उच्च गुणवत्ता वाली पोषण सेवाएं प्रदान करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है, जिससे पूरे देश में स्वास्थ्य संबंधी परिणामों में सुधार हो सके।

आगे उन्होंने कहा कि अपने बजट भाषण में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने पांच लाख फर्स्ट टाइम महिला उद्यमियों / अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों से उद्यमियों के लिए दो करोड़ तक के टर्म लोन्स की भी घोषणा भी की है। उन्होंने कहा कि यह योजना स्टैंड अप इंडिया से मिली सीख को अपनाएगी और मैनेजमेंट एवं उद्यमिता में ऑनलाइन प्रशिक्षण भी शामिल करेगी और इस योजना से महिला उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा, जो वीमेन लेड डेवलपमेंट की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगा।

केंद्रीय मंत्री ने आगे बताया कि बच्चों के लिए नारी शक्ति के लिए, युवाओं के लिए, किसानों के लिए विशेष तौर पर मध्यम वर्ग और वेतनभोगी वर्ग-इन सभी के लिए यह बजट समर्पित है। पेश की गयी नयी कर व्यवस्था में 12 लाख रुपये तक की आय को आयकर से पूरी तरह मुक्त कर दिया गया है, जो एक ऐतिहासिक और क्रांतिकारी कदम है। वहीं वेतनभोगी कर दाताओं के लिए यह सीमा 75,000 की मानक कटौती के कारण 12.75 लाख रुपये होगी। उन्होंने कहा कि सभी करदाताओं को लाभ पहुंचाने के लिए आयकर स्लैबों और दरों में व्यापक बदलाव किये गये हैं।

बजट प्रावाधानों की सराहना करते हुए केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि यह बजट विकास को नयी ऊर्जा प्रदान करेगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प सिद्धि में हमारी यात्रा को गति देगा।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 15 फरवरी को बीआइटी मेसरा के प्लेटिनम जुबली समारोह में होंगी शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 15 फरवरी को झारखंड के रांची दौरे पर आयेंगी। वह भारतीय विज्ञान संस्थान (बीआइटी) मेसरा के प्लेटिनम जुबली समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में करेंगी। यह समारोह 15 फरवरी से लेकर 15 जुलाई तक चलेगा।



समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और बिरला ग्रुप के चेयरमैन भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

यह जानकारी बीआइटी मेसरा के जनसंपर्क अधिकारी द्वारा दी गयी। उन्होंने बताया कि बीआइटी मेसरा की स्थापना 1955 में हुई थी और यह संस्था 70 साल पूरे होने के अवसर पर अपने प्लेटिनम जुबली समारोह का आयोजन कर रही है। इस अवसर पर कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा, जिनमें बीआइटी मेसरा के शिक्षा, नवाचार और समाज के उत्थान में योगदान को उजागर किया जायेगा।

# केंद्रीय बजट से अल्पसंख्यक वंचित : एस अली

**झारखंड से 6 वित्त वर्ष में एक भी प्रस्ताव भारत सरकार को नही भेजा गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट पेश किया, जिसमें अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय को 3350 करोड़ रुपये आवंटन किया गया है। यह राशि पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 166 करोड़ रुपये अधिक है, पिछले बजट वित्त वर्ष 2024-25 में अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय को 3183.24 करोड़ रुपये मिले थे।

**शिक्षा के लिए 678 करोड़ रुपये का प्रावधान :** अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों को शैक्षणिक सशक्तीकरण देने के लिए केंद्र सरकार ने 678 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया है। इससे



छात्रवृत्ति, कौशल विकास और उच्च शिक्षा को प्रोत्साहन मिलेगा।

**योजनाओं और परियोजनाओं के लिए 1237 करोड़ रुपये :** केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्रालय के तहत विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं एवं परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए 1237 करोड़ रुपये आवंटित किए गये हैं। यह राशि सामाजिक और आर्थिक विकास को गति देने में सहायक होगी।

**प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम को 1913.97 करोड़ रुपये:** प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम, जो अल्पसंख्यक समुदायों के सामाजिक- आर्थिक विकास पर केंद्रित है, के लिए 1913.97 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। यह कार्यक्रम बुनियादी सुविधाओं, शिक्षा और रोजगार से जुड़े अवसरों को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभायेगा। इस बजट में अल्पसंख्यक समुदायों के समग्र विकास पर जोर दिया गया है, जिससे शिक्षा, बुनियादी ढांचे और सामाजिक योजनाओं को मजबूत किया जायेगा।

अंतिम बार झारखंड में भाजपा सरकार के कार्यकाल में झारखंड के अल्पसंख्यकों के लिए वर्ष 2019-2020 में 58 करोड़ 51 लाख रुपया मिला था।

### झारखंड के अल्पसंख्यक केंद्रीय राशि से वंचित

अल्पसंख्यक मामलो के जानकार एस अली चिंता जताते हुए बताते है कि 6 वित्त वर्ष से झारखंड के अल्पसंख्यक केंद्रीय राशि से वंचित है, चूंकि झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण प्रभाग द्वारा केंद्रीय अल्पसंख्यक योजनाओं का प्रस्ताव अल्पसंख्य कार्य मंत्रालय भारत सरकार को नहीं भेजा गया, जिसके कारण केंद्र से मिलने वाली राशि से झारखंड के अल्पसंख्यक खासकर (मुस्लिम समुदाय) वंचित रह गये और उनके शैक्षणिक, आर्थिक, समाजिक विकास से जुड़े योजनाओं पर विराम लगा हुआ है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.0 °c | 15.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.36 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 06.28 बजे | |



# नीट यूजी 2025 के विद्यार्थियों को 'बायोम-फिएस्टा' में तनावमुक्त होकर आत्मविश्वास के साथ जीने की मिली सीख

- विशेषज्ञों ने टॉपर्स टिप्स से की हौसलाअफजायी, कहा : नियमित दो से तीन घंटा ही पढ़ें पर ध्यान केंद्रित रखना जरूरी
- टार्गेट, फ्रेशर्स और फाउंडेशन बैच के टेस्ट में सर्वाधिक अंक लाने वाले 27 विद्यार्थी हुए सम्मानित, तीन को मिला लैपटॉप
- विद्यार्थियों ने पेश किया सांस्कृतिक कार्यक्रम, बैंड परफॉर्मेंस पर झूमते नजर आये छात्र-छात्राएं

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी में जुटे विद्यार्थी अक्सर तनावग्रस्त हो जाते हैं। समय पर सिलेबस खत्म न कर पाने और प्रारंभिक स्तर के टेस्ट में अगर कम नंबर आ गये तो तनाव डबल, ऐसे में तैयारी के साथ पढ़ाई पूरी कैसे होगी और परीक्षा के प्रश्न तैयारी अनुरूप होंगे या नहीं, इसे लेकर मानसिक तनाव बढ़ता जाता है। बायोम इंस्टीट्यूट ने बच्चों की इसी मनोस्थिति को बदलने और उन्हें सकारात्मक माहौल देने के प्रयास से रविवार को बायोम-फिएस्टा का आयोजन किया।

पीपी कंपाउंड स्थित गुरुनानक हाई सेक्रेंड्री स्कूल के सभागार में आयोजित बायोम फिएस्टा में इंस्टीट्यूट से नीट यूजी 2025 और नीट यूजी 2026 प्रवेश परीक्षा में शामिल हो रहे विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक तनाव से दूर करना था। साथ ही पढ़ाई के बीच मनोरंजक माहौल देकर उनकी मनोस्थिति को बदलना था, ताकि, रिफ्रेश होकर विद्यार्थी दोबारा अपनी पढ़ाई में आत्मविश्वास के साथ जुट सके। साथ ही पढ़ाई के प्रति रुचि जगे और आने वाली परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकें।



बायोम-फिएस्टा में चंदन झा, डीआइजी - एसआइबी स्पेशल ब्रांच (आइपीएस) बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ प्रकाश कुमार, कार्डियोलॉजिस्ट (रिम्स) और बायोम के एमडी पंकज सिंह उपस्थित हुए। पारंपरिक रूप से कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती एवं गणेश वंदना के साथ हुई। कार्यक्रम पर प्रकाश देते हुए बायोम इंस्टीट्यूट के एमडी पंकज सिंह ने कहा कि परीक्षा से पहले विद्यार्थियों को तनावमुक्त रहना जरूरी है। परीक्षा में बेहतर मनोस्थिति के साथ शामिल हो सके इसके लिए एक माह पहले तैयारी पूरी कर लेनी होगी। पढ़ाई को लेकर कठिन परिश्रम करना जितना जरूरी है, उतनी ही परीक्षा से पहले धैर्य, सकारात्मकता और आत्मविश्वास बनाये रखना जरूरी है। इससे एग्जाम हॉल में नर्वस होने की संभावना कम हो जाती है। विद्यार्थी जो 12वीं बोर्ड परीक्षा में शामिल हो रहे हैं, वे अपने कोर्स सिलेबस के साथ नीट यूजी के एग्जाम पैटर्न पर भी ध्यान दें। इससे दोनों परीक्षा की तैयारी एक साथ हो जायेगी।

**विभिन्न टेस्ट में बेहतर प्रदर्शन करने वाले 27 विद्यार्थी हुए सम्मानित :** आयोजन के मौके पर बायोम इंस्टीट्यूट की ओर से आयोजित टार्गेट बैच टेस्ट, फ्रेशर्स बैच टेस्ट और फाउंडेशन बैच के टेस्ट में सर्वाधिक अंक हासिल करने वाले 27 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 3 विद्यार्थी को लैपटॉप उपहार स्वरूप भेंट किया। साथ ही अन्य विद्यार्थियों को नियमित बेहतर प्रदर्शन कर पुरस्कार का हकदार बनने की प्रेरणा दी। बायोम इंस्टीट्यूट के पूर्ववर्ती छात्र जो वर्तमान में रिम्स रांची में एमबीबीएस की पढ़ाई से जुड़े हैं ने विद्यार्थियों को नीट यूजी 2025 को लेकर टॉपर टिप्स साझा किये। पूर्ववर्ती छात्रों ने विषयवार बेहतर तैयारी के लिए निश्चित समय बांटने की बात कही। पूर्ववर्ती छात्रों ने एनसीईआरटी के कोर्स बुक को 12वीं बोर्ड और नीट यूजी प्रवेश परीक्षा का गाइड बताया। कहा कि दोनों परीक्षा में अच्छे अंक के लिए नोट्स के साथ किताब पढ़ना जरूरी है। इससे एमसीक्यू (मल्टीपल च्वाइस क्वेश्चन) टाइप प्रश्नों को हल करने में मदद मिलेगी।

मुख्य अतिथि डीआइजी एसीबी चंदन झा ने विद्यार्थियों को अपनी प्रेरणादायक जीवन यात्रा से प्रेरित किया। उन्होंने अपने सिविल सर्विस एग्जाम की तैयारी से जुड़े पलों को साझा करते हुए विद्यार्थियों को परीक्षा को लेकर हमेशा सकारात्मक माहौल बनाये रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि तैयारी के क्रम में लक्ष्य के प्रति भटकाव की स्थिति नहीं होनी चाहिए। परीक्षा में जो भी विषय पूछे जायेंगे, उनकी पढ़ाई रूटीन बना कर करना जरूरी है। सभी विषय को बराबर समय देना जरूरी है। दिन में दो से तीन घंटे की पढ़ाई भी कारगर हो सकती है। इस दौरान मन के लगाम को कसना जरूरी है। परीक्षा से पहले तनाव लेने पर प्रदर्शन प्रभावित होगी। आज जो बच्चे समय प्रबंधन करना सीख जायेंगे। यह जीवन के हर मकाम में काम आयेगा। खुद पर विश्वास रखें और कोचिंग में आयोजित होने वाले टेस्ट सीरीज से अपनी मुख्य बायोम-फिएस्टा के समापन सत्र में छात्र-छात्राओं के मनोरंजन की भी व्यवस्था की गयी थी। जूनियर विद्यार्थियों समेत शहर के विभिन्न डांस ग्रुप ने एक-एक कर अपनी प्रस्तुति साझा की। वहीं, म्यूजिकल बैंड ने विद्यार्थियों को बॉलीवुड फ्यूजन गीतों पर जमकर झुमाया। इस अवसर पर संस्थान के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी मौजूद थे।

## मानव शरीर को समझने पर बन सकेंगे अच्छा डॉक्टर

वहीं, विशिष्ट अतिथि सह अतिथि वक्ता डॉ प्रकाश कुमार, कार्डियोलॉजिस्ट रिम्स ने अपनी मेडिकल प्रवेश परीक्षा से लेकर डॉक्टर बनने की यात्रा को साझा किया। डॉ प्रकाश ने कहा कि छात्र जीवन में सिलेबस एक बोझिल सिस्टम की तरह है, जबकि, इसे नियमित समय देने पर रुचिकर बनाया जा सकता है। मेडिकल प्रवेश परीक्षा में बेहतर करने के लिए थ्यूरी पर अच्छी पकड़ होना जरूरी है। इससे परीक्षा के वैसे प्रश्न भी हल हो जायेंगे, जो सीधे शब्दों में नहीं, बल्कि घुमावदार बना कर पूछे गये हो। मेडिकल के विद्यार्थियों के लिए बायोलॉजी के दोनों खंड बॉटनी और जूलॉजी जितना महत्वपूर्ण है। उतना ही फिजिक्स की थ्यूरी और केमिस्ट्री के केमिकल बॉन्डिंग को भी समझना जरूरी है। मानव शरीर फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी - इन तीनों विषय के सिद्धांतों पर ही काम करता है। जो, इसे समझने में अपना समय देगा, वह निश्चित तौर पर भविष्य में अच्छा डॉक्टर बनेगा।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| | |
|---|---|
| मेष | नये पद-अधिकार प्राप्त होगा। मगर आपको आसपास के लोगों से कष्ट बना रहेगा। |
| वृष | आपके सोचे कामों में व्यवधान आयेंगे। जहाँ तक संभव हो इस समय ज्यादा पेंचीदा मामलों में हाथ न डालें। |
| मिथुन | आज का दिन काफी कुछ शुभ फलदायी है,व्यापार-व्यवसाय में उन्नति होगा। |
| कर्क | आज ग्रहयोग आपके पक्ष में नहीं है। परिश्रम के बावजूद स्थिति मनमाफिक नहीं रहेगी। |
| सिंह | अपने सोचे अनुसार काम कम होंगे। किसी न किसी समस्या से उलझना पड़ सकता है। |
| कन्या | आपको आकस्मिक धन लाभ होने की संभावना, रोजगार-व्यापार के कार्य तेजी से चलेगा और आपकी प्रगति होगी। |
| तुला | आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, आपका काम बनेगा.किसी काम से आपको पैसा मिलेगा। |
| वृश्चिक | संतान पक्ष के लिये खर्च होगा। यह खर्च उनकी प्रगति के लिये किया जायेगा। |
| धनु | विशिष्ट कार्य सिद्धि, यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा, अभी तक जो कोई इच्छा अधूरी रही हो। |
| मकर | अपने क्षेत्र के प्रमुख व्यापारियों अधिकारियों एवं उच्चस्तरीय लोगों से आप सम्बन्ध बनाने की चेष्टा करें उनसे चल रहे समस्या का समाधान मिलेगा। |
| कुंभ | अनिवार्य कामों में आपकी व्यवहार कुशलता सिद्धि और प्रसिद्धि देने वाली है, आवश्यक कार्यों के सम्पादन में आपकी अपनी सूझबूझ प्रशंसनीय होगी। |
| मीन | आपने जिस पर भी भरोसा किया होगा ऐसा व्यक्ति आपके विरोध में कार्य करेगा,लेकिन आपको किसी तरह का नुकसान नहीं होगा। |

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# बीएड, एमएड और बीपीएड में नामांकन के लिए 20 अप्रैल को होगी परीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड संयुक्त प्रवेश परीक्षा पार्षद ने राज्य में शैक्षणिक सत्र 2025-27 में बीएड एमएड और बीपीएड के प्रवेश परीक्षा और आवेदन की तारीख जारी कर दी है। आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक एग्जाम की तिथि 20 अप्रैल निर्धारित की गयी है। परीक्षा ऑफलाइन मोड में ओएमआर शीट पर होगी। प्रत्येक सही उत्तर पर आपको एक अंक मिलेगा।

**कब तक सकते हैं आवेदन :** जिन अभ्यर्थियों के इन पाठ्यक्रमों दाखिला लेने की इच्छा हो वे 15 फरवरी से 15 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। हालांकि परीक्षा सभी जिलों में आयोजित नहीं होगी। जानकारी के मुताबिक ये प्रवेश परीक्षा रांची, धनबाद, जमशेदपुर,



बोकारो दुमका, पलामू, और हजारीबाग जिले में परीक्षा संचालित होंगी। कुल 100 अंकों की परीक्षा होगी। अगर आपने एक भी गलत जवाब दिया तो मार्क्स काट लिये जायेंगे। परीक्षा के चार दिन पूर्व तक अपने एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकेंगे। हालांकि रिजल्ट कब प्रकाशित किया जायेगा इसके बारे में कोई सूचना नहीं दी गयी है।

**क्या है परीक्षा शुल्क :** जिन लोगों को आवेदन करना है, उन्हें हजार रुपये परीक्षा शुल्क देना होगा। हालांकि ये परीक्षा शुल्क केवल सामान्य छात्रों के लिए है। ओबीसी और एसटी/एससी के लिए परीक्षा शुल्क कम है। ओबीसी कैंडिडेट को जहां 750 रुपये देने होंगे, तो वहीं एसटी एससी अभ्यर्थियों को 500 रुपये भुगतान करने होंगे।

बता दें कि परीक्षा में 30 प्रश्न भाषा, 40 प्रश्न शिक्षण क्षमता और 30 प्रश्न तार्किक क्षमता से होंगे। कुल सीटों में 85 प्रतिशत सीटें झारखंड के मान्यता प्राप्त उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के लिए आरक्षित होगी। बाकी बचे 15 फीसदी में वैसे छात्रों का नामांकन हो सकेगा, जो दूसरे राज्यों के विश्वविद्यालय से स्नातक किये हों।

# संजय सेठ ने चलाया जनसंपर्क अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विधानसभा चुनाव के निमित नयी दिल्ली के आदर्शनगर विधानसभा क्षेत्र में रविवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी राजकुमार भाटिया भी साथ रहे। इस जनसंपर्क और संवाद में परिवारजनों से कहा कि आप-दा ने दिल्ली के 11 साल बर्बाद कर दिए हैं। केजरीवाल की सरकार ने दिल्ली को 50 साल पीछे धकेल दिया है। आज आप पार्टी करप्शन से घिरी हुई पार्टी हो गयी है। शराब घोटाला, शिक्षा में घोटाला, स्वास्थ्य में घोटाला श्री सेठ ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि दिल्ली के विकास के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करें। दिल्ली के विकास मोदी की गारंटी है। आज पूरा देश मोदी की गारंटी पर विश्वास रखता है, इसलिए दिल्ली को आगे ले जाने के लिए भाजपा की सरकार बनायें और मोदी के हाथों को मजबूत करें। देश के साथ चलें, मोदी के साथ चलें।

# झारखंड से जुड़ी अटलजी की स्मृतियों को संग्रहित करेगी भाजपा : सीपी सिंह

- झारखंड से जुड़ी है श्रद्धेय अटलजी की अनेक स्मृतियां
- स्मृतियों को डिजिटलाइज्ड करने की है योजना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म शताब्दी वर्ष में व्यापक रूप से पूरे देश में अनेक कार्यक्रम आयोजित करेगी। झारखंड प्रदेश भाजपा भी कार्यक्रम की तैयारी में जुट गयी है। शताब्दी आयोजन के लिए प्रदेश स्तरीय समिति बनी, जिसके संयोजक प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू हैं। सह संयोजक पूर्व विधायक अनंत ओझा, प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह सहित शिवपूजन पाठक, योगेंद्र प्रताप सिंह, अनिल सिंह, अनुज कुमार शामिल हैं।



प्रदेश कार्यालय में आगामी कार्ययोजना पर प्रेसवार्ता करते हुए वरिष्ठ नेता एवं विधायक सीपी सिंह ने कहा कि प्रदेश भाजपा श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी से जुड़ी स्मृतियों को संग्रहित करेगी।

श्री सिंह ने बताया कि यह संग्रहण कार्य 14 फरवरी तक संपन्न होगा, जिसकी जिलों में प्रदर्शनी लगायी जायेगी।

**15 फरवरी से 15 मार्च तक जिला स्तर पर होगा अटल विरासत सम्मेलन :** श्री सिंह ने बताया कि पार्टी आगामी 15 फरवरी से 15 मार्च तक सभी जिलों ने अटल विरासत सम्मेलन का आयोजन करेगी। अटलजी के साथ कार्य कर चुके कार्यकर्ताओं को सम्मेलन में सम्मानित भी किया जायेगा। प्रेसवार्ता में प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, सह प्रभारी अशोक बड़ाइक उपस्थित रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा पंडाल निर्माण को लेकर भूमि पूजन

## 30000 वर्गफीट पंडाल में 8000 लोग कर सकेंगे अमृतपान

- भव्य होगा श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन, भूमि पूजन से पूर्व आसपास की पंचायतों से कथा स्थल इइएफ मैदान तक निकाली गयी महावीर झंडा यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** टाटीसिलवे के इइएफ मैदान में 15 से 22 फरवरी तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाना है। इसकी तैयारी जोर शोर से चल रही है। रविवार को श्रीमद्भागवत कथा आयोजन समिति द्वारा कथा स्थल में भूमि पूजन किया गया। समिति के अध्यक्ष रासेश्वर नाथ मिश्रा ने पूजा कर पड़ाल निर्माण की नींव रखी। मंगलवार से मैदान में भव्य पंडाल बनाने का कार्य शुरू होगा। यह पंडाल का निर्माण 30000 वर्गफीट क्षेत्रफल में कराया जा रहा है। इसमें एक साथ 8000 से ज्यादा भागवत प्रेमी बैठकर कथा का अमृतपान कर सकेंगे। भूमि पूजन से पूर्व रविवार सुबह आसपास के पंचायतों से महावीर झंडा यात्रा निकाली गयी। सभी पंचायतों से झंडा यात्रा इइएफ मैदान पहुंची, जिसे कथा स्थल पर लगाया गया। सचिव मनोरंजन मिश्रा ने बताया कि पंडाल परिसर में पेयजल, चरण पादुका सेवा, शौचालय आदि की व्यवस्था रहेगी। इसके अलावा पूजा पंडाल के अंदर ही अस्थाई भव्य मंदिर का भी निर्माण कराया जा रहा है। पंडाल परिसर में 10 धार्मिक सामानों के स्टॉल की व्यवस्था होगी। कथा परिसर में कार-बाइक पार्किंग की व्यवस्था भी की गयी है। प्रतिदिन कथा विराम के बाद प्रसाद वितरण किया जायेगा। कथा परिसर में कुल 6 एलइडी स्क्रीने लगायी जायेंगी। इसके अलावा भक्तिपाठ यूट्यूब चैनल में कथा का लाइव प्रसारण भी होगा।



## 14 फरवरी को कलश यात्रा में शामिल होंगी 2100 महिलाएं

कथा से एक दिन पूर्व 14 फरवरी को विशाल कलश यात्रा निकाली जायेगी। यह कथा स्थल इइएफ मैदान से निकलकर स्वर्णरेखा तट तक पहुंचेगी। इसके बाद टाटीसिलवे बाजार होते हुए वापस कथा स्थल लौटेगी। कलश यात्रा में 2100 महिलाएं शामिल होंगी। इन्हें 7 खंडों में बांटा गया है। इसमें बांके बिहारी खंड, राधा वल्लभ खंड, राधा रमण खंड, युगल किशोर खंड, राधा गोपीनाथ खंड, मदन मोहन खंड और गोविंद देव खंड शामिल है। सभी खंडों में 300-300 महिलाएं शामिल रहेंगी। बताते चलें कि स्वर्णरेखा नदी का जल दूषित हो गया है, इसलिए आयोजन समिति 27 तीर्थ स्थलों की पवित्र नदियों के जल की व्यवस्था की गयी है।

# कुमुद, सुरेंद्र और महादेव ने आजसू का थामा दामन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कुमुद वर्मा ने अपनी राजनीतिक घर वापसी करते हुए आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उनके साथ चड़री सरना समिति के महासचिव सुरेंद्र लिंडा और महादेव टोप्पो ने भी आजसू पार्टी का दामन थामा। इसके अलावा कांटाटोली के सामाजिक कार्यकर्ता मो तौफीक ने भी अपने समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ली। इस अवसर पर आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने सभी नये सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा, युवा न केवल परिस्थितियों को बदल सकते हैं बल्कि सही दिशा में प्रयास कर झारखंड की राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक तस्वीर भी बदल सकते हैं।

# पारस हॉस्पिटल में 4 फरवरी से लगेगा नि:शुल्क कैंसर परामर्श शिविर




रांची (आजाद सिपाही)। विश्व कैंसर दिवस पर पारस हॉस्पिटल एचईसी की ओर से 4 से 14 फरवरी तक मरीजों के लिए नि:शुल्क कैंसर परामर्श शिविर लगाया जा रहा है। इस शिविर में लोग कैंसर से संबंधित बीमारियों की जानकारी ले सकेंगे। इसमें पारस हॉस्पिटल एचईसी के अन्कोलॉजी विभाग के डॉ गुंजेश कुमार सिंह और डॉ मदन गुप्ता समेत अन्य कैंसर विशेषज्ञ मरीजों को परामर्श देंगे। साथ ही डॉक्टरों के अनुशंसा पर सभी जांचों पर 50 प्रतिशत की भी छूट दी जाएगी। पारस हॉस्पिटल एचईसी के मार्केटिंग हेड मानस लाभ ने कहा कि विश्व कैंसर दिवस पर पारस हॉस्पिटल कैंसर पीड़ितों के लिए नि:शुल्क शिविर लगा रहा है। कैंसर के मरीज इस नि:शुल्क शिविर का लाभ उठा सकते हैं। नि:शुल्क पंजीकरण के लिए 7282010101 पर संपर्क किया जा सकता है।

# झारखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक दुबे के पिता की श्रद्धांजलि सभा

- झारखंड सरकार के कई मंत्री समेत राजनीतिक जगत की महत्वपूर्ण हस्तियां उपस्थित हुईं

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक दुबे के पिता की श्रद्धांजलि सभा रविवार को हुई। इसमें झारखंड सरकार के कई मंत्री समेत राजनीतिक जगत की महत्वपूर्ण हस्तियां उपस्थित हुईं। झारखंड सरकार के पूर्व वित्त मंत्री सह लोहरदगा विधायक डॉ रामेश्वर उरांव, वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, विधायक दल नेता प्रदीप यादव, उप नेता राजेश कच्छप, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, सांसद कालीचरण मुंडा, पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू, विधायक अनूप सिंह, विधायक सुरेश बैठा, पूर्व सांसद प्रदीप कुमार बलमुचू, पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख, कांग्रेस नेत्री प्रतिभा पांडे, राष्ट्रपति अवार्डी फलक फातिमा, कांग्रेस के प्रवक्ता लाल किशन नाथ शाहदेव वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डॉ राजेश गुप्ता छोटू कांग्रेस नेता डॉ कुमार राजा, रविंद्र सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, संजय लाल पासवान, जयशंकर पाठक,



अमूल्य नीरज खलखो, सतीश पॉल मुंजीनि, राकेश सिन्हा, संजय पांडेय, राकेश किरण महतो, सोनल शांति, कमल ठाकुर, दीपक ओझा, सुरेश साहू, अमरिंदर सिंह, पलामू से चंद्रशेखर शुक्ला, दुमका जिला अध्यक्ष श्यामल किशोर सिंह, देवघर जिला कांग्रेस अध्यक्ष संजय मुन्नम, चतरा जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रमोद दूबे, पूर्वी सिंहभूम जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दूबे, पूर्व जिला अध्यक्ष विजय खान, राकेश तिवारी, सुभाष उपाध्याय, वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप तुलस्यान, धनबाद से वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुल्तान अहमद, शमशेर आलम, भाजपा नेता रमेश सिंह, रमाकांत महतो, लाल सूरज नाथ शाहदेव, सुरेश साहू, आलोक साहू सहित मीडिया के प्रमुख जन भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर पासवा के प्रदेश स्तरीय और झारखंड के अनेक जिलों से जिला स्तरीय पदाधिकारी ने भी अपनी श्रद्धांजलि व्यक्त की पासवा के प्रदेश महासचिव फलक फातिमा, चतरा से पासवा प्रदेश महासचिव नीरज सहाय, धनबाद पासवा जिला अध्यक्ष मोहम्मद जिन्ना, बोकारो जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार, हजारीबाग जिला अध्यक्ष मींकू प्रसाद, प्रदेश पासवा से बिपिन कुमार, ज्ञानेश्वर दयाल, मेघाली सेनगुप्ता, रांची महानगर अध्यक्ष डॉक्टर सुषमा केरकेट्टा, रूपेश कुमार, मनोज कुमार भट्ट, रशीद अंसारी, अल्ताफ अंसारी, डीएभी डायरेक्टर एमके सिन्हा, डीएवी स्कूल प्रिंसिपल एसके मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

वीआइपी विशिष्ट अतिथियों के बैठने के लिए विशेष पंडाल की व्यवस्था की गयी थी और संपूर्ण पंडाल वस्तुतः अतिथियों से भरा पड़ा था। इस अवसर पर श्रद्धांजलि सभा में भक्ति गीत के माध्यम से झारखंड के नामी गिरामी कलाकारों ने भी संगीतमई श्रद्धांजलि प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमुदाय को भावुक कर दिया।

# हजारीबाग के सांसद मनीष जयसवाल के प्रयास से 101 जोड़ों ने लिये सात फेरे

**समाज के संपन्न लोगों को जरूरतमंद परिवारों की मदद के लिए आगे आना चाहिए: मनीष जायसवाल**

आजाद सिपाही संवाददाता





**हजारीबाग।** रविवार को हजारीबाग में एक भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया, जहां 100 जोड़ों ने एक साथ सात फेरे लिए। इस शादी के साक्ष्य हजारों हजार लोग बनें यह आयोजन हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल की पहल पर किया गया था। शादी में हजारों लोग शामिल होकर इन जोड़ों को आशीर्वाद देने के लिए पहुंचे थे। शादी के लिए, शहर के कर्जन मैदान को भव्य रूप से सजाया गया था। ग्राउंड में 101 विवाह के मंडप तैयार किये थे। इस सामूहिक शादी के आयोजन में उन जोड़ों को शामिल किया गया, जो शादी करना चाहते थे लेकिन आर्थिक तंगी के कारण असमर्थ थे। शादी की तैयारी पिछले एक साल से चल रही थी मनीष जायसवाल और उनकी टीम ने पूरे साल ऐसे परिवारों की तलाश की, जो अपनी बेटियों की शादी नहीं करा पा रहे थे। वहीं 15 दिनों से शादी के लिए विशेष कर तैयारी चल रही थी जहां रविवार के दिन बाजे गाजे के साथ दूल्हों की बारात निकाली गयी। इस बारात में भी हजारों लोग शामिल हुए थे। इससे पूर्व भी सांसद मनीष जायसवाल ने पिछले साल 25 जोड़ों की सामूहिक शादी करवाई थी, लेकिन इस बार 101 जोड़ों की शादी करवायी गयी है, शादी करवाने के लिए, कोलकाता से पंडित राघव और टीम यहां पहुंची थी। पंडित राघव अपने संगीतमय शादियों के लिए प्रसिद्ध हैं, विवाह समारोह में पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए, शादी को संपन्न करवाया और लोगों ने इन नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद शुभकामनाएं दीं। नवविवाहित जोड़ों को शादी के जीवन की शुरुआत करने के लिए 32 प्रकार के सामान दिये गये जिसमें इलेक्ट्रिक स्कूटी, अलमीरा, फ्रिज, टेलीविजन, किचेन के सामान, बेडशीट, कंबल और ढेरों सामान दिये गये जिससे वह अपने शादी के बाद का जीवन शुरू कर पायें। इस मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि समाज के संपन्न लोगों को जरूरतमंद परिवारों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील भी की कि हर संपन्न व्यक्ति को साल में कम से कम एक जरूरतमंद बेटी की शादी में सहयोग करना, ताकि किसी भी परिवार को बेटी को बोझ न समझना पड़े और समाज से कलंक मिट पाये। इस आयोजन ने न केवल 101 जोड़ों को एक नयी जिंदगी शुरू करने का अवसर दिया, बल्कि समाज में यह संदेश भी दिया कि जब लोग मिलकर काम करते हैं, तो किसी का भी सपना अधूरा नहीं रहता।

## रविदास पूजा समिति के अध्यक्ष विनोद राम और सचिव देवनारायण राम बने



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** अंबेडकर मोहल्ला के सामुदायिक भवन में संत शिरोमणि रविदास जयंती मनाने को लेकर बैठे हुई। इसकी अध्यक्षता रविदास महासभा के नगर अध्यक्ष रामेश्वर राम और संचालन पूर्व पंचायत समिति सदस्य राजीव रंजन ने किया। सर्व समिति से निर्णय लिया गया की 12 फरवरी को संत शिरोमणि रविदास जयंती धूमधाम से मनायी जायेगी। इसके लिए संत शिरोमणि रविदास पूजा समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष विनोद राम, सचिव देवनारायण राम, कोषाध्यक्ष राजू कुमार राम, उपाध्यक्ष शंभू रविदास, उप सचिव संतोष राम, उप कोषाध्यक्ष आकाश कुमार दीप, संरक्षक रामपति राम, राजीव रंजन, रामवृक्ष राम, रघुनाथ राम, सिकंदर राम, जागेश्वर राम, रामेश्वर राम, महेश राम, जोगन राम, संयोजक संजय कुमार रवि, गणेश राम, राजू राम, कैलाश राम, पूजा प्रभारी सुकेश कुमार, नरेंद्र कुमार, मीडिया प्रभारी संजय सागर, रितेश ठाकुर, संगठन मंत्री सरजू राम, सुरेंद्र राम, प्रसाद वितरण प्रभारी आकाश कुमार, अजीत कुमार, राजू कुमार, सावन कुमार, जितेंद्र कुमार, कार्ड वितरण प्रभारी रामवृक्ष राम, रामपति राम, रामेश्वर राम, राजीव रंजन, विनोद राम, राजू कुमार दास को सर्व समिति से चुना गया। मौके पर चरित्र राम, विशेश्वर राम, जमुना राम, मोहन राम, अजीत कुमार, लाल धारी रविदास, विजय राम मिथुन कुमार आदि उपस्थित थे।

## सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई जिसमें सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर की गयी। अपील बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी चितरंजन कुमार ने किया। जिसमें मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य सविता सिंह विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक सिंह उपस्थित थे। समिति के सदस्यों को दिशा-निर्देश देते हुए थाना प्रभारी चितरंजन कुमार ने कहा कि सरस्वती पूजा शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायें। जुलूस में अश्लील गाने बजाने अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी, और कहा की डीजे और शराब पूर्ण रूप से बंद रहेगा अगर यदि कहीं भी डीजे बजाते हुए और शराब बेचते या पीते हुए की सूचना मिली तो वैसे लोगों को बक्सा नहीं जायेगा। उन्होंने खासकर युवाओं से नशा सेवन से बचने की अपील की, मूर्ति विसर्जन 4 फरवरी को ही संध्या 7:00 बजे शाम तक कर लेने का दिशा निर्देश दिया, साथ ही कोई अप्रिय घटना होने पर पुलिस प्रशासन को सुचित करने की बात कही। बैठक में पंचायत समिति प्रतिनिधि उमेश साव, बसंत पांडेय, रहमान अंसारी, पूर्व मुखिया भुवनेश्वर दास समेत आदि लोग उपस्थित थे।

## अफीम की खेती को किया गया नष्ट



**चौपारण (आजाद सिपाही)।** रविवार को चौपारण थाना अंतर्गत पुलिस अधीक्षक महोदय हजारीबाग के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारियों ने वन विभाग की टीम के साथ मिलकर ग्राम मुड़िया में करीब 50 एकड़ वन भूमि और रैयती जमीन पर अफीम की खेती को नष्ट किया गया। खेती करने वाले लोगों को चिन्हित कर प्राथमिक की दर्ज की जा रही है। इसके अलावा ग्राम मुड़िया में ही अफीम की खेती को लेकर और इसके दुष्प्रभाव को लेकर जागरूकता अभियान भी चलाया गया।

## कोई भी व्यक्ति साधन के अभाव में न्याय से वंचित नहीं रह सकता: पीडीजे




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा के तत्वावधान में जयनगर प्रखंड मुख्यालय सभागार में विधिक सेवा सह सशक्तीकरण शिविर का आयोजन रविवार को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोडरमा के प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बाल कृष्ण तिवारी और विशिष्ट अतिथि उप विकास आयुक्त ऋतुराज, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार, न्यायाधीश प्रभारी शिवांगी प्रिया, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की, पुलिस उपाधीक्षक रतिभान सिंह, जयनगर के प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार मौजूद थे। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि बाल कृष्ण तिवारी ने कहा कि कोई भी व्यक्ति साधन के अभाव में न्याय से वंचित नहीं रह सकता। समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से यह शिविर आयोजित किया गया है। जिसमें अधिक से अधिक जरूरतमंद लाभुकों को केंद्र सरकार और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ त्वरित गति से ऑन द स्पॉट दिलाया जा सके। उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने कहा कि इस कार्यक्रम में जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के सक्रिय सहयोग के कारण आज कई लाभुकों को बुनियादी सुविधाओं से संबंधित लाभ दिया जा रहा है। अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे आम आदमी तक पहुंच सके इसके लिए बिचौलियों से बचना होगा और जागरूक होकर हर आदमी को योजनाओं का लाभ लेने के लिए सक्रिय रूप से भाग लेना होगा। न्यायाधीश प्रभारी शिवांगी प्रिया ने कहा कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है जिसके द्वारा व्यक्ति अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास कर सकता है। पुलिस उपाधीक्षक रतिभान सिंह ने लोगों से अपने-अपने बच्चों को बेहतर ढंग से शिक्षित करने की अपील की। अतिथियों का स्वागत करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने कहा कि यह विधिक सेवा-सह-सशक्तीकरण शिविर एक ऐसी अनूठी व्यवस्था है जिसके तहत एक छत के नीचे लोगों को सामाजिक, आर्थिक एवं न्यायिक सुविधाएं एक साथ मुहैया कराई जाती है। संचालन न्यायालय कर्मी रणजीत कुमार सिंह ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन जयनगर बीडीओ गौतम कुमार ने किया। मौके पर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ शोएब खान, डॉ टिन्नी एक्का, जयनगर थाना प्रभारी बबलू कुमार, बी पी ओ राधा सिंह, दिनेश पाल, डॉ आर्यन सिंह, गुड्डू, निलोफा, तालेश्वर राम, जों प्रसाद, गिरधारी प्रसाद, दीपक कुमार, संदीप वर्मा, संतोष कुमार, बाबूलाल पासवान, शीतल पिगुवा, विरेन्द्र कुमार, अनीता कुमारी, अनिल कुमार, सुनील कुमार, रंजीत राणा, रविशंकर, जेतेंद्र, जयदीप न्यायालयकर्मी संतोष कुमार सिंह सहित भारी संख्या में पी. एल. वी., पाण्डेय शेखर प्रसाद, शिव कुमार मोदी, रविन्द्र कुमार, दिनेश कुमार रजक, अर्जुन रविदास, रिया कुमारी, रेखा देवी, चमेली देवी लाभुक और विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# इंडियन इंटेलीजेंस परीक्षा में पल्लवी भारती देश में नौवें स्थान पर, लोगों ने दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**जयनगर।** इंडियन इंटेलिजेंस टेस्ट परीक्षा में देश में 9वें स्थान लाने वाली प्रखंड के शारदा विद्या मंदिर योगियाटिल्हा की छात्रा पल्लवी भारती पिता सचिन कुमार को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया। इस दौरान उक्त विद्यालय के 19 छात्र-छात्राओं जो इस इंटेलिजेंस टेस्ट परीक्षा में शामिल हुए थे। उन्हें भी प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार, शिक्षाविद डॉ बीएनपी बर्णवाल, जिप सदस्य प्रतिनिधि देवनारायण यादव सहित कई लोगों ने कार्यक्रम प्रस्तुत के पूर्व संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत सहित कई कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभा कि कमी नहीं है इसे निखारने की जरूरत है। इस अवसर पर सतडीहा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुरेश यादव, डॉ रामकृष्ण यादव, मंटू पंडित, शिबू पासवान, मोहन यादव विद्यालय प्राचार्य विजय कुमार यादव, निदेशक बासुदेव यादव, शिक्षक सुजीत कुमार रजक, सिकंदर सिंह, सचिन कुमार यादव, सत्यदेव यादव, बिरेन्द्र पंडित, आजाद अंसारी, सूरज कुमार सिंह, विनय तिवारी, गायत्री देवी, शिल्पी देवी, दीपिका यादव, किरण देवी, रिंकी देवी, सुनील कुमार रंजन, श्यामसुंदर यादव सहित काफी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

## चंदवारा में महिलाओं का हुआ बंध्याकरण



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार के निर्देशानुसार सीओटी कार्यक्रम के तहत सीएचसी चंदवारा में ग्रीन यूथ फाउंडेशन (एनजीओ) रांची द्वारा के द्वारा आयोजित परिवार नियोजन शिविर में बेहतर चिकित्सकों की टीम के द्वारा दो दर्जन के करीब महिलाओं का बंध्याकरण का सफल ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन को सफल बनाने में डॉ एके सिंह, बीपीएम मुनाजिर हसन, ओटी असिस्टेंट प्रदीप कुमार, मो साबिर, रेणु कुमारी, एएनएम अर्चना कुमारी, बीटीटी, सहिया दीदी की अहम भूमिका रही।

## मरकच्चो में विधिक जागरूकता शिविर



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय मरकच्चो स्थित सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकार और जिला प्रशासन कोडरमा के संयुक्त तत्वावधान में विधिक सेवा सह महिला सशक्तिकरण शिविर का आयोजन रविवार को किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनोरंजन कुमार, प्रमुख विजय कुमार सिंह, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मरकच्चो हुलास महतो, थाना प्रभारी मरकच्चो सौरभ शर्मा, पीएलभी महेश्वरी कुशवाहा, पंचायतीराज के सचिव सियाराम सिंह, मनरेगा जेई प्रमोद कुमार, जेएसपीएल एस के बी पी एम नंदकिशोर कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपर मुख्य न्याय दंडाधिकारी ने विधिक सेवा प्राधिकार के विषय में जानकारी दी। विधिक सशक्तिकरण का शिविर आज पूरे कोडरमा जिला में हर प्रखण्ड में आयोजित किया जा रहा है। हमारा उद्देश्य है कि कोडरमा जिला में जो भी नागरिक रहते हैं चाहे वह किसी भी जाति, धर्म, समुदाय से आते हो सबको विधिक रूप से जागरूक किया जाए और उन्हें सशक्त किया जाये। कार्यक्रम को प्रमुख बिजय कुमार सिंह, थाना प्रभारी मरकच्चो सौरभ शर्मा, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी हुलास महतो, पंचायती राज सचिव सियाराम सिंह, महेश्वरी कुशवाहा ने भी संबोधित किया। मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर दिनेश कुमार सिंह, बीपीओ मनरेगा राकेश रंजन, स्वच्छता के रामकुमार, राजेश कुमार, दीपक कुमार, लीगल वालंटियर मुकेश प्रसाद, विकास रजक, पिंकी कुमारी, दिवाकर रोशन, नीरज कुमार, मिथिलेश कुमार रवि, जेंडर रिसर्च सेंटर के ललिता कुमारी, मनोरमा कुमारी, वार्ड सदस्य पूजा देवी, लाभुक दामोदर प्रसाद कुशवाहा, समेत प्रखंड कर्मी के साथ अन्य लोग कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# कोयला उत्पादन के ऊंचे मानदंड स्थापित कर रहा एनटीपीसी का केरेडारी कोल माइंस

रवि कुमार मिश्रा



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी का केरेडारी कोयला खनन परियोजना कोयला उत्पादन का रिकॉर्ड बना रहा है। परियोजना के द्वारा खदान सुरक्षा सप्ताह 2024 के आयोजन में 1900 में 1900 अंक प्राप्त कर उपलब्धि हासिल की है जबकि माइंस के चालू होने के बाद 18 लाख टन कोयले का उत्पादन भी किया है। परियोजना ने 2024-25 के लिए निर्धारित 1.5 मिलियन मीट्रिक टन के एमओयू लक्ष्य को मात्र 289 दिनों में पूरा किया। साथ ही परियोजना के शुरू होने के बाद अब तक कोई दुर्घटना नहीं हुई है उक्त बातें केरेडारी कोयला खनन परियोजना के जीएम शिव प्रसाद ने प्रेस वार्ता में कही है परियोजना के अधिकारीयों ने प्रेस वार्ता में अपनी उपलब्धियों के विषय में विस्तार से बताते हुए कहा की इस परियोजना से अब तक 13,61,091.32 मीट्रिक टन कोयले का प्रेषण किया जा चूका है जिसमें 8,79,486.32 मीट्रिक टन कोयला नार्थ कर्णपुरा टंडवा भेजा गया है जो कुल डिस्पेच का 65 प्रतिशत है व 4.81,605.00 मीट्रिक टन कोयला टोरी रेलवे साइडिंग भेजा गया है जो कुल डिस्पैच का 35 प्रतिशत है पुनर्वास और पुनर्विस्थापन के तहत 25 वर्षों के खनन उत्पादन में करीब 2,532 लाभुकों को वार्षिक वृति भी दिया जाना है जिसमें बसे आज तक 923 लाभुकों को वार्षिक वृति जारी किया जा चुका है। वहीं परियोजना के द्वारा सीएसआर के माध्यम से विभिन्न पहलों के माध्यम से लगभग 5,000 लाभार्थियों पर सकरातमक प्रभाव डाला है जिसके लिए 2.50 करोड़ रुपये खर्च किये गये हैं छह मोतियाबिंद शिविरों का आयोजन में 700 लोगों की जांच कर 130 मोतियाबिंद रोगियों का उपचार हुआ। खेलकूद को बढ़ावा हेतु डुमरी में जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन जबकि आसपास के 6 विद्यालयों में खेलकूद सामग्रियों का वितरण किया जा चूका है। इसी प्रकार उच्च विद्यालय बसरिया की 40 छात्राओं के लिए पंद्रह दिवसीय कार्यशाला 1,750 सोलर लेम्प परियोजना से प्रभावित स्कूलों के छात्रों के बिच वितरण किये गये। वहीं 10 विशेष चिकित्सकों की सेवाओं के साथ शिविर लगाये गये जिनमें लगभग 1,500 लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं दी गयी। परियोजना के द्वारा पांडू पंचायत के नए पंचायत भवन के निर्माण हेतु जिला परिषद हजारीबाग विभाग को दिसंबर माह में 1 करोड़ रुपये दिये गये हैं जिससे पंचायत भवन का निर्माण जल्द से जल्द हो सके। 2024 में कुल 171 परचेज आर्डर इस्यू किये गये जिनका मूल्य 11 करोड़ रुपये से भी ज्यादा है। मौके पर परियोजना प्रमुख शिव प्रसाद, रोहित पाल और मुकुल तायल सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

## ट्रेड यूनियनों का बजट के खिलाफ प्रदर्शन 5 को

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सीटू और ऑल इंडिया फेडरेशन आंगनबाड़ी वर्कर्स एण्ड हेल्पर (आइफा) से संबद्ध झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका यूनियन ने केंद्रीय बजट 2025-26 को देश के मेहनतकश लोगों के साथ धोखा बताया है। आंगनबाड़ी यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष और सीटू की राज्य कमिटी सदस्य मीरा देवी ने कहा कि बुनियादी सेवाओं की योजनाओं के लिए उचित आवंटन के बिना विकसित भारत संभव नहीं है। वित्त मंत्री ने अपने भाषण में सक्षम आंगनबाड़ी पोषण 2.0 की प्रशंसा की और घोषणा की कि इस योजना के खर्च के मानकों में वृद्धि की जायेगी। लेकिन यह घोषणा धोखा निकली, क्योंकि सक्षम आंगनबाड़ी और पोषण 2.0 के लिए 2025-26 का बजट केवल 21,960 करोड़ रखा गया है, जो 2023-24 के 21,809.64 करोड़ से मात्र 150.36 करोड़ अधिक है। यदि महंगाई को ध्यान में रखा जाये, तो यह वास्तविक रूप से बजट में कटौती है। आंगनबाड़ी यूनियन की जिलाध्यक्ष शोभा प्रसाद और जिला सचिव वर्षा रानी संयुक्त रूप से कहा कि 26 लाख आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाएं जिन्हें केन्द्र सरकार मात्र 4,500 और 2,250 प्रति माह अल्प मानदेय दे रही हैं। सीटू के राज्य सचिव और आंगनबाड़ी यूनियन के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष संजय पासवान ने कहा कि सीटू देशभर के आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका से अपील करता है कि 5 फरवरी को ट्रेड यूनियनों के साथ मिलकर इस कॉरपोरेट-समर्थक मजदूर विरोधी भाजपा सरकार के खिलाफ अपना विरोध दर्ज करें और बजट 2025-26 की प्रतियां जलाकर विरोध प्रदर्शन में शामिल हों।

# बड़कागांव से 251 श्रद्धालुओं का जत्था महाकुंभ के लिए रवाना

**सभी श्रद्धालुओं ने मां अंबे दुर्गा मंदिर में माथा टेकर आशीर्वाद लिया**

आजाद सिपाही संवाददाता




**बड़कागांव।** बड़कागांव थाना स्थित बाजार से मां अंबे दुर्गा पूजा समिति के नेतृत्व बड़कागांव प्रखंड से 251 श्रद्धालुओं का जाप था प्रयागराज के संगम स्नान के लिए महाकुंभ की यात्रा में रविवार को देर शाम और रवाना हुए। सर्वप्रथम सभी श्रद्धालुओं ने मां अंबे दुर्गा मंदिर में माथा टेकर आशीर्वाद लिया तत्पश्चात जय श्री राम, हर हर महादेव, जय माता दी सहित अन्य जयकारा लगाते हुए रवाना हुए। यह श्रद्धालुओं का जथा प्रयागराज के संगम स्नान करने के बाद श्री राम जन्मभूमि अयोध्या, विंध्याचल, चित्रकूट, काशी विश्वनाथ, बनारस और बोधगया का यात्रा कर एक सप्ताह के बाद अपने घर लौटेंगे। उक्त सभी श्रद्धालुओं के गाड़ी को मां अंबे दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बिंदेश्वर उर्फ बिंदु दांगी, संरक्षक दामोदर प्रसाद मेहता, सचिव पिंटू गुप्ता, अरविंद कुमार, किशोर कुमार, सुदेश कुमार, सुधांशु शेखर, सहित अन्य लोगों ने श्री राम पताका लहरा कर रवाना किया। मौके पर सभी श्रद्धालुओं ने एक स्वर में कहा कि हम लोग पूरे तीर्थ कर-के बड़कागांव प्रखंड के सुख समृद्धि की कामना करते हुए आयेंगे ताकि हमारा बड़कागांव प्रखंड में किसी भी प्रकार की कोई विविधता आपदा ना आये। मौके पर मुख्य रूप से बीगल किशोरी महतो, प्रेम महतो, मानो देवी, निर्मला देवी, रोहणी देवी, किरण देवी, संध्या देवी, देवंती देवी, रामसुंदर मेहता, अभिषेक कुमार, अनीता देवी, ऋषभ कुमार, देवेंद्र जायसवाल, सोहर महतो, सोहन महतो, अरुण महतो, नारायण महतो, गीता अंबष्ट, अभिषेक अंबष्ट, ज्ञाणी महतो, सूरज कुमार, नितेश कुमार, सोहन महतो, गणेश महतो, हृदय महतो, जीवन महतो, कांति देवी, गोवर्धन उर्फ खूंटा बाबा, सरजू साधु, संतोष कुमार, जीवंती, आशा देवी, मंजू देवी, राजकिशोर सोनी, संजय कुमार, प्रीतम महतो, सुष्मिता कुमारी, पूनम देवी, सुमित्रा देवी सहित सैकड़ों श्रद्धालु रवाना हुए।

## ग्रिजली स्कूल में ग्रैंड बेबी शो का आयोजन




**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** ग्रिजली पब्लिक स्कूल में रविवार को ग्रैंड बेबी शो का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 200 से भी अधिक बच्चों व उनके अभिभावकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विधायक कोडरमा डॉ नीरा यादव, स्कूल के निदेशक अविनाश सेठ, मनीष कपसिमे, निदेशक सुनीता सेठ, शुभा कपसिमे, प्रकाश गुप्ता, डॉ संजीता कुमारी, तनिष्क सेठ, अंजना कुमारी, ग्रिजली पब्लिक स्कूल की प्राचार्या नीरजा, विशिष्ट अतिथि संजय अग्रवाल ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर मार्त्यापण, दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना से की। उसके पश्चात ग्रिजली पब्लिक स्कूल के नये शैक्षणिक भवन कृष्णा सिंह एकेडमिक विंग का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ नीरा यादव के द्वारा किया गया। विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की नींव होती है, और यह विद्यालय हमारे बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। बेबी शो में दो साल तक के बच्चों के लिये मोस्ट एक्टिव एण्ड जौली बेबी, क्यूट स्माइलिंग बेबी, मोस्ट फ्रेंडली बेबी आदि श्रेणी थी। ग्रिजली पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या नीरजा ने स्वागत भाषण में स्कूल की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए जूडो ट्रेनर अविनाश कुमार जिन्होंने सांसद खेल महोत्सव जूडो (प्रथम) सांसद खेल महोत्सव गतका (प्रथम), स्टेट सब जूनियर एंड सीनियर जूडो टूर्नामेंट, एस जी एफआई स्टेट रेसलिंग में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक दिलवाएं। स्कूल के निदेशक द्वय अविनाश सेठ और मनीष कपसिमे ने कहा कि बेबी शो केवल एक मनोरंजन का कार्यक्रम नहीं है बल्कि यह बच्चों की नन्ही प्रतिभाओं को उजागर करने और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने का बेहतरीन अवसर है। मंच संचालन स्कूल के बच्चे गुन सिंह, अंजली कुमारी, वंश केडिया, आश्वी सिंह ने तथा धन्यवाद ज्ञापन संयोजिका पूजा झा ने दिया।

## बाइक से गिर कर पांच लोग घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना क्षेत्र के अंतर्गत रविवार की शाम चंदोडीह के समीप बाइक से गिरकर बाइक सवार पांच लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान वीरू यादव उम्र 26 वर्ष पिता कैलाश यादव ग्राम पंडेडीह, सोना यादव उम्र 2 वर्ष पिता वीरू यादव, गोलू कुमार उम्र 11 वर्ष पिता विकास यादव, बिट्टू कुमार उम्र 12 वर्ष पिता जागेश्वर यादव, आरबी राज कुमार सभी का ग्राम पांडेडीह के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार बाइक अनियंत्रित होकर पलट जाने से बाइक सवार पांच लोग घायल हो गये। इसके बाद आनन फानन में ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया।

## हजारीबाग/कोडरमा की खबरें

### प्रखंड में सरस्वती पूजा की तैयारी पूरी

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में सरस्वती पूजा को लेकर पंडालो की तैयारी अंतिम चरण में है। टंडवा के नीम चौक आयोजित सरस्वती पूजा इस बार आकर्षण का केंद्र होगा। नीम चौक के समीप तलाब में आकर्षक पंडाल का निर्माण कार्य लगभग पुर्ण हो चुका है। पूजा पंडाल के अलावे यहां विद्युत साज सज्जा देखने लायक होगी, शाम ढलते ही यहां टिमटीमाती रोशनी से जगमगा उठेगी, विधिवत सरस्वती और भव्य आकर्षण को लेकर कमिटी के लोग दिन रात मेहनत कर रहें हैं। कमिटी के सचिव विकास कुमार मालाकार ने बताया कि इस बार टंडवा में न्यू ज्योति क्लब में आयोजित सरस्वती पूजा पुरा प्रखंड में आकर्षण का केंद्र होगा बताया कि प्रोजेक्टर के माध्यम से हर दिन भक्ती फिल्म व गीत संगीत का आयोजन किया जायेगा। पूजा को सफल बनाने में अध्यक्ष रुदेश नायक सचिव विकास मालाकार कोषाध्यक्ष रिंकु गुप्ता व रौशन गुप्ता मनोज मालाकार के अलावे बिनोद नायक उत्तम गुप्ता आशुतोष गुप्ता सुबोध नायक गुड्डू गुप्ता लोग सफलता को लेकर लगे हैं वहीं प्रखंड के विभिन्न गांवों में सरस्वती पूजा की धुम है। टंडवा समेत धनगड़ा मिश्रौल कबरा पोकला उर्फ कसियाडीह सराढु राहम बड़गांव कोयद आदि पंचायत के गांवो में लोग तैयारी में जुटे हैं वहीं सरकारी गैरसरकारी स्कुलो में भी पुजा की तैयारी कर ली गयी है।

### न्यू दृष्टि आई हॉस्पिटल का हुआ उद्घाटन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग रोड स्थित डाकघर के समीप नई दृष्टि आई हॉस्पिटल का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि विधायक रोशन लाल चौधरी ने फीता काटकर हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। इस दौरान अस्पताल प्रबंधन की ओर से विधायक को बुके देकर स्वागत किया गया और सोहराय आर्ट की खूबसूरत तस्वीर भेंट की गयी। मौके पर विधायक ने कहा कि बड़का गांव के लिए आई हॉस्पिटल खुलने से लोगों को काफी राहत मिलेगी, लोगों को अब बाहर शहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। अब आसानी से आंखों की इलाज करा सकेंगे। वहीं प्रोपराइटर आशीष कुमार ने कहा कि हमारे यहां सभी प्रकार के आंखों से संबंधित रोगों की जांच व विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम के द्वारा सर्जरी की जायेगी। गणेश प्रसाद मेहता, जागेश्वर प्रसाद, रामचंद्र महतो, अनुज भारती, टुकेश्वर महतो, वचन देव कुमार, सोहनलाल मेहता, उपेंद्र कुशवाहा, संदीप कुशवाहा, हेमंत महतो, आशीष कुमार, निखिल कुमार, संदीप कुमार, तपेश्वर कुमार तापस, सुदेश महतो, आजाद मेहता, रामविलास कुमार, रंजीत विश्वकर्मा, संजय पासवान, अजय मेहता के अलावा कई विशिष्ट प्रबुद्ध उपस्थित थे।

### कस्तूरबा गांधी विद्यालय में विदाई समारोह



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कस्तूरबा गांधी आवासीय उच्च विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर 12 वीं कक्षा के छात्राओं को आशीर्वाद सह विदाई समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार, वार्डन सुनीता कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रचलित कर किया। अतिथियों ने 12 वीं छात्रों को आशीर्वाद के साथ उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर जूनियर छात्राओं ने नृत्य, संगीत प्रस्तुत कर छात्रों को फूल माला तिलक लगाकर विदाई। कस्तूरबा गांधी आवास विद्यालय जयनगर के 51 छात्रों को विदाई दी। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार ने कहा कि छात्रों का विद्यालय से विदाई देने का मुख्य उद्देश्य है कि छात्रों आगे की बेहतर शिक्षा प्राप्त कर विद्यालय के साथ-साथ समाज और परिवार का नाम रोशन करें। मौके पर पंचायती राज पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार, प्रखंड समन्वयक विवेक कुमार, शिक्षिका निरूपा सिंह, बेबी कुमारी, ललिता कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, विनीता कुमारी, रुबी कुमारी, विद्या कुमारी, उत्तरा सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

### शिक्षक उपेंद्र वर्मा हुए सेवानिवृत्त



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** अक्सर वहीं दिए हाथों को जला देते है। जिनको हम हथेली से हवाओ के झोंके से बचा रहे होते है। उक्त कथन चंद्रवंशी विकाश मंच के सदस्य सेवा निवृत शिक्षक उपेंद्र वर्मा ने कही है। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अपने 31 साल की कुशल कार्य के पश्चात 31 जनवरी को एक शिक्षक के रूप में सेवा निवृत होकर अनूठा छाप छोड़ा हैं। सेवानिवृत्ति बाद अपने अनुभवों के आधार पर समाज को नयी दिशा देने का काम करेंगे। उपेंद्र वर्मा को अपने सफल व कुशल कार्य हेतु चंद्रवंशी विकास मंच के मुख्य संरक्षक सदस्य रामेश्वर राम रवानी, जय प्रकाश राम, बिरेंद्र राम, उमेश राम, प्रवीण चंद्रा, सीता राम भगत, ओम प्रकाश राम, महेंद्र राम, चंद्रवंशी दीपक नवीन, महेश भारती, राजेंद्र वर्मा, रवि राम, राजेंद्र वर्मा, दीपक सिंह, सुरेंद्र भारती, अरुण राम, विजय राम, दिवाकर राम, अनिल राम, मनोज राम, रंजीत राम, राजकुमार राम, रवि रवानी, मुकेश राम, विजय कुमार, मनोज कुमार, द्वारिका राम, प्रेम कुमार, प्रवीण रवानी, अभिषेक चंद्रवंशी, मनोहर कुमार, राहुल वर्मा, पवन राम आदि ने बधाई के साथ शुभकामनाएं दी।

### एसआइ जयप्रकाश सिंह को दी गयी विदाई



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में थाना प्रभारी बबलू सिंह के अध्यक्षता में एस आई जयप्रकाश सिंह की विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन एसआई विकास कुमार ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मरकच्चो थाना प्रभारी सौरभ शर्मा उपस्थित थे। सेवा निवृत्त एसआई जयप्रकाश सिंह को सभी लोगों ने अंग वस्त्र, फूल माला और श्रीमद् भागवत गीता देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। मौके पर एस आई संजय कुमार, केडी प्रसाद, नरहरि सिंह मुंडा, इस्लाम अंसारी, आशीष हांसदा, गौरीशंकर सिंह, कृष्ण वर्मा, देवनारायण मेहता, प्रमोद पासवान, प्रदीप कुमार, पिंटू कुमार, प्रकाश दास, शिवन केंद्रीय टुडू, गौरव कुमार, ग्रामीण चौकीदार अनुज कुमार सिंह, तुलसी कुमार साव सहित दर्जनों के संख्या में लोग मौजूद थे।

# स्कूल में आर्केस्ट्रा और अश्लील नाच, जांच शुरू

**विद्यालय प्रबंधन समिति के किसी भी सदस्य को इसकी जानकारी नहीं थी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हंटरगंज/चतरा।** प्रखंड के मीरपुर पंचायत खरौना स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर में सरस्वती पूजा के दौरान रंगारंग कार्यक्रम में आर्केस्ट्रा पार्टी द्वारा डांस का आयोजन किया गया। जिसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वहीं विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष राजेश यादव ने रविवार को लगभग 11 बजे बताया कि कुछ मनचलों युवकों द्वारा महिला नर्तकी द्वारा अश्लील डांस करवाया गया था। उनका कहना है कि विद्यालय परिसर का बाउंड्री नहीं रहने के कारण कुछ मनचलों द्वारा ऐसा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति के किसी भी सदस्य को इसकी जानकारी नहीं थी। फिलहाल प्रशासन मामले की जांच में जुटी हुई हैं।

### सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल

**मांडू (आजाद सिपाही)।** मांडू थाना क्षेत्र के हेसागढा एनएच 33 पर हुई सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मांडू पुलिस गंभीर रूप से घायल दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांडू में चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार चरही हजारीबाग थाना क्षेत्र के इंद्रा कोठिया टांड़ निवासी मनीष कुमार और पंकज कुमार अपने होंडा मोटर साइकिल संख्या जेएच24एच/ 9214 में सवार होकर कुजू बाजार जा रहे थे, कि हेसागढा एनएच 33 पर नियंत्रण खोते हुए बाइक डिवायडर से टकरा गयी। जिसमें दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये।

## पोटंगा के विस्थापित ग्रामीणों के साथ प्रशासन ने की बैठक

# विस्थापित ग्रामीण नया चेहरा देखकर पुलिस को सूचित करें : थाना प्रभारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**उरीमारी।** पुनर्वास स्थल न्यू बरटोला के फुटबॉल ग्राउंड में रविवार को ग्राम पोटंगा के विस्थापित ग्रामीण और पुलिस प्रशासन के बीच बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पोटंगा पंचायत के उप मुखिया रविंद्र सोरेन और संचालन जीतन मुंडा ने किया। इस बैठक में थाना प्रभारी उरीमारी रामकुमार राम के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि सभी विस्थापित ग्रामीण सतर्क होकर हमेशा अलर्ट रहे। नया चेहरा को देखकर तुरंत प्रशाशन को सूचित करें। पुलिस प्रशासन 24 घंटा आपकी सुरक्षा के लिए तत्पर है। इस बैठक में मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय सदस्य सह विस्थापित नेता सोनाराम मांझी, झामुमो पूर्व जिला उपाध्यक्ष संजय करमाली, प्रखंड उपाध्यक्ष मोहन सोरेन, सूरज बेसरा, मनोज मुंडा, गणेश गंझू, अकल मुंडा, गिरधारी प्रजापति, प्रेमलाल मुंडा, विनोद हेंब्रोम, राजेंद्र गंझू, कामेश्वर मुंडा, अजय करमाली, लेचा मांझी, दिनेश्वर सोरेन, योगा किस्कू, सुखराम बेसरा, विनोद सोरेन, विजय सोरेन, दिनेश टुडू, पंकज हेंब्रोम, आनंद बेसरा, अजय मरांडी, धनीराम सोरेन, नरेश हांसदा, सुरेश हेंब्रोम, साहिल हेंब्रोम, दीवान किस्कू, मिशिर सोरेन, महादेव बेसरा, मानेश्वर मुंडा, दिनेश मुंडा, उपेंद्र सिंह, इंद्रदेव प्रजापति, संतोष प्रजापति, विनय सिंह आदि उपस्थित थे।

# गायनिक एंडोस्कोपिक सर्जरी में कम समय के साथ मरीज जल्द स्वास्थ्य होते हैं: डॉ संजीव

आजाद सिपाही संवाददाता




**रामगढ़।** दूरबीन से सर्जरी सबसे बढ़िया है, आनेवाले दिनों में सभी ऑपरेशन दूरबीन से ही किया जायेगा, इसलिये चिकित्सकों को इसका ज्ञान जरूरी है। उक्त बातें रविवार को रांची रोड स्थित साई सेवायतन हॉस्पीटल और गीता आइवीएफ फरटीलिटी सेंटर में बतौर मुख्य वक्ता इंडोस्कोपी विशेषज्ञ डॉ संजीव कुमार ने कही। उन्होंने बताया कि गायनिक एंडोस्कोपिक सर्जरी में कम समय लगता है। मरीज जल्द स्वस्थ्य होता है। मामूली सा छोटा छेदकर बच्चेदानी, शिष्ट, रसौली लेप्रोस्कोपिक आदि की सर्जरी साइंस का वरदान है। वही, स्त्री और प्रसुति रोग विभागाध्यक्ष डॉ शशिबाला ने कहा कि यह उन्नत व सुरक्षित सर्जरी प्रद्धति है। कार्यक्रम का संचालन रांची ओबीजीवाइएन सोसायटी के सचिव और उपाध्यक्ष डॉ गीता सिन्हा मानकी ने किया। मौके पर संस्था के संरक्षक डॉ उषा नाथ, डॉ प्रीतिबाला सहाय, डॉ सुमन सिन्हा, डॉ कनक लता, डॉ प्रज्ञा श्रीवास्तव आदि मुख्य रूप से मौजूद थे। इससे पूर्व कार्यशाला का शुभारंभ अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर कई गायनी चिकित्सक मौजूद थी।

### पीएससी पथ निर्माण का किया उद्घाटन

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव प्रखंड के चंदौल गांव में 15 वें वित्त आयोग योजना मध्य से निर्मित तुलसी रविदास के घर से जंगाली राम के घर तक ईट सोलिंग और पीसीसी पद निर्माण का उद्घाटन बड़कागांव मध्य जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी द्वारा नारियल फोड़ और फीता काटकर किया गया। मौके पर जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी ने कहा कि 15वीं वित्त आयोग से क्षेत्र में कई विकास योजना संचालित हो रही है। हालांकि राज्य सरकार द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के जनप्रतिनिधियों को पूर्ण अधिकार नहीं देने के कारण सही दिशा में विकास की गति रफ्तार नहीं पकड़ी है। इस अवसर पर उपमुखिया मोहम्मद शमशेर, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सुरेश चौधरी, अशेश्वर राम, विनोद यादव, रघुवीर राम, देशराज कुमार, रेखा देवी, सावित्री देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष शामिल थे।**

### युवती को घायलावस्था में किया बरामद

**प्रतापपुर/ चतरा (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने शनिवार को थाना क्षेत्र के उगरमाचा जंगल से विवाहित युवती को घायलावस्था में बरामद किया। युवती को घायल अवस्था में प्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया। जहां युवती की शरीर पर अधिक जख्म और नाजुक स्थिति होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल गया रेफर कर दिया गया। घायल युवती अपना पहचान बिहार के औरंगाबाद जिला ग्राम मदनपुर गांव के कुसुम कुमारी (23) पिता भोला यादव के रूप में बतायी है। इस संबंध में थाना प्रभारी कासिम अंसारी ने बताया की शनिवार को सूचना मिली की उगरमाचा जंगल में घायल अवस्था में युवती पड़ी हुई है जिसके बाद पुलिस ने घायल को कब्जे में लेकर इलाज के लिए भेज दिया है। घायल युवती के शरीर पर काफी बार चाकू से हमला किया गया है और हमलावर मृत समझकर उसे छोड़कर भाग गये। घटना के संबंध में घायल से पूछने पर बतायी की घटना में दो लोग शामिल थे। घटना को लेकर एक महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है जल्द ही घटना में संलिप्त लोगों को गिरफ्तार किया जायेगा।

### तेज रफ्तार कार ने एक व्यक्ति को मारी टक्कर, रेफर

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** ओपी अंतर्गत काली मंदिर स्थित मेन रोड के निकट रविवार को तेज रफ्तार कार ने एक व्यक्ति को जोरदार टक्कर मारकर घायल कर दिया। घायल को प्राथमिक उपचार के लिए सीसीएल आर्दश क्षेत्रीय सीसीएल अस्पताल भुरकुंडा लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद घायल को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार दोपहर करीब सवा बारह बजे बजे जयप्रकाश नगर भुरकुंडा निवासी शशि दुबे 58 वर्ष अपने आवास से मेन रोड की ओर जा रहे थे। इस बीच सौंदा डी से भुरकुंडा की ओर आ रही जेएच 01 इइ 1394 नंबर की तेज रफ्तार कार ने शशि दुबे को जोरदार धक्का मार दिया। दुर्घटना में वे गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर जा गिरे। शशि दुबे को कान और नाक सहित काफी अंदरूनी चोटें लगी है। स्थानीय लोगों ने तत्काल घायल को इलाज के जिए भुरकुंडा अस्पताल ले गये। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें उनके भाई विद्यानंद दुबे उर्फ नन्हें के साथ एंबुलेंस के माध्यम से बेहतर इलाज के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल ले जाया गया।

# चरण पहाड़ी मंदिर कुजू में वसंतोत्सव का शुभारंभ

**झारखंड की चरण पहाड़ी चैतन्य महाप्रभुजी द्वारा दिये गये प्रेम की निशानी है: पीठाधीश्वर महंत केशव दास**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुजू।** कुजू कोलियरी स्थित चैतन्य महाप्रभु धाम चरण पहाड़ी मंदिर में बसंतोत्सव पर भक्ति की धारा बह रही है। रविवार को मंगल घट स्थापना और अधिवास कीर्तन के साथ महोत्सव का शुभारंभ किया गया। अधिवास कीर्तन का शुभारंभ राधाकुंड ब्रजधाम वृंदावन से आये श्रीरघुनाथ दास गोस्वामी गद्दी के गद्दीनशीन पीठाधीश्वर महंत केशव दास महाराज ने आरती उतारकर कर किया। इसके बाद गायन कलाकार नंदगोपाल दास महाराज के निदेशन में आयोजित भजन संध्या में सच्ची दुलाला नाचत हरि कीर्तन की प्रस्तुति की गयी। रविवार की सुबह से ही अखंड हरिनाम कीर्तन की शुरुआत की गयी। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में आये पीठाधीश्वर महंत केशव दास महाराज ने बताया कि झारखंड की चरण पहाड़ी चैतन्य महाप्रभुजी द्वारा दिये गये प्रेम की निशानी हैं। इसी घोर जंगल से होकर महाप्रभु जी ब्रजधाम पहुंचे हैं। यहां उन्होंने ब्रज के गांव में हरिनाम कीर्तन की अलख जगायी है। कार्यक्रम के आयोजक मंदिर महंत प्रेमदास महाराज ने बताया कि झारखंड के चरण पहाड़ी धाम में वसंत पंचमी को वार्षिकोत्सव मनाया जाता है। जिस प्रकार वसंत पंचमी से ब्रज में 40 दिन की होली खेली जाती है। ठीक उसी प्रकार चरण पहाड़ी धाम में सोमवार को रंग गुलाल की होली खेली जायेगी। 11 बजे से महाप्रभु जी की लीला 64 महंत के भोग लगायें जायेंगे। इस अवसर पर पीठाधीश्वर महंत केशव दास महाराज, चरण पहाड़ी के महंत प्रेम दास, नंदगोपाल दास, प्रेमचंद, महेश चंद शर्मा ब्रजवासी, व्यास लक्ष्मण ठाकुर, पत्रकार कृष्ण चन्द्र दुबे, विनोद ठाकुर, शिव प्रसाद महतो, वासु दास आदि रहे।

### महाकुंभ से लौट रहा युवक लापता



**कुजू (आजाद सिपाही)।** करमा दक्षिणी पंचायत के पुरनाडीह पुलिया टोला निवासी 42 वर्षीय कोलेश्वर महतो पिता स्व जाला महतो प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में स्नान कर लौटने के क्रम लापता हो गया। जिसको लेकर कोलेश्वर के जीजा वासुदेव महतो, साला कुंदन महतो, दामाद मुकेश महतो और साथ में गये मांडू प्रखंड की प्रमुख चंद्रमणि देवी ने मांडू थाना में आवेदन दिया है। जानकारी के अनुसार, कौलेश्वर महतो अपनी पत्नी सुशीला देवी के साथ गत 28 जनवरी की दोपहर बस से कुंभ स्नान के लिए निकले थे। 30 जनवरी को कुंभ स्नान के बाद अयोध्या प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए निकले। इस दौरान 31 जनवरी की रात्रि करीब साढ़े 8 बजे हरुआ थाना क्षेत्र के सड़क मार्ग पर बस रुकी। जहां बस से उतरने के बाद कोलेश्वर का कुछ पता नही चल पाया। तभी से लापता कोलेश्वर को ढूंढने के लिए उसके परिजन परेशान है।

### जय श्री महाकाल मंडली की हुई बैठक



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** शहर के झंडा चौक एलआइसी ऑफिस के निकट कार्यक्रम स्थल पर जय श्री महाकाल मंडली की बैठक शनिवार की देर शाम आयोजित की गयी। इस दौरान बैठक में 13वां भव्य महाशिवरात्रि महोत्सव धूमधाम से मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि महाशिवरात्रि धूमधाम से मनाया जायेगा, इसके लिए भव्य पंडाल का निर्माण 20 फरवरी से चालू होगा। 25 फरवरी को अग्नि भट्टी पूजा के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की जायेगी वहीं, 26 फरवरी को 10 बजे महाकाल दरबार की पूजा, 11 बजे से भंडारा, दोपहर 2 बजे भोग, 3 बजे से छोटे बच्चों द्वारा झांकी प्रस्तुत की जायेगी। इसके पश्चात पुरस्कार वितरण किया जायेगा। जबकि, संध्या 6 बजे महा आरती पुष्प वर्षा के साथ दूध भांग का महाप्रसाद 7 से जागरण की जायेगी। जय श्री महाकाल मंडली के लोगों ने आह्वान करते हुए कहा कि महाशिवरात्रि में बढ़-चढ़कर भाग ले, ताकि इस बार भी महाशिवरात्रि महोत्सव धूमधाम से मनाया जा सके।

### बिरहोरों के बीच कंबल का वितरण



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** कर्णधार सामाजिक और संस्कृतिक संस्थान के तत्वावधान में रविवार को दोहाकातु स्थित बिरहोर टोला में बिरहोरों के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर संस्था के संस्थापक सचिव विक्रांत गुप्ता ने कहा कि बढ़ती ठंड को देखते हुए संस्था की ओर से कंबल वितरण किया जा रहा है, पहले भी इन स्थानों पर बिरहोर बच्चों के बीच गर्म कपड़ों का वितरण किया गया था। संस्था समय-समय पर जरूरतमंदों की सेवा के लिए कार्य करते आ रही है और आगे करते रहेगी। इस अवसर पर दीक्षा साहू, जयदीप सोनी, कर्मवीर राम, राजेश जायसवाल आदि उपस्थित थे।

### मनरेगा सप्ताह कार्यशाला आयोजित



**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के तरवागड़ा पंचायत सचिवालय में रविवार को रोजगार दिवस के मौके पर मुखिया प्रतिनिधि दिलीप कुमार दास की अध्यक्षता में मनरेगा सप्ताह कार्यशाला आयोजन की गयी। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के बैनर तले आयोजित कार्यशाला में उपस्थित ग्रामीणों को मनरेगा द्वारा संचालित योजनाओं और मनरेगा से मजदूरों को मिलने वाले रोजगार संबंधी जानकारी दी गयी। जिसमें इच्छुक मजदूरों का जॉब कार्ड निर्गत करना, निजी लाभ की योजनाओं के लिए आवेदन प्राप्त करना, पुराने जॉब कार्ड धारी के सत्यापन के लिए मजदूरों का खाता और फोटो प्राप्त करना, मनरेगा में इच्छुक मजदूरों का मांग पत्र प्राप्त करना आदि विषयों पर विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए मनरेगा संबंधी जानकारी ग्रामीणों को दी गयी। इस मौके पर आयोजित कार्यशाला में मुख्य रूप से पंचायत रोजगार सेवक, मजदूर शिवभजन भुईयां, रूबी देवी, ललिता देवी सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### डोमचांच में विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर



**डोमचांच (आजाद सिपाही)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार और जिला प्रशासन कोडरमा के संयुक्त तत्वावधान में विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी ज्योत्सना पांडेय मौजूद थी। विशिष्ट अतिथि के अतिथि के रूप में अंचल अधिकारी रविंद्र पांडेय मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी भोला पांडेय ने की। मुख्य अतिथि ज्योत्सना पांडेय को पौधे देकर मंच पर प्रखंड विकास पदाधिकारी भोला पांडेय ने उनका स्वागत के साथ विधिक सेवा सह सशक्तिकरण कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि ज्योत्सना पांडेय ने कहा कि जिस प्रकार कोई बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रह सकता है ठीक उसी प्रकार समाज के अंतिम न्याय से वंचित नहीं रह सकता है। अंचल अधिकारी रविंद्र पांडेय ने कहा कि झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा समय-समय पर जागरूकता शिविर का आयोजन कर लोगों को कानूनी जानकारी से जागरूक किया जाता है। कार्यक्रम को संयुक्त रूप से जिला कृषि पदाधिकारी रविशंकर बरनवाल और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अजय कुमार रवि, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रिजवान खां ने भी संबोधित किया। मौके पर प्रखंड प्रधान सहायक राजेंद्र राय, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी जेएसएलपीएस आलोक नाथ, प्रभारी कृषि पदाधिकारी सनोज कुमार प्रभारी कल्याण पदाधिकारी प्रेम कुमार, पंचायत सचिव विनोद रविदास, राकेश कुमार, पूजा भारती, नीलिमा लकड़ा, मालती कुमारी, पूनम कुमारी बबीता कुमारी सहायक रिशु राज, महिला पर्यवेक्षिका अनुश्री, मेहमून निशा, उर्मिला देवी, प्रभारी बीटीएम ओम प्रकाश गुप्ता, प्रखंड समन्वयक प्रियंका कुमारी कंप्यूटर ऑपरेटर मनोज कुमार यादव, संजय कुमार शर्मा, पीयूष कुमार, सकलदेव यादव, बिंदु सिंह, ममता कुमारी, रजनी कुमारी,पीएलवी मनोज कुमार, अनुराग पांडेय, अनिल कुमार यादव, गुंजा कुमारी, के अलावे सेविका आशा कुमारी, रितु कुमारी, पूनम देवी, पूजन कुमारी, सुनीता देवी, उर्मिला देवी के अलावे अन्य उपस्थित रहे।

# अक्सर धार्मिक स्थानों पर भगदड़

भगदड़ कहीं भी हो दिल दहला देने वाली होती है। भगदड़ भीड़ के कारण भी हो सकती है, अफवाह या किसी अन्य कारण से भी, पर भगदड़ तो भगदड़ ही है। अक्सर धार्मिक स्थानों पर भगदड़ मच जाती है। नवरात्रि में सब लोग पहली नवरात्रि को ही मां अम्बे के दर्शन करने को उत्सुक होते हैं और भीड़ के कारण भगदड़ मच जाती है। महाकुंभ में भी भगदड़ भीड़ के कारण हुई। महाकुंभ हादसा एक साजिश भी हो सकती है। प्रयागराज में महाकुंभ का मेला लगा हुआ है। महाकुंभ का यह पावन अवसर 144 साल बाद आया है, इसलिए महाकुंभ में शुरू से बहुत बहुत ज्यादा भीड़ रही है और हर सनातनी वहां जाने को उत्सुक है। इस बार यूपी के सीएम योगी ने व्यवस्था भी बहुत शानदार की है। प्रशासन बहुत सतर्क है, चाहे वो थल सेना हो, जल सेना हो या वायु सेना हो, साथ ही हर विभाग के कर्मचारी सब पूरी मुस्तैदी से कुंभ में अपना सहयोग दे रहे हैं। थकान के बावजूद चेहरे पर मुस्कान लिए पुलिस सभी श्रद्धालुओं के साथ सहयोग कर रही है। व्यवस्था की बात करें तो ट्रेन से उतरते समय ही दरवाजे पर पुलिस खड़ी होकर एक-एक श्रद्धालु को उतरवाने, उन्हें रेलवे ब्रिज से बाहर निकालने, साथ-ही-साथ घाट पर जाने के लिए ई-रिक्शा की व्यवस्था तक करके दे रही थी, वापसी में भी एक-एक श्रद्धालु को ट्रेन में अच्छे से चढ़ा रही थी। जगह-जगह मेडिकल कैंप लगे हुए थे, एंबुलेंस के साथ-साथ बम निरोधक दस्ते, जगह-जगह खोया-पाया स्टेशन बने थे, पुलिस हर जगह पुलिस मौजूद थी, इतनी पुलिस और इतनी सक्रिय कि बड़े-बूढ़े-बच्चे सब खुश थे। इतना सब होने पर भी भगदड़ मच ही गयी। बुधवार, 29 जनवरी को मौनी अमावस्या थी। मौनी अमावस्या का धार्मिक महत्व है, इसलिए इस दिन महाकुंभ में अमृत स्नान का बहुत महत्व है। यही कारण है कि इस दिन श्रद्धालुओं का तांता लग गया। मौनी अमावस्या से पहले देर रात संगम पर हादसा हो गया। एक तो भीड़ बहुत बढ़ गयी, ऊपर से अधैर्य के कारण भगदड़ मच गयी, यह जो हादसा हुआ, वो नहीं होना चाहिए था, पर जरा-सी लापरवाही के कारण ये हादसा हो गया, जो बहुत दुःखद है। लोग घाट पर और स्टेशन पर ऐसे ही बीच में चद्दर डाल सो रहे थे, इतनी भीड़ और अमृत स्नान होना था ये सबको ज्ञात था, फिर भी लोगों का इस तरह घाट पर सोना और ये हादसा होना बहुत आहत कर गया। भगदड़ में कई लोग गिर गये और सोए हुए कई लोगों की भी जान चली गयी। जिस सक्रियता से सभी घायलों को अस्पताल ले जाया गया और स्थिति को संभाल लिया गया ये अच्छी बात हुई वर्ना बहुत बुरा हो सकता था। ईश्वर कृपा करे, श्रद्धालु भी सजग रहें तो अच्छा है। स्नान आप किसी भी घाट पर करें, सब घाट में त्रिवेणी संगम है और स्नान करने के बाद रुकने का कोई अर्थ नहीं तुरंत वापसी करें। पुलिस बार-बार इस तरह की घोषणा कर रही है, उस पर ध्यान दिया जाता तो शायद यह हादसा होने से बच जाता। अभी भी संभलने की आवश्यकता है। महाकुंभ भगदड़ में दिवंगत आत्माओं को परमपिता परमात्मा अपने श्री चरणों में स्थान दें ॐ शांति, साथ ही हम घायलों के शीघ्र ही स्वास्थ्य लाभ होने की कामना भी करते हैं।

**मौनी अमावस्या का धार्मिक महत्व है, इसलिए इस दिन महाकुंभ में अमृत स्नान का बहुत महत्व है। यही कारण है कि इस दिन श्रद्धालुओं का तांता लग गया। मौनी अमावस्या से पहले देर रात संगम पर हादसा हो गया।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**वित्त मंत्री ने कहा : लोकतंत्र, जनसांख्यिकी और मांग विकसित भारत की यात्रा के प्रमुख स्तंभ है। उन्होंने कहा कि मध्यम वर्ग भारत की वृद्धि को ताकत देता है और सरकार ने उनके योगदान को मान्यता देते हुए समय-समय पर शून्य कर स्लैब में बढ़ोतरी की है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित नयी कर संरचना मध्यम वर्ग के हाथों में अधिक पैसा देकर उपभोग, बचत और निवेश को काफी बढ़ावा देगी।**

# बजट- 2025-26: देश के विकास के लिए अनुकूल

**प्रो. तपन कुमार शांडिल्य**



प्रस्तुत बजट एक क्रांतिकारी है। यह देश के विकास के लिए आवश्यक है। प्रस्तुत आम बजट में कई विशेषतायें दिखायी पड़ता है, जैसे- शून्य गरीबी, गुणवत्ता स्कूली शिक्षा, गुणवत्ता वाली व्यापक स्वास्थ्य सेवा, सार्थक रोजगार, महिलाओं के विकास पर जोड़, किसानों के विकास, निजी क्षेत्र के निवेश पर बढ़ावा एवं कृषि, एमएसएमइ, निवेश और निर्यात पर बल दिया गया है। यह बजट 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने में सहयोग प्रदान करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सरकार ने लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए बजट में कई साहसी कदम उठाये हैं। प्रत्यक्ष कर प्रस्तावों में मध्यम वर्ग पर विशेष ध्यान देने के साथ व्यक्तिगत आयकर सुधार, टीडीएस/ टीसीएस को तर्कसंगत बनाना, अनुपालन बोझ में कमी के साथ स्वैच्छिक अनुपालन को प्रोत्साहन, व्यापार करने में आसानी और रोजगार तथा निवेश को प्रोत्साहित करना शामिल है। वित्त मंत्री ने कहा : लोकतंत्र, जनसांख्यिकी और मांग विकसित भारत की यात्रा के प्रमुख स्तंभ है। उन्होंने कहा कि मध्यम वर्ग भारत की वृद्धि को ताकत देता है और सरकार ने उनके योगदान को मान्यता देते हुए समय-समय पर शून्य कर स्लैब में बढ़ोतरी की है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित नयी कर संरचना मध्यम वर्ग के हाथों में अधिक पैसा देकर उपभोग, बचत और निवेश को काफी बढ़ावा देगी। विकसित भारत के लिए परमाणु ऊर्जा मिशन, केसीसी के माध्यम से अधिक ऋण, बिहार में कारखाना बोर्ड, कपास उत्पादकता, वित्तीय क्षेत्र में सुधार एवं विकास, कर सुधार, विनियामक सुधार, निर्यात संवर्धन, अनुसंधान विकास और नवाचार आदि पर बजट में विशेष पहल की गयी है।

**किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा को 3 लाख रुपये से बढ़ा कर 5 लाख रुपये किया गया है।**

वित्त मंत्री ने बजट पेश करते हुए तेलगू कवि एवं नाटककार गुरूजेदा अप्पा राव के शब्दों को रेखांकित करते हुए कहा- एक देश सिर्फ उसकी भूमि नहीं है, बल्कि एक देश उसके लोग है। वित्त मंत्री ने सभी क्षेत्रों के संतुलित विकास को प्रोत्साहित करते हुए सबका विकास थीम के साथ केंद्रीय बजट- 2025-26 पेश किया।

केंद्रीय बजट आज संसद में पेश किया गया। वर्ष 2025-26 का यह बजट आशातीत है एवं देश के विकास के लिए आवश्यक है। यह बजट भी एक ऐतिहासिक है। कुछ घोषणाए महत्वपूर्ण है। 12 लाख रुपए तक की आय कर मुक्त होगी। इस बजट में विभिन्न क्षेत्रों जैसे कृषि, उद्योग, स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए विशेष आवंटन है, जिसमें आम जनता को राहत मिलेगी। रोजगार के लिए भी महत्वपूर्ण कदम उठाये गये हैं। कुल मिलाकर यह बजट आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

अगर किसी व्यक्ति की सालाना आय 12 लाख रुपये से अधिक है, तो उसे इनकम टैक्स स्लैब्स के हिसाब से टैक्स देना होगा। सैलरी क्लास यानी वेतनभोगी कर्मचारियों की स्थिति में ये लिमिट 12 लाख 75 हजार रुपये है और जैसे ही ये लिमिट पार होगी, वो टैक्स के दायरे में आ जायेंगे और उन्हें स्लैब्स के हिसाब से ही इनकम टैक्स देना होगा। मसलन अगर किसी व्यक्ति की सालाना आमदनी 13 लाख रुपये है, तो क्योंकि वो इस लिमिट से बाहर हो गया है, इसलिए उसे टैक्स देना होगा। उदाहरण के तौर पर मानिए कि किसी व्यक्ति की सालाना आय 13 लाख रुपये है। चूंकि पहले चार लाख रुपये पर कोई टैक्स नहीं है, इसलिए इस स्लैब पर टैक्स नहीं देना है। 4 से 8 लाख रुपये के दायरे पर 5 फीसदी टैक्स लगना है यानी चार लाख रुपये पर 5 फीसदी के हिसाब से टैक्स हुआ 20 हजार रुपये। फिर 8 लाख से 12 लाख रुपये पर टैक्स दर है 10 फीसदी, इस ब्रेकेट में चार लाख रुपए पर 10 फीसदी के हिसाब से टैक्स बना 40 हजार रुपये। अब क्योंकि इस व्यक्ति की सालाना आमदनी 13 लाख रुपये है, इसलिए बचे हुए 1 लाख रुपये पर 15 फीसदी के हिसाब से टैक्स बना 15 हजार रुपये। इस तरह से इस व्यक्ति की टैक्स देनदारी बनी- 20 हजार + 40 हजार + 15 हजार यानी 75 हजार रुपये। वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा कि मोदी सरकार ने लगातार इनकम टैक्स में लोगों को राहत दी है। इस मामले में इनकम टैक्स के स्लैब में लगातार बदलाव किये गये हैं।

पिछले साल यानी साल 2024 के बजट के मुताबिक टैक्स स्लैब में 3 लाख तक की कमाई पर कोई टैक्स नहीं लगता था, जबकि 3 से 7 लाख की सालाना आमदनी पर 5 % टैक्स का प्रावधान था। वहीं 7 से 10 लाख रुपये की सालाना कमाई पर 10% का इनकम टैक्स लग रहा था। 10 से 12 लाख की कमाई पर 15% आयकर लग रहा था। उसके बाद 12 से 15 लाख की कमाई पर टैक्स 20% टैक्स लग रहा था, जबकि 15 लाख से ऊपर की कमाई पर 30% इनकम टैक्स देना पड़ता था।

**मध्यम वर्ग के लोगों के लिए बजट में ऐतिहासिक परिवर्तन :**12 लाख रुपये तक की कमाई पर अब कोई टैक्स नहीं लगेगा। नौकरीपेशा लोगों के लिए 75 हजार रुपये का स्टैंडर्ड डिडक्शन मिलेगा, जिससे टैक्स की सीमा 12.75 लाख तक बढ़ जायेगी। बुजुर्गों के लिए टैक्स छूट को दोगुना किया गया है। टीडीएस की सीमा को बढ़ाकर 10 लाख रुपये किया गया है। अब 4 साल तक अपडेटेड आइटीआर भरा जा सकेगा। किराये की आमदनी पर टीडीएस छूट को 6 लाख रुपये तक बढ़ा दिया गया है। मोबाइल फोन और ई-कार सस्ती होंगी। इवी और मोबाइल की लीथियम आयन बैटरी सस्ती होंगी। एलइडी और एलसीडी टीवी सस्ती होंगी, कस्टम ड्यूटी घटा कर 2.5 प्रतिशत की गयी है।

देश में अगले हफ्ते नया इनकम टैक्स बिल पेश किया जायेगा। 1 लाख करोड़ रुपये का अर्बन चैलेंज फंड बनाया जायेगा। शहरी क्षेत्र के गरीबों की आय बढ़ाने के लिए नयी योजना आयेगी। एक लाख अधूरे घर पूरे किये जायेंगे, और 2025 तक 40 हजार नये मकान हैंडओवर किये जायेंगे। हर घर तक नल से जल पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन कार्यक्रम को 2028 तक बढ़ाया जायेगा।

**महिलाओं और बुजुर्ग के लिए बजट में विशेष लाभ :** केंद्र सरकार ने आम बजट 2025-26 में सीनियर सिटीजन या वरिष्ठ नागरिकों को भी टैक्स में राहत का एलान किया है। इस बजट में वरिष्ठ नागरिकों के लिए ब्याज पर टैक्स छूट की सीमा को 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख रुपये कर दिया गया है। इसके साथ ही बजट भाषण में निर्मला सीतारमण ने कहा है कि सरकार अगले हफ्ते इनकम टैक्स बिल लेकर आएगी। गृह मंत्री अमित शाह ने आम बजट पर टिप्पणी करते हुए कहा है, बजट 2025 विकसित और हर क्षेत्र में श्रेष्ठ भारत के निर्माण की दिशा में मोदी सरकार की दूरदर्शिता का ब्लूप्रिंट है।

**किसान के लिए बजट में विशेष लाभः** किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा को 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये किया गया है। देशभर में पीएम धन-धान्य कृषि योजना शुरू की जायेगी, जिससे 100 जिलों को लाभ मिलेगा। डेयरी और मछली पालन के लिए 5 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध होगा। समुद्री उत्पादों पर कस्टम ड्यूटी को 30 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत किया गया, जिससे ये उत्पाद सस्ते होंगे। अंडमान, निकोबार और गहरे समुद्र में मछली पकड़ने को बढ़ावा दिया जायेगा। बिहार के किसानों की मदद के लिए मखाना बोर्ड का गठन किया जायेगा। मिथिलांचल में पश्चिमी कोसी नहर परियोजना की शुरूआत होगी, जिससे 50 हजार हेक्टेयर क्षेत्र के किसानों को लाभ मिलेगा। दालों में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए एक 6 साल का मिशन शुरू किया जायेगा। पोस्ट पेमेंट बैंक की पेमेंट सर्विस को ग्रामीण योजनाओं में बढ़ाया जायेगा। कपास उत्पादन के लिए 5 साल की कार्ययोजना बनायी जायेगी, जो उत्पादन और मार्केटिंग पर ध्यान केंद्रित करेगी। असम के नामरूप में एक नया यूरिया प्लांट स्थापित किया जायेगा।

**बजट में युवाओं का स्थान :** स्टार्ट-अप के लिए 10 हजार करोड़ रुपये का फंड। 500 करोड़ रुपये सेआर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एक्सीलेंस सेंटर। मेडिकल एजूकेशन में अगले 5 साल में बढ़ेंगी 75000 सीटें। देश में 23 आइआइटी में 6500 सीटें बढ़ेंगी। पीएम रिसर्च फेलोशिप के तहत दी जायेगी 10 हजार रुपये की फेलोशिप। स्किल बढ़ाने के लिए 5 नेशनल लेवल के सेंटर बनाये जायेंगे। सरकारी माध्यमिक विद्यालयों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी।

**(लेखक : डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# टुडू एफसी की टीम बनी फुटबॉल टूर्नामेंट की विजेता, विधायक ने किया सम्मानित

**विधायक समीर मोहंती ने अलगुरु पंडित रघुनाथ मुर्मू के 43वां पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बहरागोड़ा।** अलगुरु पंडित रघुनाथ मुर्मू के 43वां पुण्यतिथि पर बहरागोड़ा विधानसभा के गुड़ाबांन्दा प्रखंड और बालिजुड़ी पंचायत के बेनगाड़ीया में दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रविवार को पीटीआरएन मुर्मू एसोसिएशन के द्वारा आयोजित प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम के पुरस्कार वितरण समारोह में झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के अनुपस्थिति में बहरागोड़ा विधायक समीर मोहंती शामिल हुए। मौके पर ग्रामीणों ने आदिवासी रीति रिवाज से विधायक समीर मोहंती का भव्य स्वागत किया। विधायक ने पंडित रघुनाथ मुर्मू के मूर्ति पर माल्यार्पण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विधायक ने टुडू एफसी और मैजिक एफसी के बीच फाइनल फुटबॉल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने परिचय प्राप्त व बल में किक मारकर शुभारंभ किया। मौके पर ग्रामीणों ने पाता नाच, दांसाय नाच, दोंगेड़ नाच, कर्म नाच में अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किय। फाइनल फुटबॉल प्रतियोगिता में टुडू एफसी की टीम विजेता और मैजिक एफसी उपविजेता बने। विधायक के द्वारा विजेता टीम को नगद 25 हजार व ट्राफी और उपविजेता टीम को नगत 17 हजार व ट्राफी देकर सम्मानित किया। मौके पर बहरागोड़ा झामुमो प्रखंड सह बीस सूत्री अध्यक्ष असित मिश्रा, उपप्रमुख मुन्ना होता,चाकुलिया उपप्रमुख धनंजय कुरुणमाय, बलराम महतो, भित्ति सुंदन महतो, डॉ श्याम मुर्मू, डॉ बिरबोल हेंब्रम, बीस सूत्री सदस्य साकिला हेंब्रम, आंगारपाड़ा पंचायत के मुखिया सलमा किस्कु सहित सैकड़ों झामुमो कार्यक्रता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जमशेदपुर में टाटा स्टील स्पोर्ट्स विभाग ने हॉर्स राइडिंग का किया आयोजन, सात से 70 वर्ष के राइडर्स हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के टाटा स्टील स्पोर्ट्स विभाग द्वारा हॉर्स राइडिंग का आयोजन किया गया, जिसमें बेहतर हॉर्स राइडर्स को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर टाटा स्टील के वीपी सीएस चाणक्य चौधरी ने कहा कि जमशेदपुर में हॉर्स राइडिंग के प्रति लोगों का रुझान बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि टाटा स्टील स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने में पूरी जिम्मेदारी निभाती है।

जमशेदपुर के सोनारी क्षेत्र स्थित हॉर्स रायडिंग स्कूल परिसर में तीसरा हॉर्स राइडिंग प्रतियोगिता में बेहतरीन हॉर्स राइडिंग करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान टाटा स्टील के वीपी सीएस चाणक्य चौधरी, टाटा वर्कर्स यूनियन अध्यक्ष संजीव चौधरी, टाटा स्टील स्पोर्ट्स विभाग के पदाधिकारी के अलावा कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

हॉर्स राइडिंग में 7 से 70 वर्ष के राइडर्स शामिल हुए। कुल 64 प्रतिभागियों में 38 लड़कियां और 26 पुरुष वर्ग के प्रतिभागी थे। हॉर्स राइडिंग के 6 अलग-अलग इवेंट में हॉर्स राइडर्स ने अपना कमाल दिखाया। बता दें कि टाटा स्टील स्पोर्ट्स विभाग द्वारा पिछले 20 वर्ष पूर्व हॉर्स राइडिंग स्कूल की शुरूआत की थी। वर्तमान में 150 से ज्यादा हॉर्स राइडर्स इस स्कूल में राइडिंग का प्रशिक्षण ले रहे हैं। प्रतिदिन 50 से 60 राइडर्स स्कूल में ट्रेनिंग लेते हैं। इस स्कूल में टाटा स्टील के अलावा गैर टाटा स्टील के लोग भी जुड़े हुए हैं।

तीसरे हॉर्स राइडिंग प्रतियोगिता में राइडर्स को सम्मानित करने के बाद टाटा स्टील के वीपी सीएस चाणक्य चौधरी ने बताया की 20 वर्ष से हॉर्स राइडिंग स्कूल का संचालन टाटा स्टील स्पोर्ट्स विभाग द्वारा किया जा रहा है। खुशी है की जमशेदपुर में हॉर्स राइडिंग के प्रति लोगों का रुझान बढ़ा है। जमशेदपुर का यह हॉर्स राइडिंग स्कूल अब प्रचलित हो गया है। यह स्कूल अपनी मानकों को पूरा कर रहा है। अब अन्य प्रायोजक भी यहां के इवेंट को प्रायोजित करने में रुचि लेने लगे हैं। आने वाले दिनों में यहां के राइडर्स स्टेट लेवल प्रतियोगिता तक पहुंचने की तैयारी में है।

# 15 लाख राशि वाली फुटबॉल प्रतियोगिता का विजेता बना मार्ट मुड़िया

आजाद सिपाही संवाददाता




**गम्हरिया।** सरायकेला खरसावां जिले के गम्हरिया प्रखंड स्थित मुड़िया पंचायत के कोलाबीरा मैदान में आदिवासी तिलका फुटबॉल एसोसिएशन सिंहभूम द्वारा आयोजित 15 लाख राशि वाले कोल्हान के सबसे बड़े दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का संपन्न होगया। रविवार को समापन समारोह में मुख्य अतिथि अघोड़ माझी शामिल हुए। प्रतियोगिता का फाइनल मैच करीम नगर मुड़िया व बम बम भोले के बीच खेला गया। दोनों टीम के बीच रोमांचक मुकाबले में निर्णय टॉस के जरिये किया गया। टॉस में मार्ट मुड़िया ने बाजी मारी। मार्ट की टीम को 6 लाख और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। वहीं उपविजेता बम बम भोले की टीम को 4 लाख और ट्रॉफी प्रदान किया गया। इसके अलावा तीसरे और चौथे स्थान पर रहे नेताजी स्पोर्टिंग क्लब और साहिल स्पोर्टिंग क्लब को दो-दो लाख रुपये और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

समापन समारोह में उपस्थित आरकेएफएल के सीईओ शक्तिपद सेनापति ने दर्शकों और खिलाड़ियों से कहा कि कोलाबिरा फुटबॉल मैदान में बड़े स्तर पर फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन होना गर्व की बात है। इस अवसर पर मुख्य संयोजक अख्तर हुसैन ने आगामी 2026 में 31 जनवरी और 1 फरवरी को होने वाले फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 7 लाख, द्वितीय पुरस्कार 5 लाख, तृतीय व चतुर्थ पुरस्कार 2.50 लाख और टुसू मेला में प्रथम पुरस्कार 50 हजार देने की घोषणा की। इस अवसर पर डॉ राजू सोरेन, ज्योति सेनापति, गणेश महाली, मुख्य संयोजक मो अख्तर हुसैन, संयोजक रविंद्र मंडल, मो करीम, सुसेन मार्डी, अनादी महतो समेत सैकडों सदस्य उपस्थित थे।

# माता सरस्वती सभी को ज्ञान का भंडार दें : दिनेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** सरस्वती पूजा के पूर्व संध्या गढ़हाबासा न्यू स्टार क्लब के द्वारा आयोजित भव्य मां सरस्वती पूजा पंडाल का भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर उन्होंने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर झारखंड के युवाओं को उच्च शिक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्राथना की। दिनेश कुमार ने कहा कि विद्ययादायनी माता सरस्वती सभी को ज्ञान का भंडार दें, ताकि युवा पढ़ लिखकर समाज में अपना और माता-पिता का नाम रोशन कर सकें।

इस अवसर पर हिंदू जागरण मंच के अध्यक्ष बलबीर मंडल, शिव कुमार सिन्हा सहित पूजा कमिटि के सन्नी कुमार, संजय देवांगन, ताराचंद जायसवाल, हुकुमचंद, चिंटु जायसवाल, रोशन साहू सहित अन्य शामिल रहे।

# एल्यूमिनियम तार चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** थाना पुलिस ने बीती रात्रि गुप्त सूचना के आधार पर बिजली विभाग के एल्यूमिनियम तार चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से एक मारुति वैन और एक बाइक भी जब्त की है। आरोपियों को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायालय में पेश किया गया।

घटना के अनुसार आरोपी बिजली विभाग का तार कैलान जंगल से चोरी कर बेचने की योजना बना रहे थे, लेकिन पुलिस ने गुप्त सुचना पर छापेमारी कर तार और गाड़ी को जब्त कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आशिक अंसारी और शेखावत अंसारी के रूप में हुई है। दोनों आरोपी भवनाथपुर थाना क्षेत्र के अरसली गांव के निवासी हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। चोरी के तार और जब्त वाहनों को साक्ष्य के तौर पर रखा गया है। पुलिस नें दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# जायंट्स ग्रुप ने लोगों के बीच गर्म कपड़ा और टी शर्ट बांटा



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जायंट्स ग्रुप गढ़वा के तत्वाधान में फेडरेडशन पदाधिकारी नंद कुमार गुप्ता के पिता के पुण्य तिथि पर गढ़वा प्रखण्ड स्थित खजूरी ग्राम के मुसहर टोला के दलित महिला, पुरुषों के बीच साड़ी, गर्म कपड़ा तथा टी शर्ट का वितरण जायंट्स ग्रुप गढ़वा के वरिष्ठ सदस्य नंद कुमार गुप्ता तथा अध्यक्ष राकेश केशरी के सौजन्य से किया गया। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने कहा कि जायंट्स ग्रुप गढ़वा के द्वारा समाज के असहाय, उपेक्षितों, वृद्धों तथा जरूरतमन्दों की सेवा सदैव किया जाता है और भविष्य में भी किया जाता रहेगा। कार्यक्रम में ग्रुप अध्यक्ष राकेश केशरी, फेडरेशन के पूर्व अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय, विनोद कमलापुरी, फेडरेशन पदाधिकरी नंदकुमार गुप्ता, पूर्व स्पेशल कमिटी सदस्य विजय केशरी, पूर्व यूनिट डायरेक्टर मनोज केशरी, निवर्त्तमान अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता, प्रशासनिक निदेशक मोजीबुद्दीन खान, वित्त निदेशक अशोक केशरी, पूर्व अध्यक्ष ध्रुव केशरी, अजय केशरी सहित खजूरी पंचायत के मुखिया श्रीकांत पांडेय उपस्थित थे।

# झामुमो की बैठक में सदस्यता अभियान चला कर प्रचार-प्रसार करने पर जोर



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला संयोजक मंडली की बैठक प्रमुख संयोजक तनवीर आलम खान के अध्यक्षता में पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के कल्याणपुर स्थित आवास पर किया गया। बैठक में 1170 बूथ, 189 पंचायत, 20 प्रखंड, गढ़वा नगर कमेटी में 21 वार्ड, वंशीधर नगर उंटारी नगर कमेटी में 17 वार्ड, मंझिआंव नगर कमेटी में 12 वार्ड का गठन/पुनर्गठन करने हेतु प्रभारियों का चयन किया गया। सभी प्रभारियों को निर्देश दिया गया कि अपने-अपने क्षेत्रों में सदस्यता अभियान चलाकर प्रचार-प्रसार कर बूथ, वार्ड, पंचायत, प्रखंड कमेटी का गठन और पुनर्गठन करेंगे। जो प्रभारी अपने जिम्मेवारी से हटेंगे, उनको सभी पदों से मुक्त करते हुए संगठनात्मक कार्रवाई किया जायेगा। सभी प्रभारियों का गठन/पुनर्गठन कर सूची जिला संयोजक मंडली के पास सौपें। इस बैठक में मनोज ठाकुर, शंभु राम चंद्रवंशी, रामसागर उरांव, मो0 शरीफ अंसारी, संजय कुमार कांस्यकार, शाकिर खान, रेखा चौबे, लल्लू राम, सरयू सिंह, विजय राउत, आशीष कुमार सिंह, श्रवण कुमार सिंह उर्फ संजय छोटू, राजकिशोर यादव, मुक्तेश्वर पांडेय, निर्मल पासवान, कामता प्रसाद और मुखराम भारती उपस्थित थे।

# विस्थापित संघर्ष समिति का धरना-प्रदर्शन 43 वें दिन भी जारी

**सीओ शंभु राम, बीडीओ नंदजी राम, थाना प्रभारी और सीआइएसएफ के सहायक कमांडेंट ने प्रदर्शनकारियों से 24 घंटे के भीतर सड़क खाली करने का अल्टीमेटम दिया**

**इसके बाद विस्थापित संघर्ष समिति और मजदूरों में आक्रोश फैल गया**

आजाद सिपाही संवाददाता



विस्थापित संघर्ष समिति और मजदूरों ने बीडीओ और सेल के अधिकारी का पुतला फुंका।

**भवनाथपुर।** विस्थापित संघर्ष समिति के नेतृत्व में मजदूरों का धरना-प्रदर्शन सेल के प्रशासनिक भवन के सामने 43वें दिनों से जारी है। शनिवार को सीओ शंभु राम, बीडीओ नंदजी राम, थाना प्रभारी रजनी रंजन और सीआईएसएफ के सहायक कमांडेंट अपने दल बल के साथ धरना स्थल पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से 24 घंटे के भीतर सड़क खाली करने का अल्टीमेटम दिए जाने के बाद विस्थापित संघर्ष समिति और मजदूरों में आक्रोश फैल गया। रविवार को विस्थापित संघर्ष समिति और मजदूरों ने धरना स्थल से रैली निकाली और टाउनशिप गोलंबर चौक पर पहुंचकर सभा की। सभा के अंत में गोलंबर चौक पर बीडीओ और सेल के अधिकारी बुलु दिगल का पुतला दहन किया। रैली में महिला पुरुष तलवार, गड़ासा लेकर चल रहे थे। रैली में भ्रष्ट प्रखंड विकास पदाधिकारी मुर्दाबाद, सेल प्रबंधन मुर्दाबाद, तुलसीदामर खदान को चालू करो का नारा लगा रहे थे।

विस्थापित संघर्ष समिति के संरक्षक सुशील चौबे ने कहा कि भ्रष्ट प्रखंड विकास पदाधिकारी के धमकी से हम लोग डरने वाले नहीं हैं। कहा कि प्रखंड विकास पदाधिकारी को सेल प्रबंधन और ठेकेदार ने पैसा देकर खरीद लिया है। इसलिए प्रखंड विकास पदाधिकारी, मजदूर और विस्थापित को धमकी दे रहे हैं। लेकिन प्रखंड विकास पदाधिकारी को पता नहीं है कि विस्थापित एवं मजदूर अपनी जान दे देंगे, लेकिन एशिया का सबसे बड़ा क्रेशर प्लांट का कटिंग नहीं होने देंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि विस्थापित संघर्ष समिति और मजदूर अपनी मांगों के लिए संघर्ष करती रहेगी और किसी भी प्रकार की दबाव के सामने झुकने वाली नहीं है। इस मौके पर विस्थापित संघर्ष समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र साह, मोहन साह, संतोष दुबे, जितेंद्र दुबे, शंभू राम, धर्मेंद्र गुप्ता, शनिचरा अगरिया, राम लखन राम, मेघनाथ पासवान, नंदू पासवान, रामपति देवी, चिंता देवी, उर्मिला कुंवर फुलवा देवी, सोनी देवी सहित सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित थे।

# 20 प्रशिक्षणार्थियों के बीच 90 हजार भत्ता का वितरण



**रंका प्रखंड अंतर्गत सिरोईखुर्द पंचायत के ग्राम बीरबांध में मुख्यमंत्री लघु कुटीर उद्योग विकास बोर्ड रांची ने किया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका प्रखंड अंतर्गत सिरोईखुर्द पंचायत के ग्राम बीरबांध में मुख्यमंत्री लघु कुटीर उद्योग विकास बोर्ड रांची के द्वारा संचालित पच्चीस दिवसीय बांस हस्तशिल्पकार प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन के अवसर पर 20 प्रशिक्षणार्थियों के बीच 90000 (नब्बे हजार) रुपये का प्रशिक्षण भत्ता का वितरण विभाग के द्वारा किया गया। इन प्रशिक्षणार्थियों को 180 रुपये प्रति दिन के हिसाब से एक प्रशिक्षणार्थी को 4500 रुपये प्रदान किया गया और बीस प्रशिक्षणार्थियों के बीच कुल 90 हजार रुपये का प्रशिक्षण भत्ता दिया गया, साथ ही एक समय का भोजन भी मुहैया करायी गयी। प्रशिक्षण समापन के अवसर पर सभी को प्रमाण पत्र का वितरण रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम बेला तोपनों और जिला उद्यमी समन्वयक चंद्रकांत पांडेय के द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल बनाने में प्रखंड उद्यमी समन्वयक उमेश कुमार उरांव ने सराहनीय भूमिका निभायी।

# जाटा पंचायत में गरीब बेटियों की शादी के लिए निकली भिक्षाटन यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता



कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी के सचिव विकास माली लोगों से भिक्षाटन लेते हुए।

**गढ़वा।** सदर प्रखंड के जाटा पंचायत में 251 कन्याओं के सामूहिक विवाह को सफल बनाने के लिए कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी के सचिव विकास माली ने भिक्षाटन यात्रा निकाली। समाज के हर वर्ग से सहयोग की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि यह आयोजन सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जरूरतमंद परिवारों के लिए एक संजीवनी है।

गांव-गांव और घर-घर जाकर उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे इस पुनीत कार्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। स्थानीय लोगों ने भी इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और आर्थिक सहयोग के साथ अपनी शुभकामनाएं दीं। जाटा पंचायत पहुंचने की खबर फैली, तो हर वर्ग के लोग उनके स्वागत के लिए उमड़ पड़े। हिंदू-मुस्लिम, अमीर-गरीब सभी ने उनकी झोली को सहयोग और आशीर्वाद से भर दिया। स्थानीय लोगों ने कहा कि गढ़वा को गर्व है कि यहां विकास माली जैसे समाजसेवी हैं, जो निस्वार्थ भाव से गरीब बेटियों के विवाह के लिए प्रयासरत हैं। उनका यह अभियान न सिर्फ जरूरतमंद परिवारों के लिए मददगार साबित होगा, बल्कि समाज में नयी जागरूकता भी लायेगा।

इस दौरान विकास माली ने 19 फरवरी को गढ़वा शहर के दानरो नदी छठ घाट पर होने वाले 251 कन्याओं के सामूहिक विवाह समारोह में सभी को आमंत्रित किया।

# रंका में पीएम पोषण मध्याह्न भोजन कुकिंग कंपिटीशन का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका।** प्रखंड संसाधन केंद्र रंका में पीएम पोषण मध्यान्ह भोजन योजना अंतर्गत शनिवार को वितीय वर्ष 2024- 25 के तहत कुकिंग कंपटीशन का आयोजन किया गया। इस कुकिंग कंपटीशन में प्रखंडाधीन सभी विद्यालयों के रसोइया सह सहायिकाओं में भाग लिया। इस कंपटीशन में झारखंड राज्य मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण द्वारा निर्धारित मेन्यू के अनुसार निर्धारित तिथि में बनने वाले भोजन को तैयार कर स्टॉल पर प्रदर्शित किया गया। सभी स्टालों का निरीक्षण निर्णायक मंडली के रूप में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रंभा चौबे, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार दुबे, संकुल साधन सेवी देवेंद्र नाथ उपाध्याय, विद्यालयों के बाल संसद के प्रधानमंत्री, स्वच्छता मंत्री, पोषण मंत्री और न्यूट्रिएंट्स एक्सपर्ट द्वारा स्टॉल का निरीक्षण किया गया एवं बारी-बारी से सभी मानकों का निर्धारण अंक दिया गया। इसमें उत्क्रमित मध्य विद्यालय बाहाहारा को प्रथम, राजकीय बुनियादी विद्यालय रंका को द्वितीय और उत्क्रमित मध्य विद्यालय लरकोरिया को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस कुकिंग कंपटीशन का मुख्य उद्देश्य रसोईया सह सहायिकाओं में गुणवत्तापूर्ण भोजन तैयार करने, सीमित साधनों में बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने, तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध खाद्य सामग्री का उपयोग करने संबंधी जानकारी दी गयी। इस मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रंभा चौबे, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार दुबे, लेखपाल सह कंप्यूटर ऑपरेटर अभय कुमार, संकुल साधन सेवी देवेंद्र नाथ उपाध्याय, प्रखंड साधन सेवी महबूब अंसारी, एमडीएम अनुश्रवण सहायक सह कंप्यूटर ऑपरेटर विनोद ठाकुरसहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# पंचायत सचिव रिटायर, दी गयी भावभीनी विदाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**डंडई ।** प्रखंड के रारो पंचायत में पदस्थापित पंचायत सचिव सुदर्शन राम के सेवानिवृत्त होने पर पंचायत सचिवालय परिसर में रविवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन कर भावुकता से विदाई दिया गया।

इस दौरान मुखिया सुनीता देवी, मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र ठाकुर, रारो उत्तरी बीडीसी अरविंद पासवान, पूर्व उप मुखिया शिव प्रसाद यादव, झामुमो नेता पप्पू यादव सहित अन्य गणमान्य लोगों ने सेवानिवृत्त पंचायत सचिव को अंग वस्त्र, उपहार और माला पहना कर सम्मानित किया। विदाई समारोह में सर्वप्रथम उपस्थित जन प्रतिनिधियों व गणमान्य लोगों द्वारा सेवानिवृत्त पंचायत सचिव सुदर्शन राम के कार्यकाल में उनकी कार्य कुशलता और स्वभाव की चर्चा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र ठाकुर ने कहा कि सरकारी सेवा में आने के बाद सभी को एक न एक दिन सेवानिवृत्त प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। लेकिन पंचायत सचिव सुदर्शन राम ने अपने बेहतर कार्य करने कि शैली से प्रखंड में एक अमिट छाप छोड़ी है। जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। सुदर्शन राम व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे इनका क्रियाकलाप बहुत अच्छा रहा है। वहीं सेवानिवृत्त हुए पंचायत सचिव सुदर्शन राम ने कहा कि नौकरी में तो सभी को एक दिन सेवानिवृत्त होना ही पड़ता है। उन्होंने कहा कि रारो पंचायत में हमें काफी मान सम्मान के साथ अच्छा सहयोग मिला, जिससे हम यहां के लोगों के कार्यों का निष्पादन किया। इस मौके पर रोजगार सेवक बृजमोहन राम, मुकेश यादव, शिवधर यादव, विनोद यादव, प्रेमचंद्र यादव, महेंद्र यादव, शकील अंसारी सहित काफी संख्या में पंचायत के ग्रामीण उपस्थित थे।

# गढ़वा निवासी पिता-पुत्र की जोड़ी झारखंड सेवा सम्मान से होगी सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सेवा के क्षेत्र में पिता-पुत्र की जोड़ी झारखंड सेवा सम्मान 2025 से रांची में सम्मानित होंगे। राष्ट्रीय तिरंगा सम्मान समारोह सह अनेक निःशुल्क बैंक के संस्थापक शौकत खान और संचालक साजिद खान को मिलेगा यह सम्मान।

बताते चलें कि आज से दस साल पूर्व हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ कर और झारखंड के पहले शौर्य चक्र विजेता शहीद आशीष कुमार तिवारी के सम्मान में गरीबों का निःशुल्क कपड़ा बैंक, चावल बैंक, सत्तू बैंक, पुस्तक बैंक खोलकर गरीबों के लिए वरदान बन चूके समाजसेवी शौकत खान ने अब तक दो लाख से अधिक नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भेंटकर और दस लाख से अधिक गरीबों को मदद कर भारतवर्ष के लिए सेवा के क्षेत्र में आइकॉन बन चुके हैं। शौकत खान ने अब तक देश भर में हजारों जगहों पर निःशुल्क कपड़ा बैंक खोलकर गरीबों की सेवा कर रहे हैं, जिसके लिए शौकत खान और साजिद खान को देश भर से अब तक सैकड़ों अवार्ड और सम्मान मिल चुका है। 9 फरवरी को रांची में झारखंड सेवा सम्मान 2025 में जहां शौकत खान को सम्मानित के लिए निमंत्रण आया है, वहीं उनके पुत्र साजिद को खास अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है, क्योंकि साजिद ने पिछले महीने हिमाचल प्रदेश के मनाली में बर्फ के पहाड़ों की चोटियों पर माइनस नौ डिग्री सेल्सियस में तिरंगा लहराकर अपने जिला गढ़वा राज्य झारखंड समेत भारत का मान सम्मान बढ़ाया है।

# प्राइमरी शिक्षा ही शिक्षा का आधार है : अलखनाथ पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा के जूनियर विंग में बच्चों के अभिभावकों के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के निदेशक और गढ़वा जिला के जाने-माने शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने उपस्थित अभिभावकों को संबोधित किया।

बैठक में, अलखनाथ पांडेय ने अभिभावकों को आगामी एनुअल एग्जाम की तैयारी और विद्यालय से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने और उन्हें व्यवहारिक ज्ञान देने की आवश्यकता को बताया।

अलखनाथ पांडेय ने कहा, ₹प्राइमरी शिक्षा ही शिक्षा का आधार है, इसलिए बच्चों को सही तरीके से पढ़ने-लिखने की आदत डालना बहुत जरूरी है। यह हमें नई शिक्षा नीति और सीबीएसई के दिशा-निर्देशों के तहत बच्चों की सही शिक्षा प्रणाली स्थापित करने में मदद करेगा।₹ उन्होंने बताया कि विद्यालय में सीबीएसई और नई शिक्षा नीति के तहत कक्षाएं संचालित हो रही हैं, जिससे बच्चों को गुणवत्ता की शिक्षा मिल रही है। साथ ही, उन्होंने अभिभावकों को सूचित किया कि विद्यालय में कक्षा 11वीं सहित सभी कक्षाओं में नामांकन प्रारंभ हो चुका है और अभिभावक रविवार को भी विद्यालय में आकर नामांकन करवा सकते हैं। विद्यालय में रविवार को भी ऑफिस वर्क जारी रहता है, ताकि अभिभावक किसी भी समय अपनी सुविधानुसार नामांकन करवा सकें।

इस बैठक ने अभिभावकों को विद्यालय की कार्यप्रणाली और नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों की शिक्षा के महत्व को समझने का एक और बेहतरीन अवसर दिया।

विद्यालय के इस कदम से बच्चों की शिक्षा में और सुधार होगा और अभिभावकों के साथ मिलकर एक बेहतर शिक्षा वातावरण तैयार किया जा सकेगा।

# भवनाथपुर टीम ने कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट पर जमाया कब्जा

आजाद सिपाही संवाददाता



**केतार।** शहीद नीलांबर पीतांबर कास्को क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 सीजन आठ का फाइनल मैच भवनाथपुर बनाम कांडी के बीच खेला गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विकास माली ने खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए कहा कि सुदूरवर्ती इलाके में इस तरह का आयोजन को सराहा। उन्होंने गढ़वा में 19 फरवरी को होने वाले 251 कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह में अधिक से अधिक लोगों को डोली में कंधा लगाकर बहनों को विदा करने का न्योता दिया। वहीं उद्घाटनकर्ता अनिल कुमार पासवान ने कहा कि जब तक इस मैदान से धोनी जैसे सितारे उभर कर अपने जिला, राज्य और देश का नाम रौशन करेंगे, तब तक इस प्रकार का आयोजन अनवरत होता रहेगा। खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस किया गया, जिसमें भवनाथपुर टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 182 रन बनाया। वहीं जवाबी पारी खेलते हुए लक्ष्य की पीछा करते हुए कांडी टीम ने 15.5 ओवर में 110 रन बनाकर सिमट गयी। मुख्य अतिथि विकास माली उद्घाटनकर्ता अनिल कुमार पासवान ने विजेता भवनाथपुर टीम के कप्तान अर्पित सिंह को मैन ऑफ द सीरीज और 25 हजार नकद के साथ बड़ी शील्ड, मैन आफ द मैच गोलू को दिया गया। उपविजेता कांडी टीम को 21 हजार के साथ छोटी शील्ड दिया गया। वहीं मुख्य अतिथि ने मंच पर उपस्थित अतिथियों को अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। इस मौके पर समाज सेवी पंकज सिंह, मुखिया मूंगा साह, नागेंद्र ठाकुर, श्रीराम वर्मा आयोजन कमेटी के अध्यक्ष संजय वर्मा, उपाध्यक्ष देवकुमार ठाकुर, सचिव संजीव गुप्ता, कोषाध्यक्ष विजय कुमार मेहता, स्कोरर कमलेश कुमार प्रजापति, सौरभ वर्मा सहित काफी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

## जान्हो में वृद्ध की हथियार से हत्या

**मनिका/ लातेहार (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के जान्हो गांव के छलकी टोला निवासी सीता भुइंया उम्र 80 वर्ष का शव जंगल में फेंका हुआ मिला। परिजनों ने घायल समझकर मनिका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां डॉक्टर ने मृत बताया इसके बाद घटना की सूचना मनिका पुलिस को दी गयी। घटना की सूचना पाकर मनिका पुलिस अस्पताल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया। इधर उक्त घटना के बारे में मृतक के छोटे पुत्र विशोक राम भुइया ने बताया कि की हर दिन की भांति हमारे पिता गाय बकरी चराने शनिवार को जंगल गये थे। लेकिन रात में नहीं लौटे। साथी चरवाहा लोग से पूछे तो लोगों ने बताया कि 4:00 तक जंगल में बकरी चराते हम लोग देखे हैं। विशोक राम ने बताया कि गांव के कुछ लोग हमारे पिता को ओझा कहते थे और पूर्व में कई बार भुत देव के चक्कर में मारपीट कर चुके हैं।

# अमन साहू के पांच गुर्गे गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली कि कुख्यात अपराधकर्मी अमन साहु गिरोह के सदस्य राहुल सिंह के कुछ लड़के जोगियाडिह स्थित मैदान के पास राहुल सिंह के इशारे पर मुकेश सिंह के घर पर फाइरिंग कर तथा मुकेश सिंह को जान मारने कि योजना बनाने हेतु चार पांच लोग हथियार के साथ एकत्रित हुए हैं, जिसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बालूमाथ के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल के द्वारा तत्परता एंव स्फुर्ति के साथ छापामारी कर राहुल सिंह गिरोह के अपराधियो को हथियार के साथ रंगे हाथ पंकड़ा गया। जिसके बाद पकड़ाये गये अपराधकर्मियों से पुछताछ करने पर इनके द्वारा बताया गया कि ये सभी अमन साहू, गिरोह के सदस्य है एंव राहुल सिंह के निर्देश पर अपराधिक घटना को अंजाम देते हैं, तथा गिरोह के नाम पर रंगदारी वसुलने का काम करते है। पूर्व में मुकेश सिंह के घर में दो बार फायरिंग कि घटना को अंजाम दिये थे एंव चंदवा थाना अंतर्गत चिरू ग्राम के ईट भट्ठा एंव पन्ना टाड़ में भी फायरिंग कि घटना को अंजाम दिये थे। पकड़ाये अपराधकर्मियो में से कुछ अपराधकर्मी गंभीर अपराधों में शामिल रहे है।

गिरफ्तार अपराधियों में बिलेंद गंझू, पता ग्रान चेटर, थाना चंदवा, जिला लातेहार। मुन्ना गंझू, पता ग्राम चेटर, थाना चंदवा, जिला लातेहार। उमेश गंझू, तीनो पता ग्राम चेटर, थाना चंदवा जिला लातेहार। दिलीप उरांव, पता ग्राम कसमार, थाना हेरहंज, जिला लातेहार। विकास साव, सा० बारीखाप थाना, बारियातु जिला लातेहार।

छपेमारी में 7.65 एमएम का देशी पिस्टल 1, 7.65 एमएम का जिंदा गोली 11, 7.65 एमएम का देशी पिस्टल का मैगजीन 3, देशी कट्टा 2, देशी कट्टा का जिंदा गोली 2, मोबाइल फोन 7, पल्सर बाइक 2 बरामद किया गया

छापामारी दल में विनोद रवानी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बालुमाथ, पुनि परमानंद बिरुआ, बालूमाथ अंचल, पुअनि अमरेन्द्र कुमार, बालुमाथ थाना प्रभारी, पुअनि देवेन्द्र कुमार, बारियातु थाना प्रभारी, पुअनि रितेश तिग्गा, बारियातु थाना, पुअनि जितेन्द्र कुमार बारियातु थाना, पुअनि अनुभव सिन्हा बालुमाथ थाना, पुअनि विकास कुमार, बालूमाथ थाना, सअनि विनय कुमार बालुमाथ थाना, सशस्त्र बल, बालुमाथ थाना मौजूद रहे।

## जायरीनों को उमराह से संबंधित प्रशिक्षण मिला

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उमरा के पवित्र यात्रा पर जाने वाले भाग्यशाली तीर्थयात्रियों के लिए सईद कॉम्प्लेक्स न्यू रोड लोहरदगा में एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत हाफिज मोहम्मद इमरान द्वारा कुरआन पाक की तिलावत से की गयी। प्रशिक्षकों ने आगामी 09 फरवरी को हज उमराह पर जाएंगे और 24 फरवरी को वापसी होगी। जायारीनों को उमराह से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक जनाब अल्हाज हाफिज मुहम्मद इमरान हज एवं उमरा सर्विस लोहरदगा ने बताया कि जायरीन अपने साथ जरूरत का ही सामान लेकर जाएं, सामानों की पैकिंग सही तरीके से करें। जो व्यक्ति कोई विशेष बीमारी की दवा खाता हैं तो अपनी दवा साथ ले जाए। अपने साथियों के साथ ही कैंप में रहें, कोई दिक्कत हो तो घबराएं नहीं बल्कि पूछताछ केंद्र से संपर्क करें। हज उमराह के अरकान पूरा करते समय अन्य लोगों का खास खयाल रखें आदि।

## डाक बंगला निर्माण के लिए विधायक ने मंत्री दीपिका पांडे को लिखा पत्र

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** जिला परिषद के माध्यम से बरवाडीह, मनिका समेत जिले के विभिन्न प्रखंड मे डाक बंगला का निर्माण कराया जायेगा। डाक बंगला निर्माण को लेकर मॉडल प्राकलन को त्रुटियों में सुधार करते हुए प्रशासनिक स्वीकृति को लेकर विधायक रामचंद्र सिंह नें विभागीय मंत्री दीपिका सिंह पांडे को पत्र लिखा है। पत्र के माध्यम से विधायक नें बताया की जिला परिषद के माध्यम से डाक बंगला निर्माण को लेकर मॉडल प्राकलन के अनुसार 75 प्रतिशत राशि का आवंटन किया गया पर मॉडल प्राकलन मे त्रुटि होने के कारण दुबारा उसे सुधार का जिला परिषद के माध्यम से भेजा गया जो विभाग के पास कई माह से अधर में है। विधायक नें कहा की जिला परिषद के डाक बंगला की प्रशासनिक स्वकृति के मामला अधर मे रहने की शिकायत जिला परिषद की माननीय सदस्य संतोषी शेखर के माध्यम से प्राप्त होते सज्ञान मे लिया गया। मामले को लेकर सभी अडचनो को विभागीय मंत्री के माध्यम से दूर करवाते हुए डाक बंगला का निर्माण कराया जायेगा। डाक बंगला के निर्माण होने से आम लोगों और पर्यटको को भरपूर फायदा मिलेगा।

## बरवाडीह में मनरेगा दिवस का आयोजन



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के पुराने ब्लॉक परिसर के मनरेगा सहायता केंद्र मे ग्राम स्वशासन अभियान के द्वारा 19वीं मनरेगा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे पूर्वी जीप सदस्य कन्हाई सिंह के साथ विभिन्न गांव के ग्राम प्रधान और मनरेगा मजदूर ग्रामीणों शामिल हुए। मनरेगा दिवस के आयोजन के बीच मनरेगा एक्ट की जानकारी संस्था के माध्यम से साझा की गयी। मौके पर मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कन्हाई सिंह नें कहा की मनरेगा पर गांव के अंतिम वक्ति का अधिकार है। मनरेगा के माध्यम से उचित रोजगार की मांग के साथ निजी योजना का भी लाभ प्राप्त किया जा सकता है। वहीं संस्था की ओर से विमल सिंह नें कहा की मनरेगा दिवस सह मनरेगा सप्ताह कार्यक्रम के माध्यम से मनरेगा एक्ट की जानकारी से ग्रामीणों को जागरूक करना उदेश्य है जिसके माध्यम से ग्रामीणों को उनके गाँव मे रोजगार उपलब्ध होगा। संस्था के नीरजन कुमार नें कहा की संस्था के माध्यम से प्रखंड के सभी पंचायत मे जागरूकता का कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। मौके पर गणेश सिंह, युवराज सिंह, रूचि देवी, ब्रेसेल मुंडा, मंदीप सिंह, ललिता देवी, राजनाथ सिंह, संगीता देवी, सुखीया देवी, साहेब सिंह समेत काफी सख्या मे ग्रामीण मौजूद थे।

## 2 मार्च को होगा चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा का आम चुनाव



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** रविवार को चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा चुनाव संचालन समिति जिला लोहरदगा की बैठक यदुवीर चंद्रवंशी धर्मशाला में आहुत की गयी। जिसकी अध्यक्षता संजय कुमार ने की। बैठक में मुख्य रूप से चुनाव संबंधी चर्चा की गयी। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 2 मार्च 2025 दिन रविवार को चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा का आम चुनाव किया जाना है। जिसमें अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष पद हेतु चुनाव संबंधित तिथि निर्धारित की गयी है। चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा का आम चुनाव बैलट पेपर के द्वारा कराया जायेगा जिसमें उम्मीदवार के नाम के साथ पद नाम क्रम संख्या एवं चुनाव चिन्ह अंकित रहेगा। आम सभा के चुनाव में चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा लोहरदगा के वैसे सभी सदस्य मतदान कर सकेंगे जिनकी उम्र 18 वर्ष या उससे उपर होगी। मतदान के उपरांत संध्या 5 :00 बजे तक चुनाव परिणाम की घोषणा वैलेट पेपर की गिनती के साथ की जायेगी एवं यह आम चुनाव में चुनाव संचालन समिति का निर्णय अंतिम रूप से सर्वमान्य होगा। बैठक में मुख्य रूप से चुनाव संचालन समिति के पर्यवेक्षक राजकुमार वर्मा, शशि वर्मा, राजेंद्र वर्मा उर्फ राजू एवं निश्चय वर्मा उपस्थित थे।

# अंजुमन तरक्की उर्दू लोहरदगा की 15 सदस्यीय कमेटी का गठन

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** होटल ताज अमला टोली में अंजुमन तरक्की झारखंड राज्य स्तरीय डेलीगेट की उपस्थिति में लोहरदगा की पन्द्रह सदस्यीय कमिटी का चुनाव हुआ। बैठक की अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक हाजी अयूब खलीफा ने किया। जिसमें सर्व सहमति से प्रोफेसर अब्दुल कुदूस कुरैशी को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष मो असलम ,प्रो नईम खान, महबूब आलम तथा प्रोफेसर अरशद मोमिन को सचिव, कोषाध्यक्ष यूसुफ खान, तौफीक अहमद, सह सचिव अली रजा अंसारी, मुजफ्फर आलम, अमीरउल्लाह अंसारी, प्रवक्ता मुमताज अहमद, वरीय सदस्य आबिद हुसैन, सगीर अंसारी, खालिद अहमद बादल,जाहिद अहमद, मो शाहनवाज बनाये गये। चुनाव से पूर्व राज्यस्तरीय कमिटी के कंवेनर एमजेड खान ने अंजुमन तरक्की उर्दू के कार्यों पर संबोधित करते हुए कहा कि ये तंजीम बहुत पुरानी तंजीम है। इसका उद्देश्य आज उर्दू भाषा का जो मकाम होना चाहिए था नहीं मिला सरकार स्तर से। आज स्कूल कॉलेज में पर्याप्त टीचर, किताबों की कमी है। उसके साथ समाज के पिछड़ेपन को दूर करने की जरूरत है। इसके लिए सरकार पर दबाव डालना होगा और बच्चों को शुरू से ही अन्य विषयों के साथ उर्दू की शिक्षा मिलनी चाहिए तभी उर्दू तरक्की मुमकिन है। रांची विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रोफेसर अहमद सज्जाद ने समाज के लोगों से अपील किया कि आप सरकार से अपनी जायज मांगों को लेकर आंदोलन करे। स्टेट कमिटी के मो गुफरान, मुमताज अहमद ने कहा कि उर्दू किसी एक मजहब की भाषा नहीं है बल्कि ये पूर्ण रूप से भारतीय भाषा है इसे बचना हम सब का कर्तव्य है। विषय प्रवेश प्रो कुदूस कुरैशी ने किया। सभा का संचालन प्रो अरशद मोमिन ने किया। सभा में एनामुल हक, करूजमा कुरैशी, हाजी रियासत, मो नईम महबूब अंसारी,मो असलम तौहीद आलम, साबिर हुसैन, मो असलम, सगीर अंसारी, जाहिद अहमद, मो शाहनवाज, समी उल्लाह, मो असलम, मो आदिल, सेवानिवृत्त शिक्षक हाजी लुकमान अहमद समेत अन्य मौजूद थे।

## शॉर्ट सर्किट के कारण हाइवा में लगी आग

**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** बालूमाथ के मगध संघमित्रा एरिया के चमातु कोल परियोजना, स्थित 12 नंबर कांटा के समीप खड़े हाइवा नंबर एचडब्ल्यू 75बी/ 6930 मे शनिवार रात करीब तीन बजे शार्ट सर्किट के कारण आग लगने से जलकर राख हो गया। हालांकि हाइवा में सो रहे चालक और खलासी ने कूदकर अपनी जान बचा ली। अमरवाडीह पुलिस पीकेट के पुलिस व सीसीएल का दमकल के आने पर आग पर काबू पाया जा सका। पहली बार मगध संघमित्रा चमातु कोल परियोजना किसी कोयला एजेंसी के मार्फत कोयला लोड करने के लिए लोडिंग प्वाइंट में जाने के लिए 12 नंबर कांटा के समीप जाने को लेकर खड़ा था। इसी बीच बीती रात करीब साढ़े तीन शार्ट सर्किट से हाईवा में आग लग गयी। आग की लपटों को देखकर चालक आस पास के लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लेकिन आग बुझाने पर सभी असफल रहे।

# कृषि कल्याण पर आधारित है केंद्रीय बजट : जितेंद्र महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किसान मोर्चा के जितेंद्र महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भारत सरकार के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को हार्दिक बधाई देते हुए कहा केंद्रीय बजट झारखंड के गरीब युवा नारी शक्ति अन्नदाता किसानों के आत्म निर्भर कृषि एवं कृषि कार्य में भलाई होने का सौगात देने वाला बजट है। उन्होंने बताया केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री धन धान्य योजना लागू कर एवं कृषि लोन की सीमा 3 लाख रु से बढ़ाकर 5 लाख रूपये कर दी गयी जिससे झारखंड के 21.5 लाख से अधिक किसानों को खेती के लिए किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से वित्तीय सहायता मिलने पर कृषि कार्य आसान होगा। किसानों को सशक्त, समृद्ध एवं आत्मनिर्भर होने के साथ साथ सीधे-सीधे इनकी आय में वृद्धि कराने वाला बजट साबित होगा। उन्होंने बताया कि धनधान्य योजना के माध्यम से उन क्षेत्रों में जहां कृषि का उत्पाद कम होता है वैसे उन जिलों को चिन्हित कर कृषि कार्य बढ़ाने और किसानों को सशक्त स्वालंबन बनाने हेतु वित्तीय सहायता प्रदान कर उन्नत नई टेक्नोलॉजी माध्यम से प्रगतिशील कृषक समपोषित अनुदानित योजना चलायी जायेगी जिससे किसने की आय में बेतहाशा वृद्धि होगी।

# जिप अध्यक्ष ने पंसस-मुखिया के साथ की बैठक, योजनाओं की ली जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा में लातेहार जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने पथ निर्माण विश्रामागार में जिला परिषद सदस्य पश्चिमी सरोज देवी, प्रमुख मनीषा उरांव, उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा, पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, बुधन गंझु, शंकर गंझु, मनोहर भगत, अनुरोध कुजूर, बलकु मुंडा, शुशीला टोपनो, अनिता देवी, संगीता देवी, राजू उरांव, अशोक भुइयां, करण लोहरा, संदीप टोप्पो के साथ बैठक कर प्रखंड में संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी ली। आमजन के समस्याओं के सामाधान करने में हो रही कठिनाइयों से अवगत हुए। बैठक में बताया गया कि मनरेगा योजना में लूट, जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र, भ्रष्टाचार, अफसरशाही, पंचायतीराज व्यवस्था, मान सम्मान, प्रधानमंत्री, अबुआ आवास में चयन पर मनमानी और उसपर कमीशनखोरी, पंचायत सचिवालय से छोटा छोटा भी कोई काम नहीं होता है। यदि कोई काम के लिए पंचायत सचिव और रोजगार सेवक को खोजा जाये तो वह सप्ताह तक नहीं मिलते हैं। ग्रामीण इन कर्मियों के कारण काफी परेशान हो जा रहे हैं। पंचायत को पंसस और मुखिया नहीं चला रहे हैं पंचायत सचिव और रोजगार सेवक पंचायत को चला रहे हैं, पंचायतीराज व्यवस्था पंचायत और गांव में नहीं दिखायी देती है।

जिला परिषद सदस्य सरोज देवी ने कहा कि संगठित नहीं होने के कारण हम लोगों को दरकिनार किया जा रहा इसके विरुद्ध में संघर्ष करने की जरूरत है।

जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने कहा कि पंचायतीराज व्यवस्था में पंसस को सरपंच कहा जाता है। ग्रामीण काम के पिछे कम पैसा योजना के लिऐ ज्यादा भाग रहे हैं, यदि कोई गड़बड़ी करता है तो उसकी शिकायत मेरे पास कीजिए वैसे कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

# टिको में शहादत समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** शहीद वीर बुध भगत की 193वें शहादत दिवस के अवसर पर कुड़ू प्रखंड टिको ग्राम के पोखरा टोली स्थित शहादत स्थल के पास शहादत समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर शहीद वीर बुधु भगत, हलधर-गिरधर, बहन रूनिया तथा झुनिया के शहादत स्थल पर अतिथियों द्वारा पारंपरिक तरीके से जल व पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन व्यक्त किया गया। शहादत स्थल पर पारंपरिक तरीके से पूजा की गई और कार्यक्रम शुरू हुआ। पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा कि युवाओं को शहीदों की जीवनी पढ़ते हुए उनका अनुसरण करने की जरूरत है। शहीद कभी मरते नहीं अमर हो जाते हैं। शहीद स्थल को विकसित करने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है, कई कार्य हो चुके हैं कुछ बाकी है जिसे पूर्ण कराया जाएगा। समाज के लिए कुबार्नी देने वालों का सम्मान होना चाहिए। शिक्षा ही विकास का मार्ग हैं। मदिरा पान का त्याग करते हुए समाज के लिए युवा कार्य करें। आजादी मिली है तो इस आजादी को समाज के लिए समर्पित करें। कार्यक्रम में जिला प्रशासन की ओर से 100 वृद्ध तथा असहायों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, आईटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अंचल अधिकारी मधुश्री मिश्रा, जीमा पंचायत की मुखिया द्रोपदी देवी, शहीद शहीद हलधर-गिरधर भगत के वंशज तथा अन्य शामिल थे।

**हलधर-गिरधर भगत ने देश के लिए दी जान : डीडीसी**

समारोह में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि वीर हलधर - गिरधर भगत ने देश की खातिर अपना पुरा जीवन कुर्बान कर दिया। 32 साल के युवा ने लरका आंदोलन की अगुवाई करते हुए अंग्रेजी सेना की जमीन हिला दी थी। युवाओं को आगे आना ही होगा तभी वीर जांबाजो के अधुरे सपने को पूरा किया जा सकता है।

**टिको पोखरा टोली को पर्यटन स्थल घोषित करें सरकार : रीना कुमारी**

जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी भगत ने कहा कि टिको पोखरा टोली की धरती वीर जाबांजों की धरती है। राज्य सरकार इस स्थल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करें तथा पर्यटन स्थल बनाने की घोषणा करें।

## पंचायतों में मनाया विशेष रोजगार दिवस




**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत भवन में झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार रविवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू के निर्देश पर विशेष रोजगार दिवस मनाया गया। वहीं विशेष रोजगार दिवस पर सरकार द्वारा संचालित महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के तहत मनरेग में कार्य करने के लिये निबंधित मजदूरों से कार्यावेदना लिया गया। साथ ही ग्राम पंचायत का विकास के लिये मनरेग योजना के अंतर्गत नया योजना संचालित करने के लिये डोभा, आमबागवानी, इसीबी, दीदी बाड़ी, टीसीबी, कच्ची नाली निर्माण योजना सहित अन्य योजनाओं को सूचीबद्ध किया गया। वहीं सभी पंचायत सचिव, रोजगार सेवक और मेठ को निर्देश देते हुए कहा गया कि मनरेग योजना मे अधिक से अधिक मजदूरों को कार्य दें। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रघुनाथ मुंडा,रोजगार सेवक जोगेंद्र ठाकुर, मेठ राजकुमार महतो, सुनील महली के अलावे सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक और मेठ उपस्थित थे।

# प्रकृति प्रेम, सौंदर्य और जीवन का संदेश देता है बसंत ऋतु: एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां की अध्यक्षता में सरस्वती पूजा को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक जिला परिषद कार्यालय, स्थित सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मां सरस्वती विद्या की देवी है जिसके लिए उनकी पूजा की जाती है। हर पर्व-त्यौहार का एक महत्व होता है। उस पर्व-त्यौहार में एक संदेश छिपा होता है। जिस पर सभी को अमल करना चाहिए। वसंत ऋतु में प्रकृति की खूबसूरती बढ़ने लगती है। सभी ओर पेड़-पौधों में नये-नये फूल खिलते हैं और प्रकृति प्रेम, सौंदर्य और जीवन का संदेश देती है। वसंत ऋतु के पांचवें दिन विद्या की देवी सरस्वती की पूजा होती है। इस पर्व को सभी समुदाय के लोगों को आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ मनाना चाहिए।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि लोहरदगा जिला में सभी पर्व-त्यौहार काफी सौहार्दपूण तरीके से मनाये जाते रहे हैं। सरस्वती पूजा के विसर्जन के दौरान सभी थाने पूजा-समितियों के साथ समन्वय बना कर रखें और विर्सजन के दिन लिए गहरे पानी के खतरे के समय बचाव कार्य के लिए तैराक चिन्हित कर रखें। गहरे पानी के क्षेत्र को चिन्हित कर लिया जाये। विसर्जन वाले गहरे तालाब या नदी के पास ट्यूब भी राहत कार्य के लिए रखा जाये। विसर्जन के समय लोग एक-दूसरे को गुलाल लगाते समय जरूर दूसरे की इच्छा का ध्यान रखें ताकि किसी को बुरा नहीं महसूस हो। सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए पुलिस व जिला प्रशासन द्वारा नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। शराब पीकर या बिना हेलमेट पहले या बिना सीट बांधे वाहन ना चलायें।

**असामाजिक तत्वों पर रहेगी कड़ी नजर**

उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा सरस्वती पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए पर्याप्त तैयारी की गई है। सभी आवश्यक स्थानों पर पुलिस बल व दण्डाधिकारियों की प्रतिनियुक्तियां की जाएंगी। असमाजिक तत्वों पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है। उत्पाद अधीक्षक को अवैध तरीके से नशीले पदार्थ बेचने वालों पर कार्रवाई करने, स्टॉक की चेकिंग करने, अवैध तरीके से शराब का निर्माण, संधारण व बिक्री करने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई किये जाने का निर्देश दिया गया।

## यह बजट खोदा पहाड़ निकली चुहिया कहावत को चरितार्थ करता है : विजय शंकर नायक

**रांची (आजाद सिपाही)।** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने केंद्रीय बजट 2025 की आलोचना करते हुए कहा है कि यह बजट खोदा पहाड़ निकली चुहिया कहावत को चरितार्थ करता है और मुंगेरीलाल के हसीन सपनों की तरह है। उन्होंने कहा कि यह बजट बिहार और दिल्ली में हो रहे विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है, जिसमें उन राज्यों को विशेष लाभ दिया गया है, जबकि झारखंड जैसे गरीब राज्यों की उपेक्षा की गयी है। नायक ने आगे कहा कि देश की अर्थव्यवस्था धीमी गति से चल रही है, जिससे लोगों की आय और नौकरियां कम होती जा रही हैं।

# सरस्वती पूजा को लेकर लोगों में उत्साह, डिजाइनर मूर्तियों की बिक्री बढ़ी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** मां सरस्वती पूजा को लेकर जिले के शहरी व ग्रामीण इलाको का माहौल भक्तिमय हो गया है। मां की पूजा आराधना को विशेष रूप से करने की चाहत युवा वर्ग व स्कूली बालक बालिकाओ में देखा जा रहा है। सरस्वती पूजा को लेकर गांवों में मूर्तिकार मां सरस्वती की प्रतिमा को अंतिम रूप दे दिया गया है। जिले भर में हजारों स्थानों पर मूर्ति स्थापित कर पूजा संपन्न किया जाता है। मूर्तियों की ज्यादा मांग शिक्षण संस्थानों में होती है। स्थानीय क्लबों में डिजायनर मूर्तियों की मांग रहती है। शहरी क्षेत्र समेत ग्रामीण इलाको के बाजारो में माँ की मूर्ति खूब बिकी। इस वर्ष मां सरस्वती की मूर्तियां कीमत 200 से 5000 रुपए तक में बिकी। इधर भंडरा प्रखंड क्षेत्र में सरस्वती पूजा को लेकर लोगों के बीच उत्साह चरम पर है। सरस्वती पूजा को लेकर विशेषकर

युवाओं और छात्र-छात्राओं में ज्यादा उत्साह देखा जा रहा है। प्रखंड के भौरों, भीठा, बड़गाई, भंडरा आदि स्थानों पर मूर्तिकारों द्वारा तैयार किया गया विशेष मूर्ति की बिक्री खूब हुई।

# जगदेव प्रसाद व्यक्ति नहीं एक विचार थे: कृष्णा बैठा



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हैदरनगर देवी मंदिर प्रांगण में बिहार लेनिन बाबू जगदेव प्रसाद की 103वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने कहा कि बाबू जगदेव प्रसाद क्रांतिकारी राजनेता थे। बिहार विधानसभा के सदस्य थे। वे 1968 में सतीश प्रसाद सिंह मंत्री मंडल में 4 दिन के लिए उपमुख्यमंत्री का कार्य भी किया था। जगदेव प्रसाद व्यक्ति नहीं विचार थे। उन्हें बिहार लेनिन भी कहा जाता है। वे शोषित-पीड़ितों के आवाज थे। इस मौके पर उद्यानमित्र विश्वनाथ मेहता, साधुचरण सिंह, किसान मित्र रामसुंदर प्रसाद मेहता, अरुण पाण्डेय, वीरेंद्र सिंह, सुदर्शन यादव, प्रदीप कुमार सिंह, सुदर्शन सिंह, राकेश मेहता, गोरख सिंह, शबीर अहमद, बशीर खान, नीरज सिंह, सुजीत कुमार मेहता, अजय सिंह, उमेश पाल, अभय कुमार सिंह, जगनारायण मेहता और सोनी आदि मौजूद थे।

# आरसीयू ने समरेंद्र नाथ साहा के निलंबन की शुरू की प्रक्रिया

## समरेंद्रनाथ की गिरफ्तारी से आरसीयू का कोई लेना-देना नहीं : डॉ देवाशीष मंडल

- गिरफ्तार वीसी समरेंद्र के कार्यालय से सीबीआई की जांच टीम को नहीं मिला ग्रेडिंग से जुड़ा कोई दस्तावेज
- नैक में हुई गड़बड़ी को लेकर शनिवार को विश्रामपुर आरसीयू में पहुंची थी सीबीआई की जांच टीम
- पूर्व चेयरमैन व आरसीयू के वर्तमान कुलपति के कार्यालय में तीन घंटे तक हुई थी जांच
- नैक के चेयरमैन से सेवानिवृत्त के बाद 14 दिसंबर 24 को एसएन साहा बतौर आरसीयू के वीसी के पद पर किये थे योगदान



समरेंद्र नाथ साहा की फाइल फोटो।

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआइ ने नेशनल असेसमेंट एंड एक्रेडिटेशन काउंसिल (एनएएसी) की रेटिंग में हुए बड़े घोटाले के सिलसिले में शनिवार को पलामू के विश्रामपुर स्थित आरसीयू के उपकुलपति के कार्यालय की जांच की थी। करीब तीन घंटे तक जांच के बाद सीबीआई को उससे जुड़ा कोई दस्तावेज नहीं मिला। जिसके बाद सीबीआई की जांच टीम वापस लौट गयी। इस संबंध में आरसीयू के रजिस्ट्रार प्रो डॉ देवाशीष मंडल ने बताया कि जांच के बाद सीबीआई की टीम ने उन्हें लिखित सीजर लिस्ट दिया है, जिसमें स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि जांच में उन्हें ना तो उससे संबंधित कोई दस्तावेज मिला है और ना ही कोई नकद। उन्हें केवल दो नोट पैड मिला है जो समरेंद्र नाथ साहा के हैंडराइटिंग में था। जिसे सीबीआई की टीम अपने साथ ले गयी है। बताते चलें कि आरसीयू के वर्तमान वीसी एसएन साहा जो यहां 14 दिसंबर 2024 को बतौर वीसी योगदान दिया थे। वे महज एक सप्ताह विश्वविद्यालय के लिये कार्य किये थे। इसके पहले वे नैक के चेयरमैन रह चुके हैं। वहां से सेवानिवृत्त के बाद वे आरसीयू के वीसी बनाये गये थे। नैक के चेयरमैन रहते ग्रेडिंग देने में भारी अनियमितता बरती गयी थी। उसी सिलसिले में सीबीआई की जांच टीम पलामू के विश्रामपुर आरसीयू में पहुंची थी। इसके अलावे देशभर के 20 ठिकानों पर छापामारी हुई थी। आरसीयू के रजिस्ट्रार डॉ मंडल ने बताया कि उससे जुड़ा सीबीआई की जांच टीम को कोई दस्तावेज यहां नहीं मिला है। बताया कि इसकी जानकारी मिलते ही समरेंद्र नाथ साहा को वीसी के पद से हटाने की प्रकिया शुरू कर दी गयी है। बताया कि जांच के दौरान समरेंद्र नाथ साहा छुट्टी पर थे। उनकी गिरफ्तारी दिल्ली से हुई है।

# पत्नी की हत्या का आरोपित पति हुआ गिरफ्तार, हुई जेल



आजाद सिपाही संवाददाता

**गांधीनगर/बेरमो।** गांधीनगर में पत्नी की हत्या के आरोपित पति रोहित कुमार दास को पुलिस ने गिरफ्तार कर रविवार को तेनुघाट जेल भेज दिया। बतातें चलें कि गांधीनगर थाना अंतर्गत जारीडीह बस्ती रविदास टोला में शनिवार अहले सुबह सनकी पति ने पत्नी मोनिका कुमारी (20) की गला घोंटकर हत्या कर दी थी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपित फरार हो गया था। लेकिन गांधीनगर थाना प्रभारी पिंटू महथा की तत्परता से पुलिस ने उसे नावाडीह थाना क्षेत्र के खरपीटो गांव से गिरफ्तार कर लिया। उसे गांधीनगर थाना लाया गया। गौरतलब हो कि आरोपी रोहित दास का करीब दो महीना पहले ही मोनिका कुमारी से दामोदरनाथ मंदिर जारीडीह बाजार में शादी हुई थी। उसने अपनी पत्नी की हत्या की बात को स्वीकार कर लिया है। उसने बताया की पत्नी मोनिका एक लड़के से बातचीत करती थी। इसे लेकर कुछ दिनों से वह काफी गुस्से में था। इसी गुस्से में आकर शनिवार अहले सुबह 4 बजे पत्नी मोनिका की गला दबाकर हत्या कर दी। इसके हाद शव को छोड़कर अपने घर के लोगों को बिना बताए मामा के घर भाग गए। बतातें चलें कि रोहित दास पहले भी हत्या के मामले में जेल जा चुका है। वह हत्या मामले में दोषी ठहराये जाने के बाद हजारीबाग जेल में 12 साल जेल की हवा खा चुका है। वहां से हाल ही में रिहा हुआ था। उदर, छापामारी दल में गांधीनगर थाना प्रभारी पिंटू महथा, एएसआई अजय प्रसाद, राजेश कुमार क्षत्री, श्रीकांत दर्वे हवलदार सुधीर वरवा आ/ सचिन बेसरा आदि शामिल थे।

# झरिया में निकली भव्य शोभा यात्रा



**झरिया (आजाद सिपाही)।** झरिया क्षेत्र के गोपालीचक से शिव परिवार की ओर से आयोजित प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर रविवार को भगवान शिव व माता पार्वती की भव्य झांकी के साथ नगर भ्रमण व शोभायात्रा निकाली गई। नरमुंडों के वाहन पर शिव पार्वती बना कालाकार बैठे थे। वहीं अघोरियों ने एक से एक बढ़कर नृत्य प्रस्तुत कर पूरे झरीया वासियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नृत्य को देख लोग ज्यादा मोहित हो गए जब नरमुंड वाहन से उतरकर शिव पार्वती ने नृत्य किया। इस दौरान शिव पार्वती विवाह की प्रस्तुत कर लोगों को झुमने पर मजबूत कर दिया। वहीं अघोरियों द्वारा भष्म उड़ाए जा रहे थे। नगर भ्रमण में आगे आगे भक्त निशान और पताका लेकर चल रहे थे। जबकि पीछे-पीछे डीजे पर अघोरियों का मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति हो रही थी। यह नगर भ्रमण गोपालीचक होते हुए सिंहनगर, कतरास मोड़, उपरकुल्ली, भालगोरा होते हुए पुनः संकट मोचन मंदिर पहुंची। इस दौरान भगवान के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। महिलाएं भी नगर भ्रमण में थिरकती रहीं। गोपालीचक में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आयोजित यज्ञ में भक्तों ने रविवार को परिक्रमा किया। वहीं हवन व शिवपूजा के दौरान मंत्रोच्चारण से पूरा वातावरण शुद्ध हो गया।इस मौके पर विश्वविजय सिंह, उर्फ नन्हे सिंह शैलेंद्र सिंह, उपेंद्र सिंह,अमर सिंह,समर प्रताप सिंह, जुली देवी, गुड़िया देवी के साथ सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# जनहित की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा निष्पादन: अजित

पंचायत समिति व ओपी प्रभारी ने किया पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत देवरी कला पंचायत में देवरी मेन रोड से बिगन राम के घर तक बनने वाले पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास रविवार को पंसस अजित कुमार सिंह व देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर पंसस ने कहा कि देवरी मेन रोड से विगन राम के घर तक मार्ग की स्थिति काफी जर्जर हो चुकी थी। ग्रामीणों की लंबे समय से मांग थी की जर्जर मार्ग का निर्माण हो। कहा कि सड़क निर्माण हो जाने से यहां के लोगों को काफी सहूलियत होगी। उन्होंने संवेदक से गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण कार्य करने की बात कही। कहा कि जनहित की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन किया जा रहा है। इस मौके पर सीताराम मेहता, संतोष मेहता, अक्षय सिंह, मनीष सिंह, राजू ठाकुर आदि मौजूद थे।

# विश्वदीप अध्यक्ष और पिंटू साव बने सचिव

तैलिक साहू समाज के प्रखंड स्तरीय सम्मेलन में कमेटी गठित




**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** शहर के रानी मैरिज हॉल में रविवार को तैलिक साहू समाज की ओरर से सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसकी अध्यक्षता सलैया पंचायत के पूर्व मुखिया रघुनंदन साव व संचालन विश्वदीप कुमार ने किया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पलामू प्रमंडलीय अध्यक्ष रामदास साहू के अलावा जिला अध्यक्ष ललन साहू शामिल हुए, जिन्होंने कार्यक्रम की शुरूआत जय भामा शाह व जय मां करमाबाई के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। अपने संबोधन में रामदास साहू ने कहा कि समाज के लोगों को ज्यादा से ज्यादा शिक्षित होने के साथ मजबूत बनना होगा। साथ ही समाज को राजनीतिक भागीदारी कैसे मिले इस पर प्रकाश डाला। इस दौरान सर्वसम्मति से प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष विश्वदीप कुमार, उपाध्यक्ष संदीप साव, सचिन पिंटू साव, उपसचिव उपेंद्र साव, कोषाध्यक्ष रामकुमार साव, मुख्य संरक्षक उमेश साव, संगठन मंत्री सनोज गुप्ता, संरक्षक पूर्व मुखिया रघुनंदन साव समेत दर्जनों लोगों को सदस्य बनाया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक उमेश साव, मुखिया बिंदा साव, धनेश्वर साव, गिरधारी साव, वीरेंद्र साव, ललन साव, दीपक साव, लखन साव, भूपेंद्र गुप्ता, शिवपूजन साव, संजय साव, गुप्ता साव आदि शामिल थे।

# डॉ लालचंद बगड़िया एक्यूप्रेशर संस्थान के शिविर में 31 यूनिट रक्त जमा

**रांची (आजाद सिपाही)।** डॉ लालचंद बगड़िया एक्यूप्रेशर संस्थान ने गुरुदेव के 92वें अवतरण दिवस के सुअवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन नागरमल मोदी सेवा सदन के रक्त अधिकोष (ब्लड बैंक) में किया गया। शिविर का शुभारंभ मुक्ति संस्था के अध्यक्ष सह समाजसेवी प्रवीण लोहिया एवं रक्तदान शिविर के संयोजक गोपाल मावंडिया ने संयुक्त रूप से किया। यह शिविर प्रातः 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक लगाया गया। इसमें संस्थान के थैरेपिस्ट एवं अन्य सामाजिक वीरों ने रक्त दान किया। इस अवसर पर प्रवीण लोहिया ने कहा कि संस्थान द्वारा एक्यूप्रेशर, होम्योपैथिक चिकित्सा एवं अन्य सामाजिक सेवा के साथ-साथ रक्तदान महादान शिविर का आयोजन करता है। उन्होंने सभी रक्तदाताओ को दानवीर बताया।

# झामुमो के कार्यकर्ता दुमका के लिए रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता दुमका के लिए रवाना हुए। उक्त जानकारी देते हुए पूर्व प्रवक्ता उमेश यादव ने बताया कि 2 फरवरी को झारखंड मुक्ति मोर्चा का स्थापना दिवस को हरित क्रांति दिवस के रूप में मनाया जा रहा है ,इसके पीछे का सोच है की झारखंड राज्य का पर्यावरण प्रदूषण न हो इसका ख्याल रखते हुए जन जागरण अभियान चलाकर झारखंड मुक्ति मोर्चा सुप्रीमो शिबू सोरेन के आह्वान पर पूरे राज्य में कार्यकर्ता 5-5 वृक्ष लगाने का कार्य करेंगे ।झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन को हमेशा पर्यावरण से लगव रहा है और उनके इस भावना को समझते हुए कार्यकर्ता पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करेंगे। जिससे पूरे राज्य में हरित क्रांति आएगी।

## टीआरएल संकाय : नागपुरी विभाग के विभागाध्यक्ष का पदभार डॉ उमेश नंद तिवारी ने संभाला, कहा

# सबके सहयोग से अपने दायित्व का निर्वहन करूंगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के टीआरएल संकाय के स्नातकोत्तर नागपुरी विभाग में आज नये विभागाध्यक्ष के रूप में डॉ उमेश नन्द तिवारी ने पदभार ग्रहण किया। बता दे कि डॉ तिवारी डॉ सविता केशरी के सेवानिवृत्त होने के पश्चात उनका स्थान लेंगे। डॉ केशरी 31 जनवरी को सेवानिवृत्त हुईं।

इस मौके पर विभाग के डॉ बीरेन्द्र कुमार महतो एवं डॉ रीझू नायक की अगुवाई में विभाग के शिक्षक, छात्र, शोधार्थी एवं कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से बुके देकर डॉ तिवारी का स्वागत किया। डॉ तिवारी ने कहा कि मुझे खुशी है कि मुझे दोबारा विभागाध्यक्ष का कार्यभार सौंपा गया है।

# विद्यार्थियों पर अनावश्यक मानसिक दबाव ना बनायें अभिभावक: एसडीओ

## तकनीक, कला, विज्ञान एवं साहित्य की त्रिवेणी है डीएवी पब्लिक स्कूल : डॉ जीएन खान

वार्षिकोत्सव सह विज्ञान प्रदर्शनी में एमकेडीएवी के विद्यार्थियों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** डीएवी सेंट्रल मैनेजिंग कमेटी नई दिल्ली की ओर से संचालित एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज में वार्षिकोत्सव सह विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सदर एसडीओ सुलोचना मीणा शामिल हुईं। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों को तिलक लगाकर किया गया। इसके बाद एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह डालटेनगंज एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ जीएन खान ने विद्यालय की वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन पेश किया। इस अवसर पर एसडीओ सुलोचना मीणा ने कहा कि मैं राजस्थान के रणथंभोर के सवाई माधोपुर से आती हूं। मैंने भी अपने छात्र जीवन में अनेक प्रतियोगिताओं में भाग लिया है। मुझे जब भी कोई मेडल मिलता था, तो मैं भी बहुत खुश होती थी। उन्होंने अपने कॉलेज के दिनों को याद किया जब वे दिल्ली में थी तो उनके पास सर्टिफिकेट के दो फोल्डर हुआ करते थे, जो शिफ्टिंग के दौरान कहीं खो गए। उन्होंने इस बात पर खेद प्रकट किया। उन्होंने कालेज के फॉर्म में अपनी उपलब्धियां को अंकित करने की बात बताई। इस दौरान वार्षिकोत्सव में विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। इसमें विषय वार मॉडल बनाए गए थे। भौतिकी में एआई रनिंग कार, जीव विज्ञान में ब्लड ग्रुप जांच, डीएनए डिस्प्ले, रसायन विज्ञान में एसिड रेन, वॉटर प्यूरीफायर। साइंस में स्मार्ट सिटी, चंद्रयान, थर्मल पावर स्टेशन। सामाजिक विज्ञान में जलियांवाला बाग, नया संसद भवन। कंप्यूटर में इभोलुशन आफ स्टोरेज डिवाइस, नेटवर्किंग डिवाइसेज। कॉमर्स में सेल्स प्रमोशन टेक्निक। गणित में कोन क्षेत्र एवं ज्यामिति पार्क तथा हिंदी साहित्य में साहित्य अकादमी एवं ज्ञानपीठ पुरस्कार के मॉडल अति प्रसंसनीय थे। मैदान के बीचो-बीच रेत पर उकेरी गई दयानंद की प्रतिमा लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी थी। इस अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ जीएन खान ने कहा कि वार्षिकोत्सव विद्यालय के छात्रों के व्यक्तित्व एवं अकादमी विकास का आईना होता है। इस कार्यक्रम में छात्र अपने हुनर को अपने अभिभावकों एवं दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत कर आत्मविश्वास को मजबूत करते हैं। इस मौके पर विद्यालय की स्थानीय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष सतवीर सिंह राजा, सदस्य शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ जयकुमार, गुरवीर सिंह, उमेश उरांव, सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय, किशोर कुमार पांडे अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट, समाजसेवी दिवाकर पांडे, पूर्व सैनिक बृजेश शुक्ला, पत्नी संजू शुक्ला, पीजीएल सहोदय के सदस्य सह प्राचार्य रोटरी स्कूल अश्लेष पांडे, पीपी गुप्ता प्राचार्य डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला, लोहरदगा, लातेहार, भवनाथपुर, गढ़वा, खलारी, बुंडू, रजरप्पा, सिमडेगा, स्थानीय चिकित्सक संजय तिवारी, समाजसेवी साहिब सिंह, अविनाश देव निदेशक संत मरियम स्कूल डालटेनगंज, बिनको उरांव मुखिया चियाकी, यासमीन अख्तर उपस्थिति थीं। धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ शिक्षक आलोक कुमार ने किया।

# शिक्षक का दायित्व केवल विद्यालय में ही नहीं बल्कि संपूर्ण समाज में होता है : कुंदन कुमार

## अभाव में शिक्षा से वंचित विद्यार्थियों को चिन्हित कर की जायेगी मदद : अविनाश

शिक्षक सम्मान समारोह सह सुर संध्या का आयोजन



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** झारखंड स्टेट स्कूल्स एसोसिएशन की ओर से मेदिनीनगर के स्थानीय टाउन हॉल में सरस्वती पूजा की पूर्व संध्या पर शिक्षक सम्मान समारोह सह सुर संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अपर समाहर्ता कुंदन कुमार के अलावा सदर सीओ अमरजीत बल्होत्रा, झारखंड स्टेट स्कूल्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अविनाश देव आदि लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने कहा कि झारखंड स्टेट स्कूल्स एसोसिएशन शिक्षा के अलख जागते हुए शिक्षकों के लिए जो सम्मान दिया है वह खुद में काबिल-ए-तारीफ है। यह संगठन शिक्षा के साथ ही समाज निर्माण में भी अच्छी भूमिका निभा रही है। कहा कि विद्यार्थियों के लिए शिक्षक ही जीवन का गतिदाता है। शिक्षक का दायित्व मात्र विद्यालय में ही नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज में होता है। वहीं, अमरजीत मल्होत्रा ने कहा कि सम्मान पाकर शिक्षक अपने विद्यालयों में और भी कर्तव्य निष्ठा के साथ काम करेंगे। उन्होंने कहा कि एक अच्छे शिक्षक में धैर्य, सहानुभूति, अनुकूलनशीलता और सम्मान जैसे कई गुण होते हैं। इसके अलावा, कक्षा प्रबंधन से लेकर भावनात्मक बुद्धिमत्ता तक,कई तरह के हार्ड और सॉफ्ट कौशल भी हैं जिन्हें प्रभावी शिक्षकों को निखारना चाहिए। वहीं, झारखंड स्टेट स्कूल्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अविनाश देव ने कहा कि इस संगठन के स्थापना का उद्देश्य संगठन से जुड़े विद्यालयों सहित राज्य के स भी विद्यालयों एवं विद्यालयों से जुड़े शिक्षकों, अभिभावक एवं विद्यार्थियों के हितों की रक्षा करना है। निजी विद्यालयों में कई प्रतिभावान शिक्षक अपने उत्कृष्ट सेवा देते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज उन सभी शिक्षकों को सम्मान देकर संगठन खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। कहा कि संसाधनों के अभाव में कई ऐसी प्रतिभाएं हैं जो शिक्षा ग्रहण नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे विद्यार्थियों को चिन्हित कर संगठन उन्हें आर्थिक एवं शिक्षा के क्षेत्र में सहायता प्रदान करेगी। इस दौरान अविनाश देव ने पैरा ओलंपिक खिलाड़ी राजेश कुमार मेहता को 11 हजार रुपय सहयोग राशि के रूप में देकर मार्च में होने वाले एशियन अंतरराष्ट्रीय पैरा ओलंपिक गेम के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि सम्मान मिलना जीवन की चुनौतियों का सामना करने और अपनी आकांक्षाओं को प्राप्त करने के लिए ज्ञान, कौशल और मूल्यों से सशक्त बनाती है। छात्रों के लिए, शिक्षा बौद्धिक विकास, आलोचनात्मक सोच, रचनात्मकता और समस्या-समाधान क्षमताओं को बढ़ावा देने का एक साधन है। जबकि प्रोफेसर सुभाष चंद्र मिश्रा ने कहा कि शिक्षा और समाज कल्याण, दोनों ही एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। शिक्षा के जरिए ही समाज में सामाजिक-आर्थिक बाधाओं को दूर किया जा सकता है। इस मौके पर प्रोफेसर सुभाष चंद्र मिश्रा, प्रोफेसर केके मिश्रा, पैरा ओलंपिक खिलाड़ी राजेश कुमार मेहता, कवि सह शिक्षक एमजे अजहर, ट्रैफिक प्रभारी जमाल अहमद आदि को अपने-अपने कार्य क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए मोमेंटो एवं अंग वस्त्र देखकर सम्मानित किया गया। उधर सम्मानित होने वाले विभिन्न स्कूलों में लिलिपुट ए प्ले स्कूल मन्नत सिंह बग्गा, फलक आफरीन, एइके अकैडमी अर्जुन पांडे, मोहम्मद साजिद अनवर, कैंब्रिज पब्लिक स्कूल निभा कुमारी, काजल कुमारी,ओरिएंट पब्लिक स्कूल शबनम आरा,आशीष कुमार, एसएलए पब्लिक स्कूल की रीना सिंह, सुशील हपनगडा, संत मरियम रेजिडेंशियल स्कूल के प्रवीण दुबे, एसबी साहा, आवासीय बल शिक्षा निकेतन की ऋषिका श्रीवास्तव, श्रीकांत मिश्रा, लोटस अकेडमी के आकाश तिवारी, प्राजंलि ओझा आदि शामिल थे। इस मौके पर झारखंड स्टेट स्कूल एसोसिएशन के संरक्षक रमाकांत मेहता, सचिव गिरीश कुमार, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष आफताब आलम, सह सचिव राजीव गोयल, ओरिएंट स्कूल के निदेशक सुधीर मेहता, लोटस एकेडमी के प्राचार्य कल्पना शर्मा आदि उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 03 फरवरी, 2025
www.azadsipahi.in


# देश के विकास के लिए उपयुक्त नहीं है यह बजट : उमर फारूक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** झारखंड युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष उमर फारूक अंसारी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा बनाया गया बजट किसी मायने में देश के विकास के लिए उपयुक्त नहीं है। बजट में वित्त मंत्री ने कोई भी नया प्रावधान नहीं रखा है। यह बजट अमीरों को अमीर और गरीबों को गरीब बनाने वाला है। जहां इस बजट में 12 लख रुपए तक के आय को टैक्स मुक्त किया गया, वहीं दाल, चावल, आटा जैसे दैनिक जरूरी चीजों पर मोदी सरकार टैक्स ले रही है। यह सरकार और इस सरकार की नीति दोनों गरीब विरोधी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के उत्थान के नाम पर उन्हें लॉलीपॉप थमा दिया गया है। युवाओं को नजरअंदाज किया गया और लोकलुभावन बजट बनाकर भारत वासियों को बेवकूफ बनाया गया है। उन्होंने कहा कि बैंकों द्वारा केसीसी का लक्ष्य कभी पूरा ही नहीं किया जाता और सरकार ने इसकी राशि को और बढ़कर किसानों को ठगने का काम किया है। केसीसी की राशि बढ़ाई लेकिन बैंकों पर लगाम नहीं कसी। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त सरकार देने के लिए मोदी सरकार को कम करना चाहिए।

# हर भारतीय के सपने को साकार करने वाला है बजट : अरुण उरांव

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**गुमला।** यह बजट हर भारतीय के सपनो को पूरा करने वाला बजट है। उक्त बातें होटल विदेश के सभागार में आयोजित प्रेस-वार्ता में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता डॉ अरुण उरांव ने कही। वे पत्रकारों द्वारा पूछे गये सवालों के जवाब दे रहे थे।

विपक्षी दलों पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि देश का विपक्ष दिशाहीन हो गया है, और वह बगैर बजट पढ़े रटी रटाई आलोचना कर रहा है। विपक्षी फिजूल ही कह रहे हैं कि केंद्र सरकार ने आम जनता को कोई राहत नहीं दिया है।

बजट की विशेषताओं पर उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने इस बजट के माध्यम से युग परिवर्तन करने वाला निर्णय लिया है। पूरे देश में मध्यम वर्ग की संख्या 30 प्रतिशत मानी जाती है। इस इमानदार कमाऊ करदाता को मोदी सरकार ने वर्षों की आस एवं गिला को खत्म कर सात लाख से बढ़ा कर सीधे 12 लाख रु तक की आय को टैक्स से मुक्त कर दिया, इससे मध्यम वर्ग में विश्वास बहाली के साथ साथ उसे 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य में सहभागिता बनाने की एक क्रांतिकारी कदम बताया है। उन्होनें कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए मोदी सरकार ने बजट का कुल आकार 50.65 लाख करोड़ रु का रखा है, इसमें रेलवे को 2.52 लाख करोड़ रुपये का बजट आवंटित किये गये हैं। कृषि क्षेत्र में किसान क्रेडिट कार्ड केसीसी लोन की सीमा तीन लाख से बढ़कर पांच लाख रुपये कर दी गये है। बुनियादी ढांचे के विकास के लिए राज्यों को 50 वर्ष के लिए डेढ़ लाख करोड़ रुपये का ब्याज मुक्त कर दिया जायेगा। अब दो प्रॉपर्टीज होने पर आयकर दाता को किसी प्रकार का कोई टैक्स नहीं देना होगा पहले या छोड़कर एक प्रॉपर्टी तक ही समिति थी। विकास का तीसरा क्षेत्र है निवेश, देश में कॉटन इंडस्ट्री को विशेष जोर दिया गया है। देश की चार राज्यों में नये संयंत्र स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है।

देश में ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी सेकेंडरी स्कूलों को ब्रॉडबैंड से जोड़ा जायेगा एवं अटल प्रयोगशाला स्थापित की जायेगी। मेडिकल कॉलेज में अगले पांच सालों में 75000 सीटें बढ़ाई जाएगी, अगले साल दस हजार सीटें जुड़ेगी, साथ ही पांच और मेडीकल कॉलेज की स्थापना की जायेगी। अगले दस वर्षों में 120 नये एयरपोर्ट बनेंगे, यह बजट विकसित भारत की आर्थिक सशक्तिकरण की इबारत लिखेगी।

प्रेस कांफ्रेंस में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ अरुण उरांव के अलावे जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण पटेल, भाजपा जिला के वरिष्ठ नेता सागर उरांव, जिला मंत्री संजय कुमार साहू, जिला सोशल मीडिया प्रभारी बालकेश्वर सिंह, सक्रिय नेता राजीव साहू, बाघम्बर ओहदार, लक्ष्मीकांत बड़ाइक, इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भाजपा आरक्षण हटाने की कर रही तैयारी : फिरोज आलम

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** गुमला जिला महासचिव फिरोज आलम ने कहा के आरक्षण को लेकर बीजेपी-आरएसएस के दिल और दिमाग में क्या चल रहा है, आप इसका अंदाजा गुजरात की भाजपा सचिव नौकाबेन प्रजापति के बयान से आप लगा सकते हैं। नौकाबेन की बात को हल्के में नहीं लिया जा सकता। क्योंकि ये कोई छोटी-मोटी नेता नहीं बल्कि गुजरात में मोदी और अमित शाह की सबसे खासमखास नेताओं में एक है। बीजेपी के हर कार्यक्रम में नरेंद्र मोदी और अमित शाह के साथ दिखाई देंती है।

नौकाबेन ने 26 जनवरी के कार्यक्रम में खुलेआम मंच से कहा कि आरक्षण हमारे देश का सिरदर्द बन गया है। जब तक आरक्षण नहीं हटेगा तब तक भारत मजबूत देश नहीं बन पायेगा।

उसने इजरायल का उदाहरण देते हुए भारत के करोड़ों पिछड़ों, आदिवासियों, महिलाओं एवं वंचितों की देशभक्ति पर भी सवाल उठाए। उन्होंने इनडायरेक्ट रूप से लोगों को आश्वासन दिया कि बहुत जल्द ही बीजेपी भारत को आरक्षण मुक्त कर देगी। ऐसा लग रहा है कि ये बयान नौकाबेन का नहीं बल्कि बीजेपी सरकार का बयान है। शायद यही कारण है कि आज दो दिन बीतने के बाद भी बीजेपी ने नौकाबेन पर कोई कार्रवाई नहीं की। अभी कुछ दिन पहले मोहन भागवत ने देश की आजादी को अपमानित करते हुए खुलेआम मंच से कहा कि हम 1947 में नहीं बल्कि राममंदिर बनने के बाद आजाद हुए हैं। यानी आरएसएस का यकीन संविधान में है ही नही। इससे पहले भरी संसद में अमित शाह ने इस देश के करोड़ों लोगों के मसीहा बाबा साहेब का खुलेआम मजाकर उड़ाते हुए ये संदेश दिया था कि बीजेपी संविधान को नहीं मानती। बीजेपी को इस देश के करोड़ों दलितों, आदिवासियों, गरीबों, महिलाओं और वंचितों की भावना से कोई लेना-देना नहीं है।

# सामान सहित पिकअप वैन की चोरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भरनो।** प्रखंड मुख्यालय के सबसे चर्चित और व्यस्ततम ब्लॉक चौक में घर के बाहर खड़ी पिकअप वैन चोरी कर ली गयी और यह सारा दृश्य सीसीटीवी में कैद हो गयी। संजीत साहू के ब्लॉक चौक स्थित घर के बाहर खड़ी पिकअप वैन पर शनिवार रात चोरों ने हाथ साफ किया और पिकअप वैन लेकर फरार हो गये। पिकअप में ढाई लाख रुपये का किराना का सामान भी लोड था। उक्त पिकअप नावाटोली निवासी कृष्णा केशरी का है। संजीत उक्त पिकअप को भाड़े में लेकर किराना सामान लेने पंडरा बाजार गया था और रात 8 बजे घर लौटकर पिकअप को घर के बाहर लगाया था। बगल में स्थित श्रीकांत केशरी के दुकान में लगे सीसीटीवी में वारदात कैद हो गयी है। चोर सफेद रंग के स्कॉर्पियो में आये थे और पिकअप चुरा कर भाग गये। घटना को रात डेढ़ बजे अंजाम दिया गया है। सूचना पर थानेदार कंचन प्रजापति घटना स्थल पहुंचे। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज देखा और चालक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है घटना के बाद लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं हैं।

## भरनो में पुलिस गश्त पर उठे सवाल

पुलिस की निष्क्रियता के चलते चोरों के हौसले बुलंद है। जिसके चलते प्रखंड से लेकर गांव में भी चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। घटना को अंजाम देने के बाद चोर आसानी से निकल भागते है लेकिन पुलिस निष्क्रिय बनी हुई है। पिछले कई महीनों से चोरी की वारदातें बढ़ी हैं। भरनो में अनेक स्थानों पर चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस किसी भी घटना से पर्दा उठाने में नाकाम ही रही है। पिछले एक माह में कई घरों, दुकानों में चोरी की वारदातें हो चुकी हैं। लोगों का कहना है कि पुलिस की निष्क्रियता के चलते यहां वारदातें बढ़ रही हैं।

## सांसद प्रतिनिधि ने नवाडीह पंचायत का किया दौरा

# सड़क की समस्या से हुए अवगत, बनवाने का दिया भरोसा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा ने रविवार को नवाडीह पंचायत का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्या सुनी। ग्रामीणों ने सांसद प्रतिनिधि को सिंदवर मोड़ से बगीचा टोली तक करीब 4 किलोमीटर सड़क की समस्या से अवगत कराया ग्रामीणों ने कहा कि वर्षों से हमलोगों को सड़क की समस्या से जूझना पड़ रहा है। प्रशासन को कई बार अवगत कराया गया लेकिन न प्रशासन ने कभी सुधि ली न किसी विधायक अथवा जनप्रतिनिधियों ने हमारी समस्यायों को समझने का प्रयास किया। इस क्षेत्र में सब्जी की खेती बड़े पैमाने पर होती है। लेकिन खराब सड़क के कारण बजार तक ले जाने में बहुत कठिनाई होती है। बच्चों को स्कूल जाने व मरीज को अस्पताल ले जा पाना भी मुश्किल है। ग्रमीणों ने बताया कि इस सड़क से सैंकड़ों लोग जुड़े हैं। छोटे - बड़े लगभाग 10 गांवों को यह सड़क जोड़ती है। जिनमें राजस्व ग्राम मोकरो, हुडकुटोली, अंबाटोली, जुगाटोली आदि प्रमुख हैं। सांसद प्रतिनिधि ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि सांसद सुखदेव भगत जनता की समस्याओं के प्रति गंभीर है। सड़क जल्दी बने इसके लिए हर संभव प्रयास करेंगे। दौरा कार्यक्रम में निगरानी सदस्य रूपेश कुमार सन्नी, रफी अली, रामकिशुन बडाईक सहित अनेकों ग्रामीण उपस्थित थे।

## बड़कोइली में मेला का आयोजन



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत गांव बड़कोईली में रविवार को मेले का आयोजन किया।जिसमें बिक्री के लिये जगह-जगह पर साग सब्जी, श्रृंगार व मिठाइयों की दुकानें सजी हुई थी। वहीं इस मेले पर मुर्गा लड़ाई व जदूरा लोगों के लिये मुख्य आकर्षण का केंद्र बना रहा। ग्रामीण अरविंद कुमार साहु ने बताया कि यह मेला प्रत्येक वर्ष दो फरवरी को लगाया जाता है। इस मेले का मुख्य उद्देश्य होता है कि खेतीबाड़ी के कार्यों से निवृत्त होने के बाद लोग अपने सगे-संबंधी व रिश्तेदारों से आपसी मुलाकात व बातचीत कर हाल-खबर लेते हैं। इस मेले को सफल बनाने मे अशोक कुमार सहित स्थानीय युवकों के द्वारा महत्वपूर्ण योगदान दिया गया।

# गुमला शहर में ज्यादातर सीसीटीवी कैमरे खराब, ठीक करने के लिए नहीं हुई पहल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** गुमला शहरी क्षेत्र में लगे 98 सीसीटीवी कैमरों में लगभग 70 कैमरे पूरी तरह से खराब है जो काम नहीं करते हैं। शहरी क्षेत्र में आये दिन चोरी की घटनाएं देखने को मिलती है। पुलिस को अनुसंधान के क्रम में सीसीटीवी कैमरे में फुटेज की आवश्यकता पड़ती है। लेकिन शहर में कई जगह के सीसीटीवी कैमरा खराब होने की वजह से पुलिस को अपराधियों तक पहुंचने में काफी परेशानी होती है। जिसके कारण कई बार अपराधी बचकर निकल जाते हैं। वहीं पुलिस भी अपराधियों तक नहीं पहुंच पाती हैं। कई मामलों में सीसीटीवी कैमरा खराब होने की वजह से पुलिस को अनुसंधान में काफी परेशानी हुई है और पुलिस अपराधी तक नहीं पहुंच पायी है। जिसका अपराधी भी फायदा उठाते हैं। शहरी क्षेत्र का सीसीटीवी कैमरा काफी लंबे समय से खराब है। लेकिन उसे ठीक करने की दिशा में अब तक पहल नहीं की गयी है। विभाग के द्वारा कई बार मामले को लेकर वरीय अधिकारियों को पत्राचार किया गया है। जानकारी के मुताबिक जेना टेक्नोलॉजी और लिंक स्पीड कंपनी ने सीसीटीवी कैमरा लगाने और उसकी रखरखाव का इकरारनामा किया था। वही लोग बताते हैं कि 5 सालों तक मेंटेनेंस का कार्य कंपनी को करना है। लेकिन सीसीटीवी खराब होने के बाद कंपनी की ओर से ठीक करने की दिशा में पहल नहीं की गयी। एक विभागीय अधिकारी ने बताया कंपनी को पैसा पेमेंट नहीं किया गया है। बहरहाल मामला जो भी है गुमला शहरी क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लगाया गया सीसीटीवी कैमरा सिर्फ शोभा की वस्तु बनकर रह गया है। जिसके कारण बेखौफ होकर चोरी, छिनतई तस्करी का धंधा चल रहा है।

## नशेड़ियों ने एक के साथ की मारपीट, मामला दर्ज

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला पालकोट रोड स्थित पुग्गू बिरसा नगर लकड़ी डिपो में शनिवार की रात कुछ युवक ब्राउन शुगर गांजा शराब आदि पी रहे थे। साथ ही शोर शराबा भी कर रहे थे। आसपास कई लोगों का घर है जिससे बच्चों को पढ़ाई लिखाई में व्यवधान उत्पन्न होता है जिसको लेकर शनिवार की शाम 6:30 बजे नशेड़ियों को स्थानीय लोगों ने डांट कर भागने का प्रयास किया। इसके बाद कुछ देर बाद 20 से 25 नशेड़ियों का समूह वहां पहुंचा और पत्थर बाजी करने लगे। घटना में बिरसा नगर निवासी एक व्यक्ति घायल हो गए। इसके बाद झड़प होने लगा। घटना के बाद एक युवक का मोबाइल स्थानीय लोगों ने बरामद किया। वही नशेड़ियों ने घायल व्यक्ति का एक मोबाइल भी छीन लिया है। मामले को लेकर पीड़ित ने रविवार की अपराह्न 3:00 बजे गुमला थाना को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

# चार दिवसीय प्रांतीय प्रधानाचार्य सम्मेलन के लिए सरस्वती शिशु विद्या मंदिर तैयार

**सम्मेलन का उद्देश्य आगामी शिक्षण सत्र 2025- 26 की रूपरेखा एवं नीति निर्धारण करना : अखिलेश कुमार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** विद्या भारती झारखंड के तत्वाधान में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला में प्रांतीय प्रधानाचार्य सम्मेलन 2025 की तैयारी जोरो पर है। दिनांक 5 से 8 फरवरी तक चलने वाले इस सम्मेलन में झारखंड के 24 जिलों से 218 प्रधानाचार्य शामिल होने वाले हैं। सम्मेलन की तैयारी को लेकर गुमला विभाग के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार ने आचार्यों के साथ बैठक कर सभी विभागों के तैयारियों की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उनके नेतृत्व में विद्यालय के सभी आचार्य इस सम्मेलन की तैयारी को मूर्त रूप देने में लगे हैं। सम्मेलन के उद्देश्यों को लेकर उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के कार्यों की समीक्षा होगी तथा आगामी सत्र 2025- 26 की योजनाओं की रूपरेखा व नीति निर्धारण किया जायेगा। आचार्य के साथ बैठक में उन्होंने चर्चा करते हुए कहा की विद्यालय में अध्यनरत भैया बहनों के विकास के लिए चिंतन करते हुए आगे आने वाले चुनौतियों का सामना करने व गुणवत्तायुक्त शिक्षा कैसी प्रदान की जा सके इसकी योजना तैयार करना इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य है। प्रधानाचार्यो के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी अपने चरम पर है। प्रांतीय घोष प्रमुख राजेश कुमार के नेतृत्व में विद्यालय के घोष दल के भैया बहन घोष वादन का अभ्यास कर रहे हैं। स्थानीय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामकिशोर रजक, सचिव विजय बहादुर सिंह तथा सभी अधिकारी गण, प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा अतिथियों के स्वागत में विद्यालय की सभी व्यवस्था को अंतिम रूप देने में लगे हैं।

## कल्याण अस्पताल ने एकलव्य मॉडल विद्यालय में लगाया जांच शिविर



**बसिया (आजाद सिपाही)।** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में कल्याण अस्पताल, नागफेनी द्वारा शिविर लगाकर छात्रों, शिक्षकों तथा कर्मचारियो का चिकित्सकीय जांच किया गया तथा आवश्यकतानुसार दवाइयां दी गयी। इस मेडिकल टीम में चालक समेत कुल 6 सदस्य थे जिन्होंने छात्रों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराया। चिकित्सक डॉ आरआर दास के अतिरिक्त फार्मासिस्ट रोहन सिन्हा, प्यून अमर उरांव तथा एएनएम गोरोती लकड़ा और अल्बिसिया मिंज थे। एएनएम ने छात्रों के हेल्थ कार्ड में आवश्यक जानकारियां यथा वजन और लंबाई भी अंकित किया। चिकित्सक डॉ आरआर दास ने कुल 121 छात्रों, शिक्षकों व कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और आवश्यकतानुसार रक्त जांच करवाकर दवाइयां दी।

## शहर के एक मोहल्ले से बाल संरक्षण इकाई और पुलिस ने नाबालिग को किया रेस्क्यू

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहरी क्षेत्र के एक मुहल्ले में रहने वाले एक सरकारी कर्मचारी के घर से सीडब्ल्यूसी,बाल संरक्षण इकाई व सदर थाना की पुलिस ने 15 वर्षीय एक नाबालिग को छापामारी कर रेस्क्यू की है। फिलहाल नाबालिग को रेस्क्यू किए जाने के बाद सुरक्षा की दृष्टिकोण से बाल गृह में रखा है। सोमवार को सीडब्ल्यूसी के द्वारा नाबालिग से पूछताछ की जाएगी।साथ ही आगे की कारवाई की जाएगी।बताया जाता है कि सरकारी कर्मचारी जन सेवक के पद पर कार्यरत है और पिछले चार सालों से वह नाबालिग को अपने घर मे रखकर नौकरानी का काम करा रहा था।काम नही करने पर उसकी पिटाई भी की जाती थी। साथ ही कई प्रकार से शारीरिक व मानसिक यातनाएं दी जाती थी। जिससे तंग आकर किशोरी ने रविवार की अपराह्न 3 बजे किसी को इसकी जानकारी दे दी साथ ही इसकी जानकारी चाइल्ड लाइन व सीडब्ल्यूसी को दिया गया। इसके बाद बाल संरक्षण इकाई व सीडब्ल्यूसी हरकत ने आ गयी। फिर सदर थाना की पुलिस की मदद से काफी मशक्कत के बाद नाबालिग को बरामद किया गया। बताया जाता है कि नाबालिग ने अपनी जान को भी खतरा होने की बात कही है। जिसके कारण उसे फिलहाल बाल गृह में रखा गया है।

## दो ट्रक में टक्कर, बचे चालक

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय से 5 किलोमीटर दूर अरमई बायपास चौक में रविवार को लगभग 3 बजे दो ट्रक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें दोनों ट्रक के चालक बाल बाल बच गए। जानकारी के अनुसार, सिसई की ओर से आ रही तेज रफ्तार की कोयला लदे ट्रक ने पालकोट की ओर से आ रही तेल टैंकर ट्रक को जोरदार टक्कर मार दिया। इस दौरान कोयला लदे ट्रक का टायर ब्लास्ट कर गया और चालक वाहन को छोड़कर मौके से भागने में सफल रहा।

# स्पोर्ट्स



इंग्लैंड से ब्रायडन कार्स ने 3 और मार्क वुड ने 2 विकेट लिए। 20वें ओवर की पांचवीं बॉल पर भारत ने 8वां विकेट गंवाया।

# राष्ट्रीय स्कूल हॉकी में झारखंड दोनों वर्गों में बना चैंपियन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जयपाल सिंह मुंडा हॉकी स्टेडियम मोरहाबादी में रविवार की शाम रांची के हॉकी प्रेमियों के लिए खुशियों से भरी रही। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की मेजबानी में रांची में आयोजित एसजीएफआई राष्ट्रीय स्कूली अंडर 19 हॉकी प्रतियोगिता में मेजबान झारखंड ने दोनों वर्गों में चैंपियन ट्रॉफी अपने नाम किया। अपनी टीम की जीत पर दर्शक जोश और उत्साह से भरे थे। बालिका वर्ग के फाइनल मैच झारकंड ने चंडीगढ़ को 7-1 से हराकर विजेता ट्रॉफी हासिल की। झारखंड के लिए स्विटी डुंगडुंग ने तीन, रीना कुल्लू ने दो और एस्टर होरो व सलोमी ने एक-एक गोल किए। बालक वर्ग में झारखंड और ओडिशा के बीच कांटे की टक्कर वाले मुकाबले में अंतिम समय में एडिसन मिंज के गोल से झारखंड के खाते में चैंपियन ट्रॉफी आई। इससे पहले दोनों वर्गों में उत्तर प्रदेश की टीम ने तीसरे स्थान का मैच जीता। बालक वर्ग में उत्तर प्रदेश ने पंजाब को 5-0 से और बालिका वर्ग में गुजरात को 3-1 से पराजित किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की और हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने विजेता व उपविजेता टीम को सम्मानित किया। इश अवसर पर झारखंड शिक्षा परिजोयजना परिषद के प्रशासी पदाधिकारी एसडी तिग्गा, डीएसई बादल राज, जेईपीसी के कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह, सीईओ रजनीश कुमार सहित खेल कोषांग के पदाधिकारी मौजूद थे।

**खिलाड़ियों को मिलेंगी हर सुविधाएं : विधायक**

मुख्य अतिथि भूषण बाड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड में खेल और खिलाड़ियों की कोई भी आवश्यकता हो तो मैं दिन-रात हर तरह से उनके साथ हूं। हर बुनियादी सुविधाएं खिलाड़ियों को उपलब्ध कराई जायेगी। हॉकी इंडिया के महासचिव हॉकी इंडिया के भोलानाथ सिंह ने कहा कि हॉकी खेल में निरंतर आगे बढ़ रहा है।

**बेस्ट स्कोरर**

बालक वर्ग : मानस शरीक बोरो (असम)
बालिका वर्ग : प्रतिमा (उत्तर प्रदेश)

**बेस्ट गोलकीपर**

बालिका वर्ग : सोनाली तिर्की (झारखंड)
बालक वर्ग : गौरव कुमार (चंडीगढ़)

# अभिषेक शर्मा के शतक से भारत ने 247 रन बनाये

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मुंबई।** अभिषेक शर्मा की सेंचुरी के दम पर भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टी-20 में 247 रन बना दिए। अभिषेक ने 54 गेंद पर 135 रन बनाए, यह भारत के लिए हाईएस्ट स्कोर है। उन्होंने 13 छक्के लगाए और 37 गेंद पर सेंचुरी पूरी की, जो इंग्लैंड के खिलाफ सबसे कम गेंदों पर शतक का रिकॉर्ड है। रविवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। भारत से शिवम दुबे दूसरे टॉप स्कोरर रहे, उन्होंने 30 रन बनाये। इंग्लैंड से ब्रायडन कार्स ने 3 और मार्क वुड ने 2 विकेट लिए। 20वें ओवर की पांचवीं बॉल पर भारत ने 8वां विकेट गंवाया। अक्षर पटेल 15 रन बनाकर रनआउट हुए।

# निजी अस्पताल ने बकाया के लिए शव रोका कल्पना सोरेन के हस्तक्षेप के बाद सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** शहर के एक नीजि (एसजेएएस सुपर स्पेशलिटी) अस्पताल में इंसानियत को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। जहां मरीज की मौत के बाद अस्पताल प्रबंधक द्वारा परिजनों को शव ले जाने से रोक दिया गया गया। कहा गया कि पहले बकाया पैसा जमा करें, तब शव लेकर जाए। बतातें चलें कि पहले भी इस तरह की घटना हो चुकी है। तब झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी की ओर से सख्त हिदायत दी गयी थी, लेकिन इसके बाद भी अस्पताल में मरीज की मौत होने के बाद शव को बंधक बनाए जाने का मामला कम नहीं हो रहा है। जानकारी के अनुसार, गिरिडीह जिले के गाड़े थाना क्षेत्र के हरिपालडीह निवासी सुधीर कुमार वर्मा ठेला में दुकान लगा कर अपना जीवन यापन करते थे। 31 जनवरी को एंबुलेंस के धक्के से सुधीर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें बेहतर इलाज के लिए परिजनों ने धनबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां शनिवार की रात इलाज के दौरान सुधीर की मौत हो गई। इलाज के दौरान सुधीर के परिजनों ने अस्पताल में 3.5 लाख रुपए जमा करा दिए थे, लेकिन इसके बावजूद अस्पताल प्रबंधक ने बाकी बकाया रुपए के लिए शव देने से इनकार कर दिया। परिजनों का कहना है कि वो खेत-जमीन बेच कर इलाज करा रहे थे। अब अस्पताल प्रबंधक का कहना है कि 1.35 लाख जाम करा दीजिए और शव ले जाएं। हालांकि सूत्रों की मानें तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी व गांडेय विधायक कल्पना सोरेन के हस्तक्षेप के बाद शव को अस्पताल प्रबंधक द्वारा परिजनों को सौंप दिया गया है।



एसजेएएस अस्पताल की फाइल फोटो।

## अशर्फी अस्पताल में मरीज की मौत के बाद नाराज परिजनों ने किया हंगामा

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के अशर्फी अस्पताल में मरीज की मौत के बाद आक्रोशित परिजनों ने रविवार को जमकर हंगामा किया। जानकारी के मुताबिक दिलीप कुमार मंडल सड़क हादसे में घायल हो गया था। जिसे अशर्फी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में डॉक्टरों की लापरवाही और इलाज में देरी के कारण दिलीप की मौत हुई है।



अगर अस्पताल में इलाज संभव नहीं था तो मरीज को रेफर कर देना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। सिर्फ अस्पताल का बिल बनाने के लिए मरीज का दाखिला लिया गया। परिजनों ने बताया कि मरीज को अस्पताल में भर्ती करने के बाद परिजनों ने कई बार डॉक्टर से मिलने की कोशिश की, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें समय नहीं दिया। अगर डॉक्टर ने समय पर इलाज किया होता तो दिलीप की जान बचाई जा सकती थी।

# बीसीसीएल प्रबंधन मजदूरों की सुरक्षा पर ध्यान दे: रागिनी सिंह

**बागडिगी खान दुर्घटना की 25वीं बरसी पर नम आंखों से दी गयी 29 श्रमिकों को श्रद्धांजलि**

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** बागडिगी खान हादसे को याद कर आज भी लोगों के दिल दहल उठते हैं। दो फरवरी, 2001 ही वो दिन था जब बागडिगी खदान में पानी भर जाने से 29 श्रमिकों ने जलसमाधि ले ली थी। इसकी 25वीं बरसी पर रविवार को शहीद स्थल पर जाकर कोयला कंपनी बीसीसीएल के डीपी मुरली कृष्ण रमैया और डीटी मनोज कुमार अग्रवाल, यूनियन नेताओं, शहीद के परिवार वालों व झरिया की विधायक रागिनी सिंह ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी। बीसीसीएल के डीटी मनोज अग्रवाल ने कहा कि श्रमिकों की शहादत बेकार नहीं जाएगी। बागडिगी घटना बहुत ही दुःखद है। इस तरह की घटना भविष्य में ना हो इसके लिए नई तकनीकी आई है। मजदूरों की शहादत और मेहनत के कारण ही आज कंपनी ऊंचाई तक पहुंची है। इस मौके पर मजदूर संगठनों के नेता और कोयला मजदूर भी पहुंचे। उन्होंने भी खान हादसे में मारे गए अपने साथियों के प्रति श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। वहीं, झरिया विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि बहुत ही दुःखद घटना थी, जिसमें हमने 29 श्रमिकों को खो दिया था। आज भी उक्त हादसे को याद कर रूह कांप जाती है। इस हादसे से अधिकारियों को बहुत कुछ सीखने को मिला था। लेकिन बीसीसीएल आज भी लापरवाही बरत रही है। जिस कारण मजदूरों के साथ अप्रिय घटना घट रही है। बीसीसीएल प्रबंधन मजदूरों की सुरक्षा पर ध्यान दें। उधर, जनता मजदूर संघ (बच्चा गुट) के महामंत्री अभिषेक सिंह ने भी शहीद स्मारक स्थल पर पहुंच कर नम आंखों से श्रद्धांजलि दी।


दिवंगत श्रमिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करतीं विधायक रागिनी सिंह।

# धनबाद में हुए जीएसटी की रेड में कई चौंकाने वाले खुलासे

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड में कथित रूप सके अब तक के सबसे बड़े जीएसटी रेड के बाद लगातार आंकड़े बढ़ते जा रहे हैं। कई अन्य लोगों के बेनकाब होने की संभावना बढ़ती जा रही है। 150 करोड रुपए की गड़बड़ी की जांच बढ़कर अब 400 करोड़ रुपये के आसपास पहुंचने की संभावना है। इसी तरह फर्जी कंपनियों की संख्या भी 30 हो गई है। कई नए नाम भी सामने आ रहे है। सूत्रों की मानें ते जांच जब आगे बढ़ी तो सौरभ सिंघल और उनके साझेदार शिवम सिंह की 5 से 6 नई फर्जी कंपनियों का खुलासा हुआ है। अब तक हुई जांच में 30 फर्जी कंपनियों के जरिए 400 करोड़ रुपये रुपए से अधिक का इनवॉइस काटने का पता चला है। संभवतः जांच में कई और फर्जी कंपनियों का खुलासा होने की संभावना है कई नए चेहरे सामने आ सकते है। सौरभ सिंघल और उनके पार्टनर के फ्लैट से नोट गिनने वाली मशीन तक बरामद की गई है। सूत्रों के अनुसार चोरी के कोयले को बाहर भेजने के लिए फर्जी कंपनी के ई वे बिल का इस्तेमाल किया जाता था। पिछले कई सालों से यह काम किया जा रहा था। अगर इनवॉइस फर्जी कंपनी के नहीं होते तो सरकार को कई करोड़ का राजस्व प्राप्त होता। सूत्रों के अनुसार जिन कंपनियों को फर्जी कंपनियों के ई वे बिल पर कोयला बेचा गया है अब वह भी जांच के दायरे में आ सकते हैं। जमशेदपुर की डायरेक्टर जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलिजेंस (डीजीजीआई) की टीम धनबाद में कोयला कारोबारी सौरभ सिंघल और उनके पार्टनर शिवम सिंह समेत अन्य के ठिकानों पर जांच कर रही है। बताया जा रहा कि सौरभ सिंघल एंड टीम ने फर्जी कंपनियां बनाकर जीएसटी में करीब 400 करोड़ से अधिक की हेराफेरी की है। छापेमारी टीम ने धनबाद के धैया रोड के हवेली अपार्टमेंट के फ्लैट संख्या 303, 505 व 901 के साथ झरिया के लक्ष्मीनिया मोड़, राजा तालाब स्थित मां देवासर इंटर प्राइजेज, एमएस भगवती इंटरप्राइजेज, जय मां विंध्यवासिनी इंटरप्राइजेज और ट्रिनिटी फ्यूल में जाँच की है. वहीं मटकुरिया में एक, केंदुआडीह में दो और तपोवन कॉलोनी में एक जगह जांच हुई है। हवेली अपार्टमेंट के फ्लैट संख्या 303 और 901 सौरभ सिंघल तो 505 शिवम सिंह का बताया जाता है.

## केंद्रीय बजट से संयुक्त ट्रेड यूनियन नाराज, विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय

**जरंगडीह/बेरमो (आजाद सिपाही)।** जरंगडीह स्थित यूनाइटेड कोल वर्कस यूनियन (एटक) के कार्यालय में संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा की बैठक हुई। जिसमें इंटक, एटक, सीटू, एक्टू से संबद्ध यूनियनों के सदस्य शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता एटक के वरीय नेता चंद्र शेखर झा ने किया। इस दौराब सबसे पहले प्रयागराज के महाकुंभ में दर्जनों श्रद्धालुओं की भगदड़ में कुचल कर हुई मौत व इंटक वरीय नेता गिरिजा शंकर पाण्डेय के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। इसके बाद एटक नेता लखन लाल महतो ने कहा कि शनिवार को पेश केंद्रीय बजट 2025-26 आमजन, किसान और युवा विरोधी है। सरकार मजदूर विरोधी 4 श्रम संहिता को लागू करने पर आमादा है। यह श्रम संहिता मजदूरों के लिए फांसी जैसा है। इस बजट के खिलाफ 5 फरवरी को राष्ट्रव्यापी विरोध दिवस पालित किया जाएगा। वहीं, इंटक के अजय कुमार सिंह, एटक से सुजीत कुमार घोष एवं जवाहरलाल यादव, सीटू के भागीरथ शर्मा, श्याम बिहारी सिंह दिनकर, विजय कुमार भोई, एक्टू के भुनेश्वर केवट एवं विकास कुमार सिंह ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि केंद्रीय बजट के प्रतिवाद में पुतला दहन किया जायेगा। साथ ही फुसरो के पुराना बीडीओ आफिस से निर्मल महतो चौक तक जुलूस निकाला जायेगा।

# भविष्य को संवारने के लिए कौशल अति आवश्यक : मंत्री योगेंद्र प्रसाद

**कौशल विकास केंद्र के विद्यार्थियों से मिले मंत्री योगेंद्र प्रसाद**
**- विद्यार्थियों ने अपनी जरूरत से मंत्री जी को कराया अवगत**

आजाद सिपाही संवाददाता

1 राज्य के पेयजल, स्वच्छता, उत्पाद एवं मध निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद तेनुघाट स्थित कौशल विकास केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। जहां मंत्री जी का परंपरागत तरीके से स्वागत किया गया। इस दौरान कौशल विकास केंद्र के संचालक और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों ने अपनी विभिन्न मांगों और जरूरतों से मंत्री जी को अवगत कराया। सभी मांगों को गंभीरतापूर्वक सुनने के बाद मंत्री जी ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल सभी समस्याओं को दूर करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आज के समय में अपने भविष्य को संवारने के लिए कौशल अति आवश्यक है। सभी बच्चे कुशल बने और राज्य के विकास में अपना योगदान सुनिश्चित करें इस दिशा में सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। उधर, कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के क्रम में मंत्री योगेंद्र प्रसाद का पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय ग्रामीणों ने जगह-जगह पर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर अधिवक्ता रमेंद्र कुमार सिन्हा, सेंटर मैनेजर विकास शर्मा, कोऑर्डिनेटर राजेश चौधरी, प्रशिक्षक गण रोहित सिंह, सानू श्रीवास्तव, नियाज अहमद, सुधांशु सिंह, अर्चना कुमारी, नेहा सिंह, रीमा देवी मोनिका कुमारी, हेमा कुमारी, वीरेंद्र कुमार सिंह संजय यादव, मंटू यादव, अशोक यादव, सोनू पाण्डेय और रानी कुमारी आदि मौजूद थे।



## स्थापना दिवस के बहाने शक्ति प्रदर्शन की तैयारी में जुटा झामुमो

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद हरे रंग से पटने लगा है। तैयारी में जुटे नेता, समर्थक, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कल्पना सोरेन सहित कई मंत्री, विधायक व सांसद होंगे कार्यक्रम में शामिल होने वाले हैं। भारी बहुमत से राज्य की सत्ता में वापसी से उत्साहित झामुमो इस वर्ष स्थापना दिवस समारोह को यादगार बनाने में जुटी है। यूं कहें कि समारोह के बहाने झामुमो शक्ति प्रदर्शन करने की तैयारी में है। चार फरवरी को धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में झामुमो का स्थापना दिवस समारोह गोल्फ मैदान में आयोजित होगा। इसको लेकर शहर से लेकर गांव तक चहल-पहल तेज है। झामुमो पार्टी का 53 वां स्थापना दिवस को विशेष बनाने की तैयारी में है। गोल्फ ग्राउंड में बड़ा पंडाल बनाया जा रहा है। बांस का काम पूरा हो चुका है। मुख्य द्वार पर दुर्गा सोरेन की स्मृति में विशाल तोरणद्वार बनाया गया है। एलसी रोड से गोल्फ ग्राउंड जाने वाले मार्ग पर झामुमो जिलाध्यक्ष व सचिव तथा गोविंदपुर की तरफ से आने वाले सड़क में सरायढेला के पास दिवंगत नेता प्रभु महतो के नाम पर तोरणद्वार बनाया गया है। इसके अलावा शहर के विभिन्न चौक पर कई नेताओं ने अपने बड़े-बड़े बैनर व होर्डिंग लगवा रखा है। खबर है कि पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन का स्वास्थ्य अच्छा नहीं रहने के कारण इस बार शामिल नहीं हो पायेंगें।

## आरएसएस को तत्काल पूरे देश में बैन किया जाये : एनएसयूआइ

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने रविवार को देशभर में जिला स्तर पर आरएसएस 'बेन डे' मुहिम चालू की है। एनएसयूआई संगठन छात्रों के बीच जाकर गोष्टी करेंगे एवं पोस्टर जारी कर एवं सभी विश्वविद्यालय-कॉलेज की दीवारों, चौक-चौराहों पर पोस्टर चिपकाना शुरू किया। इसी कड़ी में रविवार को धनबाद परिसदन में भी मुहीम चालू की गई। संगठन के प्रदेश सचिव रवि पासवान ने कहा कि आरएसएस हमेशा से देश में धर्म और संप्रदाय के नाम पर देशवासियों को बांटने की कोशिश कर रहा है। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी, प्रदेश सचिव आकाश प्रमाणिक, धनबाद जिला सह प्रभारी प्रिया गुप्ता, राज रंजन सिंह, शाहिल अली, सन्नी सिंह, आयुष सिंह, जयप्रकाश यादव, रोशन कुमार, श्यूम खान, सैफ अंसारी, देवांश शर्मा, शाहबाज खान, अमन अंसारी, आहान खान, मोहम्मद अलीक, अभिषेक कुमार, हर्ष सिंह शहीद आदि मौजूद थे।



## महिलाओं-बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना पुलिस का प्राथमिक कर्तव्य : डीएसपी

धनबाद (आजाद सिपाही)। एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन के निर्देश पर रविवार को धनबाद पुलिस केंद्र में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। डीएसपी मुख्यालय 2 धीरेन्द्र नारायण बंका एवं डीएसपी सीसीआर सुमित कुमार ने प्रशिक्षण शिविर में शामिल अधिकारियों को कानून एवं अनुसंधान से जुड़ी बारिकियों को विस्तार से बताया। इसमें भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम एवं अनुसन्धान से जुड़ी बरिकियों को बताया गया। इसके अलावा महिलाओं के विरुद्ध अपराध, घरेलू हिंसा अधिनियम से जुड़े प्रमुख प्रावधान, चुनौतियां एवं समाधान, महिला हेल्प डेस्क के कार्य एवं दायित्व, उनसे संबंधित आदि कार्यों के बारे में जानकारी दी गई। डीएसपी ने बताया कि नये कानूनों में सूचना प्रौद्योगिकी के साथ ही फॉरेंसिक अनुसंधान पर विशेष बल दिया गया है। इन कानूनों में इ-रिकॉर्ड का प्रावधान है जिसके अंतर्गत जीरो एफआइआर, इ-एफआइआर और चार्जशीट को ऑनलाइन डिजिटल कर दिया गया है। इन नये कानूनों के तहत थाने से कोर्ट तक की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन की गई है। ताकि पीड़ित व्यक्ति को समय पर जल्द न्याय मिल सके। नए कानून के तहत न्याय प्रक्रिया की समय सीमा निर्धारित की गयी है और इलेक्ट्रॉनिक तरीके से शिकायत दायर करने के तीन दिन के भीतर एफआइआर दर्ज करने का प्रावधान है। साथ ही यौन उत्पीड़न के मामलों में 60 दिन के भीतर जांच रिपोर्ट देना अनिवार्य है। पुलिस पदाधिकारियों को इन सभी बातों का विशेष ध्यान रखते हुए अनुसन्धान करने, साक्ष्य संकलन करने, ससमय रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है। इस डीएसपी ने कहा कि महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों को रोकना और महिला व बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना पुलिस का प्राथमिक कर्तव्य है। इस कर्तव्य को पूरा करने के लिए सभी पुलिस अधिकारी और कर्मचारी गंभीरता से कार्य करें। डीएसपी ने कहा कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य सभी थानों को बाल व महिला अनुकूल बनाने के साथ ही बच्चों एवं महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े विभिन्न कानूनों एवं कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्रदान करना है।

## साइबर अपराध से निपटने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

# साइबर अपराध से बचाव के लिए जानकारी-जागरूकता ही सबसे बड़ा उपायः प्रकाश महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**कसमार/बेरमो।** साइबर अपराध के बढ़ने मामलों को ध्यान में रखते हुए स्वयंसेवी संस्था सहयोगिनी की ओर से जगह-जगह जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कसमार प्रखंड के टांगटोना एवं दुगार्पुर पंचायत में सहयोगिनी संस्था की ओर से ऑनलाइन के माध्यम से साइबर अपराध को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। सहयोगिनी की प्रशिक्षिका प्रतिमा सिंह ने कहा कि साइबर ठग लड़कियों-महिलाओं को विशेष कर भावनात्मक जाल में फंसा कर परेशान कर रहे हैं। साइबर अपराधी निजी जानकारी हासिल कर या कोई झूठे मामले का जिक्र कर ब्लैकमेल करते हैं। बताया गया कि कुछ माह से डिजिटल अरेस्ट के लिए अचानक एक फोन कॉल आता है, जिसमें कॉलर बताता है कि आपने अवैध सामान, ड्रग्स, अश्लील कार्य, नकली पासपोर्ट आदि भेजा था। आपको यह मिला है या अपने रिसीव किया है। कई बार लोगों को निशाना बनाने के लिए फोन कॉल रिश्तेदारों और दोस्तों को भी किया जाता है। साइबर अपराधी के इन तरीकों से सभी को बचाना है। विशेष कर महिलाएं-किशोरी सोशल मीडिया एवं स्मार्टफोन का उपयोग सावधानी पूर्वक करें। यदि किसी को इस तरह का कॉल आता है, या सोशल मीडिया के माध्यम से ब्लैकमेल करने का प्रयास किया जाता है, तो केंद्र सरकार के साइबर सेल एवं टोल फ्री नंबर 1930 पर फोन करें। स्थानीय पुलिस से भी जरूर मदद लें। वहीं, सहयोगिनी के समन्वयक प्रकाश कुमार महतो ने बताया कि साइबर अपराध से बचने के लिए जानकारी ही सबसे बड़ा बचाव है। साइबर अपराध के विभिन्न प्रारूप है, जिसमें साइबर स्टॉकिंग, बाल प्रोनोग्राफी, पासवर्ड, फिशिंग, फिरौती, ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी, हैकिंग, डिजिटल अरेस्ट जैसे मामले आम हो गए हैं। इस पर ग्रामीण क्षेत्र के लोग ज्यादा ठगे जा रहे हैं। इसलिए सहयोगिनी द्वारा कसमार प्रखंड के 30 गांव में महिला हिंसा सहित साइबर अपराध के खिलाफ महिलाओं-लड़कियों के बीच जन जागरूकता कार्य लगातार किया जा रहा है। कहा कि बाल प्रोनोग्राफी बहुत ही संगीन मामला है। कोई भी व्यक्ति अपने मोबाइल में बच्चों की अश्लील सामग्री नहीं रख सकता है, ना किसी को दिखा सकता है। यदि इस तरह का मामला आता है तो यह कानूनन अपराध है। इस मौके पर सहयोगिनी की रेखा देवी, संगीता देवी, विनीता देवी आदि उपस्थित थी।



साइबर अपराध को लेकर निकाली गयी जागरूकता रैली में शामिल लोग।

# कड़ी मेहनत से पढ़ाई करें, तो गरीबों के बच्चे भी पा सकते हैं सरकारी नौकरीः जलेश्वर महतो

**13वां जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान सह प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ समापन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** शाइनिंग स्टार ग्रुप की ओर से 13वां जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान सह प्रतिभा सम्मान समारोह रविवार को आयोजित हुआ। इसके सफल प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सह प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो ने किया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो के अलावा पूर्व जिप सदस्य संतोष कुमार महतो भी मौजूद रहे। जिन्हें संस्थान के संस्थापक सह एमजीएम पब्लिक स्कूल के प्रधानाध्यापक प्रेम महतो एवं संस्थान के सदस्यों ने शॉल ओढाकर स्वागत किया। वहीं, अतिथियों ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए टॉप प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लाने वाले को पूर्व जिप सदस्य की ओर साइकिल दिया गया। अपने संबोधन में विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि साइनिंग स्टार ग्रुप द्वारा लगातार आयोजित की जा रही प्रतियोगिताओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना सराहनीय कार्य है। यह प्रयास ना केवल बच्चों के बीच शिक्षा का महत्व बढ़ा रहा है, बल्कि उन्हें अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित भी कर रहा है। वहीं जलेश्वर महतो ने कहा कि इस समारोह के माध्यम से जो सम्मान और गौरव उन्हें मिल रहा है, वह यह संदेश देता है कि गरीब के बच्चे भी यदि ईमानदारी और कड़ी मेहनत से पढ़ाई करें, तो सरकारी नौकरी हासिल कर सकते हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे पौधों में पानी देने से उनकी हरियाली बढ़ती है, ठीक उसी तरह बच्चों को यदि माता-पिता का आशीर्वाद और सही मार्गदर्शन मिल जाए, तो उनमें पढ़ाई के प्रति एक जुनून और उत्साह बढ़ता है। कहा कि इस तरह के आयोजनों को बड़े स्तर पर आयोजित करने का प्रयास किया जाएगा, ताकि हमारे आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को भी इसका लाभ मिले और जहां अंधेरा है, वहां उजाला फैल सके। पूर्व जिप सदस्य ने कहा कि शिक्षा ही सफलता की कुंजी है। यह जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए सबसे मजबूत हथियार है। उन्होंने ग्रामीण बच्चों से अपील की कि वे अपनी मेहनत और समर्पण से शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करें, क्योंकि शिक्षा उन्हें आत्मनिर्भर बनाएगी और जीवन में उन्हें ऊंचाइयों तक पहुंचने का अवसर प्रदान करेगी।



बच्चों के बीच साइकिल का वितरण करते जलेश्वर महतो व अन्य।

# भारत-इंडोनेशिया का रिश्ता राम और बुद्ध का : पीएम

● वर्चुअली जकार्ता के महाकुंभभिषेकम में शामिल हुए

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज यानी रविवार को वर्चुअली इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में सनातन धर्म आलयम के महाकुंभभिषेकम कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो और प्रधानमंत्री जोको विडोडो भी मौजूद थे। पीएम मोदी ने इस दौरान कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मैं जकार्ता के मुरुगन मंदिर के महाकुंभभिषेकम जैसे कार्यक्रम का हिस्सा बन रहा हूं। राष्ट्रपति प्रबोवो की मौजूदगी ने इसे और खास बना दिया है। मैं फिजिकली भले ही जकार्ता से सैकड़ों किमी दूर हूं, पर मेरा मन इस आयोजन के उतने ही करीब है



जितना भारत इंडोनेशिया के आपसी रिश्ते। पीएम ने आगे कहा- भारत और इंडोनेशिया के रिश्ते सिर्फ जियोपोलिटिकल नहीं है। हम हजारों साल पुराने संस्कृति और इतिहास से जुड़े हैं। हमारे रिश्ते विरासत, ज्ञान, विश्वास और साझी आस्था , अध्यात्म का है। हमारा संबंध भगवान मुरुगन, भगवान राम और भगवान बुद्ध का है। भारत से इंडोनेशिया जाने वाला कोई इंसान जब प्रम्बानन मंदिर में हाथ जोड़ता है तो उसे काशी और केदार मंदिर जैसी ही आध्यात्मिक अनुभूति होती है। जब भारत के लोग इंडोनेशिया की काकावीन रामायण के बारे में सुनते हैं तो उनमें वाल्मीकि और कम्ब रामायण जैसी भावना जागती है।

**इस मंदिर के जरिये नया अध्याय जुड़ रहा**

भारतीय पीएम ने कहा कि भारत में इंडोनेशिया की रामलीला का मंचन होता है। बाली में जब हम 'होम स्वस्ति अस्ति' सुनते हैं तो भारत के वैदिक विद्वानों का स्वस्ति वाचन याद आता है। आपको यहां बोरोबुदुर स्तूप में बुद्ध की उन्हीं शिक्षाओं का अनुभव होता है, जिनका अनुभव हम सारनाथ करते हैं। ओड़िशा में आज भी बाली उत्सव को सेलिब्रेट किया जाता है। आज भी भारत के लोग जब हवाइ यात्रा के लिए गरुड़ इंडोनेशिया एयरलाइन में बैठते हैं तो उन्हें साझा संस्कृति का अनुभव होता है। जब प्रबोवो भारत आए थे तब हम दोनों ने इस साझी विरासत पर बात की। आज जकार्ता में भगवान मुरुगन के इस मंदिर के जरिये एक नया स्वर्णिम अध्याय जुड़ रहा है। यह हमारी मंदिर न सिर्फ आस्था का बल्कि सांस्कृतिक एकता केंद्र बनेगा।

**भारत और इंडोनेशिया मिलकर प्रम्बानन मंदिर का संरक्षण करेंगे**

मुझे बताया गया है कि इस मंदिर में मुरुगन के अलावा अन्य देवी देवताओं की भी स्थापना की गयी है। ये विविधता और बहुलता हमारी संस्कृति का आधार है। इंडोनेशिया में विविधता की इस परंपरा को 'भिन्नेका तुंगल इका' कहते हैं। भारत हम इसे विविधता में एकता कहते हैं। भारत और इंडोनेशिया में लोग एकता से रहते है। आज का यह पावन दिन हमें विविधता में एकता की प्रेरणा दे रहा है। हमारे सांस्कृतिक मूल्य, विरासत और धरोहर भारत और इंडोनेशिया के बीच पीपुल टू पीपुल कनेक्शन बड़ा रहे हैं। हमने साथ मिलकर प्रम्बानन मंदिर के संरक्षण का फैसला किया है। हमें ऐसे और कार्यक्रमों को बढ़ावा देना है। हमारा अतीत हमारे स्वर्णिम भविष्य का आधार बनेगा।

**गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि थे इंडोनेशिया के राष्ट्रपति**

इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो इस बार के गणतंत्र दिवस समारोह में भारत के मुख्य अतिथि थे। प्रबोवो ने इस यात्रा पर भारत के साथ डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग, समुद्री सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, फिनटेक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसे कई मुद्दों पर समझौते किये।

# सुभद्रा योजना की चौथी किस्त 8 फरवरी को मिलेगीः उपमुख्यमंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** सुभद्रा रुपये की चौथी किस्त 8 फरवरी को मिलेगी। इसकी शुभारंभ जाजपुर से की जायेगी। तीन और चार तारीख को आप बैंक जाकर एनपीसीआइ चेक कर सकते हैं। अगर आपकी कोई छोटी-मोटी दिक्कत या समस्या है तो आप बैंक जाकर उसका समाधान कर सकते हैं। इस चरण में 20 लाख लाभार्थियों को सुभद्रा रुपये मिलने की जानकारी उपमुख्यमंत्री ने दी है। उपमुख्यमंत्री प्रभाती परिडा ने कहा कि चौथे चरण में लाभार्थियों की संख्या 1 करोड़ से अधिक हो सकती है। ढाई लाख लाभार्थियों में अभी भी एनपीसीआइ की समस्या है। एक लाख से ज्यादा महिलाओं को इ-केवाइसी की समस्या है। यदि 8 तारीख से पहले इसका समाधान हो जाये तो चौथे चरण में सुभद्रा में शामिल हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि अगर 'सुभद्रा' इस साल 30 मार्च तक भी आवेदन करती हैं तो आवेदक महिला को 2024 में शेष 2 किश्तें मिलेंगी। पंजीकरण तब तक जारी रहेगा जब तक गांव का अंतिम पात्र लाभार्थी आवेदन जमा नहीं कर देता। पहली किस्त मिलने की आखिरी तारीख 8 मार्च थी, लेकिन अगर आप 30 मार्च के बाद आवेदन करते हैं तो आपको पहली किस्त मिलेगी। इसके लिए बैंकों के साथ बैठक हो चुकी है।

## मोबाइल की बैटरी फटने से 2 बच्चे घायल

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही )।** मोबाइल की बैटरी फटने से 2 बच्चे घायल। ऐसी ही एक घटना देखने को मिली पाटनागड़ पाढेल गांव में मोबाइल पर गेम खेलते समय मोबाइल की बैटरी फटने से 2 बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गये।दोनों को बलांगीर के भीमभाई मेडिकल में स्थानांतरित कर दिया गया है।

## स्कूल में सरस्वती पूजा के दौरान मधुमक्खियों का हमला, 15 छात्र घायल

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही )।** कालाहांडी जिले के भवानीपटना दुआरसनी के एक निजी स्कूल में सरस्वती पूजा चल रही थी तभी अचानक मधुमक्खी ने हमला कर दिया जिस में 15 से अधिक छात्रों घायल हो गये। उन्हें भवानीपटना जिला मुख्य अस्पताल में भर्ती कराया गया। स्वास्थ्य स्थिति में सुधार होने के बाद सभी को अपने-अपने घर भेज दिया गया है




## भक्तकवि मधुसूदन राव की जयंती पर बरनबोध के नये संस्करण और डिजिटल प्रति का सीएम ने किया अनावरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन माझी ने भक्तकवि मधुसूदन राव की जयंती के अवसर पर बरनबोध के नए और सचित्र संस्करण और डिजिटल प्रति का अनावरण किया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, ऐसे समय में जब ओड़िशा और ओडिया भाषा अपनी स्थिरता और राष्ट्रीयता के लिए संघर्ष कर रहे थे, भक्तकवि मधुसूदन ने छबीला मधु वर्णबोध पुस्तक प्रकाशित करके हमारे राज्य का गौरव वापस लाया। माझी ने कहा कि पंचमींद के पावन अवसर और भक्तकवि मधुसूदन राव की जयंती पर उनके बरनबोध को नये रूप में प्रकाशित करना भक्तकवि को ओड़िया लोगों की ओर से सर्वश्रेष्ठ श्रद्धांजलि है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने इस वर्ष बरनबोध पुस्तक की 10,000 प्रतियां छापने का लक्ष्य रखा है। मुख्यमंत्री ने कहा, ओड़िया भाषा के मूल स्वरूप को लोगों में स्थापित करने के लिए बरनोबोध पुस्तक लिखी गयी है। इसके लेखक भक्तकवि मधुसूदन राव ने इस पुस्तक में बच्चों को सरल तरीके से अक्षर, व्यंजन, शब्द, शब्द निर्माण और वाक्य निर्माण कैसे सिखाया जाए, इसका शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि बरनोबोध की भाषा बहुत सरल और सहज है। पशु, पक्षी, सुबह, शाम और आसपास के दृश्य जैसे सरल उदाहरण देकर भक्तकवि ने कोमल मन को आकर्षित किया। यह पुस्तक बहुत ही कम समय में हर ओड़िया परिवार का हिस्सा बन गयी। पुस्तक पहली बार 1895 में प्रकाशित हुई थी।

उन्होंने आगे कहा, ओड़िया भाषा को समझने के लिए बरनोबोध पुस्तक का कोई विकल्प नहीं है। हमारी आधुनिक प्राथमिक शिक्षा प्रणाली 'आनंदपूर्ण शिक्षण और अधिगम' को लागू कर रही है। इसका उद्देश्य यह है कि बच्चों को चित्रों, खिलौनों और उदाहरणों के माध्यम से पढ़ाने से बेहतर समझ मिलेगी। दरअसल, भक्तकवि मधुसूदन राव इस शिक्षा के जनक थे। उन्होंने सरल भाषा और छोटे छंदों के माध्यम से शिक्षण को समझने योग्य बनाया। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की कि बरनोबोधा पुस्तक का नया और सचित्र संस्करण बच्चों के बीच बहुत लोकप्रिय होगा और इससे उन्हें आसानी से ओड़िया भाषा सीखने में मदद मिलेगी। भुवनेश्वर के कृषि भवन में आयोजित विशेष कार्यक्रम में ओडिशा की उपमुख्यमंत्री प्रावती परिदा, भुवनेश्वर एकाम्र के विधायक बाबू सिंह, ओड़िया भाषा, साहित्य और संस्कृति विभाग के प्रधान सचिव संजीव कुमार मिश्रा सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

## वनडे मैच के लिए ऑनलाइन टिकट बिक्री शुरू



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** कटक बारबाटी स्टेडियम में भारत-इंग्लैंड एकदिवसीय मैच के लिए टिकट उपलब्ध हैं। दर्शक ऑनलाइन में टिकट बुक कर सकते हैं। इसकी जानकारी ओसीए ने दी है। ओसीए कुल 4,000 टिकट ऑनलाइन बेचने के लिए तैयार है। गैलरी नंबर 2 के लिए 1070 टिकट, गैलरी नंबर 4 के लिए 1080, गैलरी नंबर 7 के लिए 1500, स्पेशल एनक्लोजर के लिए 200, एसी बॉक्स के लिए 50 और और न्यू पवेलियन के लिए 100 टिकट हैं। इच्छुक क्रिकेट प्रेमी 9 फरवरी को खेले जाने वाले मैच के लिए टिकट बुक कर सकते हैं। टिकट जोमैटो के डिस्ट्रिक्ट ऐप या इसकी वेबसाइट पर ऑनलाइन बेचे जा रहे हैं। भारत-इंग्लैंड वनडे सीरीज का दूसरा मैच 9 तारीख को बारबाटी क्रिकेट स्टेडियम में खेला जायेगा।

### ऑनलाइन टिकट ऐसे बुक करें

1. गूगल प्ले स्टोर या एप्पल ऐप स्टोर से डिस्ट्रिक्ट ऐप डाउनलोड करें या डिस्ट्रिक्ट इन वेबसाइट पर जायें, 2. बारबाटी मैच बैनर पर क्लिक करें। 3. बुक टिकट बटन पर क्लिक करें। 4. आभासी क्यू में प्रवेश करें। 5. बाय नाओ अनुभाग में अपना पसंदीदा स्टैंड और टिकटों की संख्या (अधिकतम 2) चुनें। 6. वढक नेट बैंकिंग या अंतर्राष्ट्रीय क्रेडिट कार्ड का उपयोग करके 10 मिनट के भीतर भुगतान पूरा करें। 7. भुगतान के बाद, आपको टिकट मोचन के लिए एक क्यूआर कोड सहित ऐप और ईमेल के माध्यम से पुष्टि प्राप्त होगी। 8. सात से 9 फरवरी तक कैंब्रिज स्कूल, कटक या किट यूनिवर्सिटी, भुवनेश्वर में निर्दिष्ट काउंटरों से टिकट प्राप्त करें।




## एक करोड़ का 18 टन तंबाकू पत्ता जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा की राजधानी भुवनेश्वर में शनिवार को 18 टन तंबाकू के पत्ते जब्त किये गये, जिनकी कीमत 1 करोड़ रुपये है। सीटी-जीएसटी विभाग ने तंबाकू के पत्तों का बड़ा जखीरा जब्त किया, जिसे आंध्र प्रदेश से ओडिशा के रास्ते पटना तस्करी के लिए लाया जा रहा था। जानकारी के अनुसार, भारी मात्रा में तंबाकू के पत्तों के अवैध परिवहन के बारे में पुख्ता सूत्रों से सूचना मिलने के बाद सीटी-जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने उक्त ट्रक को पकड़ लिया। जब ट्रक की तलाशी ली गयी तो उसमें भारी मात्रा में तंबाकू के पत्ते बरामद हुए।

सीटी-जीएसटी विभाग ने तम्बाकू के पत्तों से भरे ट्रक को जब्त कर लिया। बाद में पता चला कि करीब 18 टन तंबाकू के पत्तों को अवैध रूप से आंध्र प्रदेश से ओड़िशा के रास्ते पटना लाया जा रहा था। पता चला है कि जब्त किये गये तंबाकू पत्तों की अनुमानित कीमत लगभग एक करोड़ रुपये है। ट्रक के ड्राइवर और खलासी को हिरासत में ले लिया गया है। मामले की आगे की जांच जारी है।

## ऑनलाइन सट्टा खेल रहे पांच युवक गिरफ्तार, 18 मोबाइल, 3 लैपटॉप समेत कई सामान जब्त

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही )।** कांटाबांजी ऑनलाइन बेटिंग गेम खेलने के आरोप में 5 गिरफ्तार। कांटाबांजी पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. उनके पास से 18 मोबाइल, 3 लैपटॉप और कई सामान जब्त किये गये। गिरफ्तार किये गये लोगों में से तीन राज्य के बाहर के हैं, जबकि दो स्थानीय इलाके के हैं। पुलिस ने किराये के मकान में छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की जांच कर रही है। यह खेल कांटाबांजी शहर सहित बाहरी राज्यों में खेला जाता था।










## एमसीएल ने 2 मार्च को होने वाली कोल इंडिया हाफ मैराथन के लिए लोगो का अनावरण किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**संबलपुर।** ओड़िशा के खेल अभियान में योगदान देने के प्रयास में महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने भुवनेश्वर में आयोजित एक कार्यक्रम में उद्घाटन कोल इंडिया भुवनेश्वर हाफ मैराथन के लिए आधिकारिक लोगो और रेस शर्ट का अनावरण किया। 2 मार्च, 2025 को होने वाला यह कार्यक्रम ऊर्जा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी कोल इंडिया के स्वर्ण जयंती समारोह का मुख्य आकर्षण है। यह कदम, फिटनेस और सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा देने के लिए एमसीएल की व्यापक पहल का एक हिस्सा है, जो क्षेत्र में खेल की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। 2 मार्च, 2025 को प्रतिष्ठित कलिंगा स्टेडियम में होने वाली मैराथन से पहले भुवनेश्वर में आयोजित अनावरण समारोह में एमसीएल के निदेशक (कार्मिक) केशव राव, कोयला कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों और अन्य प्रमुख हस्तियों ने भाग लिया, जिन्होंने एमसीएल के प्रयासों की सराहना की। राव ने कहा, हाफ मैराथन ओड़िशा में लंबी दूरी की दौड़ और स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देने में एक मील का पत्थर है। आधिकारिक रेस शर्ट और लोगो न केवल हमारे आयोजन की भावना का प्रतीक है, बल्कि सामुदायिक विकास और खेल उत्कृष्टता के लिए हमारी प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है। एमसीएल की कोल इंडिया भुवनेश्वर हाफ-मैराथन इस क्षेत्र में अपनी तरह की सबसे बड़ी घटनाओं में से एक है, जिसमें कुल 45.34 लाख रुपये की पुरस्कार राशि है। एआइएमसी प्रमाणित कार्यक्रम के रूप में, यह धावकों को प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय दौड़ के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए अपने आधिकारिक समय का उपयोग करने की अनुमति देगा। प्रतिभागी कई तरह के कार्यक्रमों में से चुन सकते हैं, जिसमें 1.5 किलोमीटर की फन रन (बच्चों, परिवारों और वरिष्ठ नागरिकों का स्वागत), 5 किलोमीटर और 10 किलोमीटर की समयबद्ध दौड़, साथ ही 21 किलोमीटर की हाफ-मैराथन शामिल है। कोल इंडिया भुवनेश्वर हाफ-मैराथन में प्रतिस्पर्धी धावकों और फिटनेस के प्रति उत्साही लोगों के एक विविध समूह के आकर्षित होने की उम्मीद है। कलिंगा स्टेडियम में कार्यक्रम की मेजबानी से भुवनेश्वर को एथलेटिक उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में और भी उभारा जा सकेगा।




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**